✶ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✶ रजि. नंबर : 52290/90 ✶ वर्ष : 36 ✶ अंक : 99 ✶ पृष्ठ : 12 ✶ औरंगाबाद, गुरुवार, 4 सितंबर 2025 ✶ मूल्य : 3.00 रुपये ✶ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✶ www.navbihartime.com



गयाजी स्थित विष्णुपद मंदिर में पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

### मुख्यमंत्री ने 899 करोड़ की लागत से दस योजनाओं का किया शिलान्यास

# पितृपक्ष मेला क्षेत्र में चप्पे-चप्पे पर हो पुलिस बल की तैनाती : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला की तैयारी को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गया जी पहुंचे। सर्वप्रथम उन्होंने विष्णुपद मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना किया। पूजा अर्चना के बाद सीएम नीतीश कुमार पितृपक्ष मेला की जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों का जायजा लिया। मेला क्षेत्र के देवघाट और विष्णु पथ समेत अन्य पिंडवेदियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने संबंधित अधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच सीएम नीतीश कुमार समाहरणालय पहुंचे। यहां उन्होंने जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों के साथ बैठक कर पितृपक्ष मेला की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में सीएम नीतीश कुमार ने सभी तैयारियों का बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि देश के विभिन्न प्रदेशों से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने सभी बुनियादी सुविधाएं ससमय पूरा करने का निर्देश भी दिए। समाहरणालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद सीएम नीतीश कुमार चाकंद हाई स्कूल पहुंचे। यहां उन्होंने विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। सीएम नीतीश



कुमार के आने से पहले मेला क्षेत्रों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। विष्णुपद, देवघाट, चांद चौरा और समाहरणालय के सभी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहे। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा, पर्यटन मंत्री समेत कई जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज गया जी में पितृपक्ष मेला की समीक्षा बैठक के बाद चांकद हाई स्कूल में 899 करोड़ 46 लाख की लागत से कुल 10 योजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें 349 करोड़ 22 लाख की लागत से मुफस्सिल मोड़ पर फ्लाईओवर का निर्माण, 119 करोड़ 74 लाख की लागत से इमामगंज प्रखंड के कोठी से सलैया पथ का निर्माण, 104 करोड़ 72 लाख की लागत से गया-परैया-गुरुआ होते हुए औरंगाबाद-रफीगंज को जोड़ने वाले पथ का चौड़ीकरण, 90 करोड़ 16 लाख की लागत से गया-मानपुर रेलखंड पर अवस्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या 71 ए बागेश्वरी गुमटी पर आरओबी का निर्माण, 77 करोड़ 60 लाख की लागत से बतसपुर वियर योजना अंतर्गत मोराटाल मुख्य पईन का चौड़ीकरण, 58 करोड़ 54 लाख की लागत से नगर प्रखंड के बेलथु गांव में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का निर्माण, 39 करोड़ 82 लाख की लागत से गया जिले के बेला पनारी रोड से अग्नि, शिवरामपुर होते हुए धनावां शाकिरा बिगहा तक सड़क का चौड़ीकरण, 19 करोड़ 89 लाख की लागत से कंडी नवादा पार्क एवं 21 करोड़ 81 लाख की लागत से सिलौंजा पार्क के विकास कार्य, 14 करोड़ 52 लाख की लागत से इमामगंज प्रखंड में डिग्री कॉलेज और **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

## जूते-चप्पल और परिधानों पर घट सकती है जीएसटी

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** जीएसटी परिषद 2,500 रुपये तक के जूते और परिधानों पर जीएसटी दर घटाकर पांच प्रतिशत करने को मंजूरी दे सकती है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। वर्तमान में एक हजार रुपये तक के जूते और परिधानों पर 5 प्रतिशत कर लगता है। इस सीमा से अधिक पर 12 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगता है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई 56वीं जीएसटी परिषद की बैठक में राज्य के वित्त मंत्रियों की उपस्थिति में 5 प्रतिशत स्लैब में जूते और परिधान के लिए सीमा को 1,000 रुपये प्रति पीस से बढ़ाकर 2,500 रुपये प्रति पीस करने का निर्णय लिया गया। जीएसटी परिषद ने बुधवार को 12 और 28 प्रतिशत के स्लैब को समाप्त करने तथा अधिकांश वस्तुओं को इन स्लैब से हटाकर क्रमशः 5 और 18 प्रतिशत के स्लैब में लाने का निर्णय लिया गया है।

## नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**मसौढी(पटना)।** धनरूआ एवं पुनपुन थाना क्षेत्र में बुधवार की दोपहर दो अलग-अलग जगहों पर स्नान करने के दौरान दो बच्चों की डूबने से मौत हो गयी। पहला मामला धनरूआ थाना क्षेत्र के मोरियावां पंचायत के राष्ट्रनगर राढा गांव की है जहां पर गांव के दक्षिण पोखर के पास करमा पूजा के लिए झार लाने और स्नान करने के दौरान अनुज कुमार के 15 वर्षीय पुत्र पवन कुमार की डूबने से मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना पुनपुन थाना क्षेत्र के मरांची गांव की है जहां पर छठी कक्षा में पढ़ने वाले छात्र राजकुमार स्कूल से घर लौटते वक्त रास्ते में अपने दोस्तों के साथ तालाब में स्नान करने लगा जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। हालांकि अभी तक उसका शव बरामद नहीं हो सका है। पुलिस शव की तलाश कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि एसडीआरएफ द्वारा शव की तलाश की जा रही है।

# रोहतास में जन सुराज पार्टी को लगा झटका


### प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. शैलेश कुमार सागर ने पार्टी से क्षुब्ध होकर दिया त्याग पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जन सुराज पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह डिहरी के प्रखंड प्रभारी डा शैलेश कुमार सागर ने पार्टी से क्षुब्ध होकर सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह, प्रदेश चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष किशोर कुमार, रोहतास जिलाध्यक्ष हीरालाल कुशवाहा, जिला महासचिव अतेंद्र सिंह तथा प्रदेश अध्यक्ष को भेजे त्याग पत्र में उन्होंने कहा है कि मैं चेनारी विधानसभा में संभावित प्रत्याशी के रूप में आवेदन भी किया हूं। उन्होंने कहा कि पार्टी में मेरे द्वारा पूर्व में किए गए कामों का कोई महत्व नहीं है। जब पार्टी की नींव रखी गई थी तबसे खून पसीना एक कर के काम किया और काम करते हुए बीमार हुआ लेकिन न तो आपका जिला संगठन



और न जेएसपीटी टीम और न चुनाव अभियान समिति ने इस बात को गंभीरता से लिया। उन्होंने उल्टे मेरी छवि खराब करते हुए शीर्ष नेतृत्व को मेरे विरुद्ध लिखने और रिपोर्ट सौंपने का काम किया और जातिगत भेदभाव का शिकार भी हुआ। चूंकि मैं रजवार जाति से हूं जो बिहार में सबसे पिछले पायदान पर खड़ा है जबकि मैंने अपनी सारी वस्तु स्थिति पार्टी में रखने का काम किया। डॉ सागर ने कहा कि पूर्व में किए गए कार्यों का कोई मूल्यांकन और आकलन नहीं किये जाने के कारण मन बहुत व्यथित है और इस कारण मैंने पार्टी से आज खुद को अलग करने का फैसला किया है।



# बिहार भाजपा कोर कमिटी की बैठक में सीट बंटवारे पर चर्चा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने आज दिल्ली में बिहार भाजपा कोर कमिटी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। सूत्रों की माने तो इस बैठक का मुख्य उद्देश्य बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देना और रणनीति पर विचार-विमर्श करना था। सूत्रों की माने तो बैठक में चुनावी रणनीति और सीट बंटवारे पर चर्चा की गई। बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में श्री शाह और श्री नड्डा ने एनडीए के घटक दलों जनता दल यूनाइटेड, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा जैसी पार्टियों को दी जाने वाली सीटों पर पार्टी ने कोर ग्रुप के नेताओं से चर्चा की। साथ ही पार्टी सूत्रों के मुताबिक पार्टी द्वारा करवाए गए सर्वे के आधार पर 243 विधानसभा सीटों पर भाजपा और सहयोगी दलों की स्थिति का आकलन किया गया। पार्टी सूत्रों की माने तो चुनाव के मुख्य मुद्दे, एंटी-इनकंबेंसी से संबंधित मुद्दे और सर्वे रिपोर्ट के आधार पर कमजोर और मजबूत क्षेत्रों की गई पहचान वाली सीट और कुछ विधायकों के टिकट काटने पर विचार किया गया। इसके अलावा हाल ही में इंडिया गठबंधन की 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के खिलाफ कथित अपशब्दों के मुद्दे पर भी चर्चा हुई।

# खेल प्रतिभाओं को निखारने को प्रतिबद्ध बी. डी. कॉलेज : प्रो. रत्ना अमृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के तत्वावधान में बी. डी. कॉलेज, पटना ने अंतर-महाविद्यालय मुक्केबाजी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। प्रतियोगिता का संचालन महाविद्यालय के खेल प्रभारी डॉ. अशोक कुमार साव के नेतृत्व में हुआ। आयोजन समिति में प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के साथ डॉ. अमित कुमार (अर्थ अधिकारी), डॉ. रवि कुमार, डॉ. मनीषा प्रियंबदा, डॉ. नीतू तिवारी, डॉ. वीरेंद्र मंडल तथा एन. सी. सी. प्रभारी राहुल कुमार सिंह सक्रिय रूप से शामिल रहे। प्रतियोगिता में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय से जुड़े 8 महाविद्यालयों के कुल 17 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। रोमांचक मुकाबलों के बाद आर. के. डी. कॉलेज ने चार स्वर्ण पदक जीतकर चैंपियन का खिताब हासिल किया। समापन अवसर पर बी. डी. कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए क्योंकि यह न केवल सम्मान, सहयोग और निष्पक्षता जैसे व्यक्तिगत मूल्यों को विकसित करता है बल्कि जीवन में सफलता के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र और पदक प्रदान किए तथा आगामी अखिल भारतीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।



# पूरे भारत में तेजी से लोकप्रिय हो रहे बिहार खादी के उत्पाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से बिहार खादी के उत्पाद अब पूरे भारत के विभिन्न हिस्सों में उपलब्ध है। इस प्लेटफार्म के माध्यम से खादी उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री में एक महत्वपूर्ण बढ़ोतरी देखी जा रही है और खासकर साउथ क्षेत्र में इनकी बिक्री ने नई ऊंचाइयों को छुआ है।

इस संबंध में बिहार खादी के ई-कॉमर्स की टीम के मो. अफजल आलम ने बताया कि बिहार खादी उत्पादों की बिक्री में दक्षिण क्षेत्र का योगदान सबसे अधिक रहा है जिसमें कुल बिक्री का 34% हिस्सा रहा। इस क्षेत्र में तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटका और केरल के लोग प्रमुख रूप से खादी उत्पादों को ऑनलाइन खरीद रहे हैं और इस क्षेत्र में खादी के प्रति रुचि बढ़ी है। दक्षिण क्षेत्र के बाद उत्तर क्षेत्र में बिक्री का 28% योगदान रहा है। इसमें बिहार और उत्तर प्रदेश प्रमुख रहे जहां खादी उत्पादों की मांग अधिक रही।

वहीं पूर्व क्षेत्र में बिक्री का 10% हिस्सा रहा जहां पश्चिम बंगाल सबसे प्रमुख राज्य रहा और पश्चिम क्षेत्र में 15% बिक्री रही जिसमें महाराष्ट्र ने सबसे अधिक योगदान दिया।

बिहारी गमछा और सिल्क साड़ियां जैसे प्रमुख खादी उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री ने दक्षिण भारत में जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की है। अब लोग तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक और केरल में इन उत्पादों को ऑनलाइन खरीद रहे हैं जिससे खादी के प्रति उनकी रुचि और विश्वास बढ़ रहा है।

राज्य सरकार के खादी के प्रति निरंतर प्रचार ने खादी उत्पादों की मांग में बढ़ोतरी की है। खादी के प्रचार-प्रसार के प्रयासों ने यह सुनिश्चित किया है कि लोग अब पारंपरिक खादी वस्त्रों को अधिक महत्व दे रहे हैं और उन्हें अपनी जीवनशैली में शामिल कर रहे हैं।

# राज्य स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 की तैयारियों के तहत राज्य स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को विभागीय सभागार, पटना में संपन्न हुआ। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण के दूसरे और अंतिम दिन मास्टर प्रशिक्षकों को पेड न्यूज, मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी), आदर्श आचार संहिता, मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप), सूचना प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग, नामांकन, संवीक्षा, प्रत्याशीता वापसी, इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड डाक मतपत्र प्रबंधन प्रणाली (ईटीपीबीएमएस), मतदान दिवस, मतगणना तथा परिणाम घोषणा जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रथम सत्र में धीरज कुमार (राष्ट्रीय स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक) ने ईवीएम और वीवीपैट के संचालन एवं प्रक्रियाओं की जानकारी दी। दूसरे सत्र में कपिल शर्मा (राष्ट्रीय स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक) ने पेड न्यूज, एमसीएमसी तथा मीडिया शिकायतों के समाधान पर प्रशिक्षण दिया। तीसरे सत्र में अशोक प्रियदर्शी (राष्ट्रीय स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक) ने आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों और व्यवहारिक अनुपालन पर चर्चा की। अंतिम सत्र में कपिल शर्मा ने मतदाता जागरूकता और स्वीप गतिविधियों पर मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण के दौरान उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रत्नांबर निलय, उप निर्वाचन पदाधिकारी निवेदिता सिन्हा तथा राज्य स्तरीय सहायक मनीष कुमार ने प्रतिभागियों को समझाया कि इन विषयों का गहन अध्ययन और सही क्रियान्वयन ही आगामी चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण बनाने में सहायक होगा। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने आश्वस्त किया कि प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग कर वे चुनाव प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाएंगे।

# पैक्स की सदस्यता अब ऑनलाइन मिल सकेगी : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में प्राथमिक कृषि साख सहयोग समितियों (पैक्स) की सदस्यता के लिए अब ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। सहकारिता विभाग ने इस सुविधा को शुरू करते हुए कहा है कि इच्छुक व्यक्ति विभाग की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। सहकारिता विभाग के मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि राज्य में पैक्स की ऑनलाइन सदस्यता प्रणाली सहकारिता आंदोलन को नई ऊंचाई देने वाली है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति अपने पंचायत स्तर पर गठित पैक्स का सदस्य आसानी से बन सकता है। उन्होंने आम नागरिकों से पंचायत स्तर पर पैक्स की सदस्यता लेने की अपील की।




पैक्स की सदस्यता के लिए आवेदक की उम्र 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए और वह किसी अन्य पैक्स का सदस्य नहीं होना चाहिए। आवेदन के साथ पहचान पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, फोटो, हस्ताक्षर और दो वर्तमान सदस्यों की अनुशंसा जरूरी है। ऑनलाइन आवेदन की प्रति को संबंधित पैक्स की प्रबंध समिति को देना होगा। समिति के निर्णय के बाद सदस्यता की स्वीकृति की सूचना आवेदक को उसके पंजीकृत मोबाइल पर मिलेगी। प्रवेश शुल्क और शेयर राशि के रूप में 11 रुपये जमा करने के बाद व्यक्ति पैक्स का सदस्य बन जाएगा। वर्तमान में राज्य में 8,463 पैक्स पंचायत स्तर पर कार्यरत हैं। पैक्स का मुख्य कार्य कृषकों को कृषि आदान उपलब्ध कराना, भंडारण और विपणन की सुविधा देना है। विशेषज्ञों का मानना है कि ज्यादा से ज्यादा लोग पैक्स से जुड़ेंगे तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# दिल्ली में हिंदुस्तानी आवामी मोर्चा का राष्ट्रीय अधिवेशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) का राष्ट्रीय अधिवेशन गुरुवार यानी 4 सितंबर 2025 को राजधानी दिल्ली के कॉन्सटीट्यूशन क्लब में आयोजित होगा। इस अधिवेशन में पार्टी के संरक्षक, पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सुमन, सभी विधायक, प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी तथा देशभर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्याम सुंदर शरण ने जानकारी देते हुए बताया कि यह



अधिवेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सुमन के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। अधिवेशन का शुभारंभ सुबह 11 बजे होगा। उन्होंने कहा कि यह अधिवेशन पार्टी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें बिहार चुनाव की रणनीति सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी।

# इलेक्ट्रोस्टील जल सेवक सम्मान ने जल संरक्षण में बदलाव लाने वालों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इलेक्ट्रोस्टील कास्टिंग्स लिमिटेड ने अपने बहुप्रतीक्षित पुरस्कार समारोह के तीसरे संस्करण, इलेक्ट्रोस्टील जल सेवक सम्मान 2025 का आयोजन किया। यह पुरस्कार उन व्यक्तियों और संस्थानों को मान्यता देता है जो जल संरक्षण के क्षेत्र में प्रभावशाली बदलाव ला रहे हैं। व्यक्तिगत श्रेणी में जल सेवक सम्मान 2025 पश्चिम बंगाल की लीलाबती महता को प्रदान किया गया जिन्होंने झारग्राम में तालाब-आधारित जल एवं मृदा संरक्षण की जमीनी पहल का नेतृत्व किया। झारखंड के जेम्स हेरेंज को पारंपरिक जल निकायों को



पुनर्जीवित करने और आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने के उनके समर्पित प्रयासों के लिए उपविजेता के रूप में मान्यता दी गई। संगठन श्रेणी में यह पुरस्कार बिहार के एनजीओ आपका अंचल को प्रदान किया गया जिसने स्थायी गांव-स्तरीय जल मॉडल बनाने में अग्रणी प्रयास किए। उपविजेता की मान्यता ओडिशा की एसोसिएशन फॉर डेवलपमेंट एंड रिसर्च इन सोशियो-इकोनॉमिक एक्टिविटीज़ (आदर्शा) को इसके समेकित जलग्रहण प्रबंधन कार्यक्रमों के लिए दी गई। आजीवन उपलब्धि पुरस्कार झारखंड के साइमन उरांव को प्रदान किया गया जिन्हें ''झारखंड के जलपुरुष'' के रूप में जाना जाता है। सुनील कटियाल, पूर्णकालिक निदेशक एवं सीईओ, इलेक्ट्रोस्टील कास्टिंग्स लिमिटेड ने कहा, ''इस वर्ष के विजेता हमारे इस विश्वास की पुनः पुष्टि करते हैं कि समुदाय-नेतृत्व वाली कार्रवाई, वैज्ञानिक नवाचार, सामूहिक प्रयास और उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्धता ही जल-सुरक्षित भविष्य की सच्ची राह हैं। विजेताओं को 68 नामांकनों में से चुना गया, जिनका चयन प्रतिष्ठित जूरी पैनल ने किया। इसमें शामिल थे डॉ. धृति बनर्जी (निदेशक, प्राणी सर्वेक्षण भारत), डॉ. कल्याण रुद्र (अध्यक्ष, पश्चिम बंगाल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड), श्री सौमेन मित्रा, आईपीएस (सेवानिवृत्त) और सुनील कटियाल।

# मां का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान: मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्व. माताश्री का अपमान हिंदुस्तान की जनता कभी सहन नहीं करेगी। मां के अपमान के विरोध में गुरुवार को आहुत आधे दिन के बिहार बंद से विरोध का स्वर और मुखर होगा। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के मंच से जिस तरह से प्रधानमंत्री की मां को गाली दी गई, उससे केवल बिहार ही नहीं पूरे देश की मांएं अपमानित हुई हैं। देवी दुर्गा के मातृस्वरूप की उपासना करने वाला यह देश सबकुछ बर्दाश्त कर सकता है, मगर एक मां का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि छठी मैया में अगाध आस्था रखने वाला बिहार की छह करोड़ से ज्यादा महिलाएं महागठबंधन की करतूतों को माफ करने के लिए तैयार नहीं हैं। उनके अंदर अपमान की पीड़ा के साथ गुस्सा भी उबल रहा है। समय आने पर वे निंदनीय हरकत करने वालों को जरूर सबक सिखाएंगी। जिस महागठबंधन के मंच से एक स्वर्गीय हो चुकी माँ को अपमानित करने का काम हुआ, उनके शीर्ष नेताओं की ओर से चुप्पी साधना निंदनीय व दुर्भाग्यपूर्ण सोच को दर्शाता है।

# राजगीर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम अब बीसीए के अधीन

## खिलाड़ियों और कोचों ने जताया आभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) के खिलाड़ी, कोच, खेलकर्मी और पदाधिकारी बुधवार को बड़ी संख्या में पटना में जुटे और प्रेस वार्ता कर राज्य सरकार के फैसले के प्रति आभार व्यक्त किया। हाल ही में लिए गए इस निर्णय के तहत राजगीर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बीसीए को सौंपा गया है। अब केवल औपचारिक प्रक्रिया पूरी होना बाकी है। रणजी खिलाड़ियों ने कहा कि इस फैसले से बिहार क्रिकेट को नई पहचान मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं और आधुनिक ढांचे के चलते खिलाड़ियों की तैयारी और मजबूत होगी तथा उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। उनका मानना है कि अब बिहार के खिलाड़ी बड़े मुकाबलों के दबाव को झेलने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अच्छा प्रदर्शन करने में अधिक सक्षम हो सकेंगे। कोचों ने बताया कि विश्वस्तरीय वातावरण खिलाड़ियों के तकनीकी और मानसिक विकास में अहम भूमिका निभाएगा। नियमित रूप से अंतरराष्ट्रीय स्तर के मैदान पर अभ्यास करने से खेल कौशल में निरंतर सुधार होगा और राज्य की प्रतिभाएं राष्ट्रीय टीम तक पहुंच पाएंगी। खेलकर्मियों ने इसे खेल संरचना में बड़ा बदलाव बताया। उन्होंने कहा कि अब खिलाड़ियों को फिटनेस, प्रशिक्षण और अभ्यास की सर्वोत्तम सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उनका यह भी मानना है कि बीसीए को जिम्मेदारी मिलने से भविष्य में न सिर्फ रणजी मुकाबले बल्कि आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट भी बिहार में आयोजित हो सकेगा। इससे राज्य में क्रिकेट का माहौल और उत्साहपूर्ण बनेगा तथा नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी।खिलाड़ियों और कोचों ने विश्वास जताया कि यह कदम बिहार क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और आने वाले समय में राज्य से अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाएंगे।

बीसीए से जुड़े सभी खिलाड़ियों, कोचों और खेलकर्मियों ने राज्य सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह निर्णय आने वाली पीढ़ियों के लिए ऐतिहासिक साबित होगा।

# रेल मंत्रालय ने कटिहार मंडल में आरओबी के निर्माण को दी मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मालीगांव।** ट्रैफिक यातायात की भीड़ को कम करने की दिशा में एक बड़े कदम के तहत, रेल मंत्रालय ने कटिहार जंक्शन के मुकुरिया इंड पर 118.61 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 2 लेन रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण को मंजूरी दे दी है। यह आरओबी कटिहार मंडल के कटिहार-दंडखोरा और कटिहार-मियाना सेक्शन के बीच स्थित मौजूदा लेवल क्रॉसिंग (एलसी) गेट संख्या 2 और खख-1 की जगह लेगा। यह परियोजना एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे के उन्नयन का हिस्सा है क्योंकि ये लेवल क्रॉसिंग राज्य राजमार्ग 98 को राष्ट्रीय राजमार्ग 31 से जोड़ने वाली एक व्यस्त सड़क पर स्थित है।

# पचरुखिया जंगल से प्रेशर कमांड आइइडी बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु औरंगाबाद पुलिस एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा लगातार एंटी नक्सल अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एक प्रेशर कमांड आईईडी को बरामद किया गया। इसके बाद उसे यथा स्थान पर सावधानी पूर्वक डिफ्यूज कर दिया गया। इस कार्रवाई की भनक पाकर नक्सली मौके से फरार हो गए। यह कार्रवाई मदनपुर थाना क्षेत्र के पचरूखिया पहाड़ी क्षेत्रों के आस-पास की गई है। इस क्रम में शिकारी नाला के पास से 2.5 किलोग्राम का एक प्रेशर कमांड आईईडी को बरामद किया गया। अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता के दौरान मदनपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि प्रेशर कमांड आईईडी को यथावत स्थान पर ही सुरक्षात्मक तरीके से विनष्ट कर दिया गया। इस दौरान सुरक्षाबलों की भनक पाकर नक्सली फरार हो गए। उन्होंने कहा कि पुलिस बल द्वारा किये गए संयुक्त कार्रवाई से नक्सलियों का मनोबल काफी गिरा हुआ है। नक्सली गतिविधि पर अंकुश लगाये जाने हेतु लगातार छापामारी अभियान जारी है।



# बिहार की धरती से पीएम मोदी की मां को गाली देने से बिहार ही नहीं देश के लोग मर्माहत: अनिल शर्मा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा ने दरभंगा में राजद और कंग्रेस के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को गाली दिए जाने की घटना को लेकर आज कहा कि बिहार की धरती से पीएम मोदी की मां को गाली देने से बिहार के लोग मर्माहत हैं। आश्चर्य है कि इस घटना को लेकर अब तक राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने खेद तक व्यक्त नहीं किया, यह दर्शाता है कि इनके पास न संस्कार है और न संस्कृति का ख्याल है।




भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महागठबंधन को इस घटना की कीमत चुकानी पड़ेगी। वैसे राहुल गांधी से खेद की उम्मीद भी नहीं है क्योंकि इससे पहले भी उन्होंने देश के पीएम के लिए तू-तड़ाक की भाषा बोलते रहे हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि राहुल गांधी अपने जीवनकाल में कभी पीएम नहीं बनने वाले हैं। राहुल गांधी ने अपने आचरण से अपना व्यक्तित्व और सम्मान खो दिया है। भाजपा के नेता ने राहुल गांधी की यात्रा को लेकर कहा कि वोट चोरी की बात करना उनका बहाना है, सही में उनकी योजना देश में अराजकता फैला कर बांग्लादेश बनाना है। ये दोनों लोग राष्ट्रविरोधी और सनातन विरोधी ताकतों के इशारों पर देश में आरजकता पैदा करना चाहते हैं। उन्हें राष्ट्र सम्मान से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में जंगलराज और मंगलराज के बीच की लड़ाई होगी। सुशासन और कुशासन, सामाजिक समरसता बनाम जातीय उन्माद, सदाचार बनाम भ्रष्टाचार, विकास बनाम विनाश तथा सनातन बचाने और मिटाने वालों के बीच लड़ाई होगी। इस दौरान जो माहौल बनेगा उसका परिणाम होगा कि महागठबंधन की हालत 2010 वाली होने वाली है।

# घूसखोर ड्रग्स इंस्पेक्टर गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अरवल।** जिला मुख्यालय के सदर अस्पताल परिसर में बने औषधि नियंत्रण कार्यालय में कार्यरत ड्रग्स इंस्पेक्टर शैलेंद्र नारायण को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने घूस लेते गिरफ्तार किया है। ड्रग्स इंस्पेक्टर 40 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथों पकड़े गए हैं। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए धावा दल के प्रभारी विनोद कुमार पांडे ने बताया कि होलसेल मेडिकल स्टोर खोलने के लिए प्रसादी इंग्लिश के जितेंद्र कुमार ने 18 जुलाई को आवेदन दिया था। परिवादी जितेंद्र कुमार ने ऑनलाइन आवेदन किया था। 24 जुलाई को ड्रग्स इंस्पेक्टर द्वारा दुकान की जांच की गयी और 30 जुलाई को 40 हजार रुपए लाइसेंस देने के लिए मांगा गया। 20 जुलाई को उन्होंने घूस की मांग की थी। इसकी शिकायत जितेंद्र कुमार ने निगरानी विभाग को की। शिकायत के सत्यापन के लिए टीम गठित की गई। शिकायत सही पाया गया। उसके बाद धावा दल ने बुधवार को कार्रवाई की। जैसे ही जितेंद्र कुमार ने ड्रग्स इंस्पेक्टर को पैसा दिया, पहले से मौजूद निगरानी विभाग की टीम ने रंगे हाथ उसे गिरफ्तार कर लिया।

# बेंगलूरु, लोकमान्य तिलक टर्मिनल एवं हावड़ा के लिए चलायी जा रही छह जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** आगामी पर्व त्योहरों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु बेंगलूरु, लोकमान्य तिलक टर्मिनल एवं हावड़ा के लिए चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए उसे पूजा स्पेशल के रूप में परिचालित की जाएगी जिनका विवरण निम्नानुसार है- डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-नागपुर-पेरम्बूर के रास्ते दानापुर और एसएमभीवी, बेंगलूरु के मध्य चलायी जा रही ट्रेनें- गाड़ी सं. 03247 दानापुर-एसएमभीवी स्पेशल के परिचालन अवधि में 15 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 18.09.2025 से 25.12.2025 तक प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जाएगी। गाड़ी सं. 03248 एसएमभीवी-दानापुर स्पेशल के परिचालन अवधि में 15 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 20.09.2025 से 27.12.2025 तक प्रत्येक शनिवार को परिचालित की जाएगी। गाड़ी सं. 03241 दानापुर-एसएमभीवी स्पेशल के परिचालन अवधि में 30 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 19.09.2025 से 27.12.2025 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार को परिचालित की जाएगी। गाड़ी सं. 03242 एसएमभीवी-दानापुर स्पेशल के परिचालन अवधि में 30 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 21.09.2025 से 29.12.2025 तक प्रत्येक रविवार एवं सोमवार को परिचालित की जाएगी।

मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते रक्सौल एवं सहरसा से लोकमान्य तिलक के मध्य चलायी जा रही ट्रेनें - गाड़ी सं. 05557 रक्सौल-लोकमान्य तिलक स्पेशल के परिचालन अवधि में 10 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 23.09.2025 से 25.11.2025 तक प्रत्येक मंगलवार को परिचालित की जाएगी। गाड़ी सं. 05558 लोकमान्य तिलक-रक्सौल स्पेशल के परिचालन अवधि में 10 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 25.09.2025 से 27.11.2025 तक प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जाएगी।

गाड़ी सं. 03379 धनबाद-लोकमान्य तिलक स्पेशल के परिचालन अवधि में 09 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 07.10.2025 से 02.12.2025 तक प्रत्येक मंगलवार को परिचालित की जाएगी।

### ईद-ए-मिलाद -उन-नबी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

# जुलूस में डीजे और अश्लील गानों पर रहेगा प्रतिबंध : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** जिले में ईद-ए-मिलाद-मिलाद-उन-नबी पर्व जो हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है, को लेकर बुधवार को समाहरणालय परिसर स्थित स्थानीय डीआरडीए सभागार में जिलाधिकारी उदिता सिंह द्वारा शांति समिति की बैठक आहूत की गई जिसमें सभी सदस्यों के द्वारा सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व को मनाये जाने का आश्वासन दिया गया। बैठक में निर्देश दिया गया कि ईद-ए-मिलाद-मिलाद-उन-नबी (हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन) पर्व के अवसर पर निकाले जाने वाले सभी जुलूसों का अनुज्ञप्ति प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। बिना अनुज्ञप्ति प्राप्त किए हुए जुलूस निकाले जाने की अनुमति नहीं दी जायेगी। जुलूस में भाग लेने वाले सभी भोलेन्टियरों का पहचान पत्र एवं उनसे संबंधित अन्य सभी सूचनाओं को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका सहयोग लिया जा सके। वही सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि जुलूस के समय उसकी वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी एवं ड्रोन के माध्यम से सतत निगरानी रखना सुनिश्चित किया जाय। जुलूस निकालने हेतु प्राप्त अनुज्ञप्ति में निर्धारित समय सीमा एवं निर्धारित रुटचार्ट का कड़ाई से अनुपालन किया जाय। उन्होंने बताया कि जुलूस के समय जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सासाराम, डिहरी एवं विक्रमगंज को आवश्यक निदेश दिया गया कि पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्त करते हुये स्वयं भी जुलूस के समय वे उपस्थित रहेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि उक्त पर्व के अवसर पर डी0जे0 बजाये जाने पर प्रतिबंध लगाया जाय तथा अश्लील गानों के बजाये जाने पर भी रोक लगाया जाय। छोटी सी छोटी घटना को संज्ञान में लेते हुए उस पर त्वरित कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाय। ईद-ए-मिलाद / मिलाद-उन-नबी के अवसर पर सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि असामाजिक तत्वों पर निरोधात्मक एवं बंध पत्र की कार्रवाई करते हुये नए असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाय।

# बाइक की टक्कर से पिता की मौत, पुत्र सहित तीन घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले के मोहनियां थाना क्षेत्र के कुर्रा गांव के पास बीती रात सड़क पार कर रहे पिता पुत्र को तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें पिता की घटना स्थल पर ही मौत हो गई पुत्र की हालत गंभीर हो गई। वहीं टक्कर मारने के बाद दोनों बाइक सवार भी चोटिल होकर सड़क पर गिर गए। घटना देख आसपास के लोग दौड़े, सभी को उपचार कराने के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनियां लाया गया जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद तीनों को बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। मृतक जहानाबाद जिला के स्वर्गीय सतनारायण साहू का 44 वर्षीय पुत्र शिव कुमार उर्फ मंटू साहू बताया जा रहा है। वही उनका 22 वर्षीय पुत्र दीपक शाह घायल है। शिव नारायण शव अपने मृत माता के शव को लेकर वाराणसी में अंतिम संस्कार करने के लिए जा रहे थे। कुर्रा गांव के पास होटल में खाना खाए और फिर सड़क पार करने लगे इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने इनको टक्कर मार दिया था। घायल बाइक सवार रोहतास जिले के डेहरी ऑन सोन के मनोज सिंह का 22 वर्षीय पुत्र सती सिंह और बनारस के तेज बिहारी सिंह का 35 वर्षीय पुत्र राजीव रंजन सिंह बताये जा रहे हैं। जानकारी देते हुए मृतक के बड़े भाई सिद्धेश्वर साव ने बताया मां के मौत हो जाने के बाद अंतिम संस्कार करने के लिए हम सभी लोग जहानाबाद जिला से बनारस जा रहे थे। मोहनियां थाना क्षेत्र के कुर्रा गांव के पास द्रुद्ध 19 के किनारे लाइन होटल पर सभी लोग खाना खा रहे थे जहां मेरा छोटा भाई और उसका बेटा खाना खाकर सड़क पार करके गाड़ी के पास जा रहा था तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने कर इन लोगों में टक्कर मार दिया जिसमें मेरे छोटे भाई की मौत हुई है और उसके बेटे की हालत नाजुक बनी हुई है। टक्कर मारने वाले बाइक सवार भी गिर कर घायल हो चुके हैं । डॉक्टर ने सभी को रेफर कर दिया है।

### सासाराम शहर को जाम से निजात दिलाने को डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

# गलत जगह गाड़ियां खड़ी करने पर लगेगा जुर्माना : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** सासाराम शहर में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने एवं जाम की समस्या से मुक्ति को लेकर बुधवार को जिला पदाधिकारी, रोहतास और पुलिस अधीक्षक रोहतास ने बैठक की। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, रोहतास, ट्रैफिक डीएसपी, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सासाराम मौजूद रहे। समीक्षा बैठक में एक-एक बिंदुओं पर चर्चा हुई। आवागमन सुचारू एवं सुरक्षित करने को लेकर सड़कों पर से अतिक्रमण हटाने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में कहा गया कि आम पब्लिक नागरिक भावना से कार्य करें तो एक हद तक जाम की समस्या से स्वतः निबटा जा सकता है। बैठक में जिला पदाधिकारी ने कहा कि पार्किंग स्थल चिन्हित है। इधर-उधर गाड़ियां खड़ा करने पर जुर्माना लगाया जाएगा। रोड वन वे का आदेश है। गौरक्षणी फ्लाईओवर जाम को देखते हुए बस और ई रिक्शा पोस्ट ऑफिस चेक पोस्ट के पास नहीं रुकेगी। आरओबी की गाड़ियां जाम में न फंसे इसके लिए आरओबी के पास नगर थाना, नगर निगम एवं डीटीओ की टीम सुबह और शाम शिफ्ट वाइज तैनात रहेगी। कलेक्ट्रेट के आसपास कोई भी ठेला नहीं लगाने का निर्देश दिया गया है। जागरूकता के लिए लोगों से कहा गया कि अपने लेन में ही चलें, ओवरटेक न करें। ड्राइविंग के समय मोबाइल से बात न करें।

# डिहरी में बसपा एवं बिहार गड़ेरिया मोर्चा का मिलन समारोह सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय डायमंड पैलेस (जगजीवन कॉलेज के पास) बहुजन समाज पार्टी एवं बिहार गड़ेरिया मोर्चा (संगठन) के संयुक्त तत्वावधान में भव्य मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बिहार गड़ेरिया मोर्चा (संगठन) ने बहुजन समाज और बहन कु. मायावती में आस्था रखते हुए संगठन को बहुजन समाज पार्टी में विलय कर लिया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद इ. रामजी गौतम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार और अतिथि के रूप में उमाशंकर गौतम तथा बिहार गड़ेरिया मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष पाल, राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. धनजी पाल समेत संगठन के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर बसपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने गड़ेरिया मोर्चा के पदाधिकारियों का स्वागत माला पहनाकर किया और उन्हें पार्टी की मुख्यधारा में शामिल किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद इ. रामजी गौतम ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी हमेशा वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों की आवाज रही है। पार्टी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और कांशीराम के विचारों पर चलकर सामाजिक न्याय और समता के लिए संघर्ष करती रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में गड़ेरिया समाज सहित सभी दलित-पिछड़े वर्गों को एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि पाल समाज के साथ आने से बहुजन समाज पार्टी को नई ऊर्जा और समर्थन मिलेगा जो बिहार की राजनीति में उसे मजबूत स्थिति दिला सकता है। विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार (बिहार प्रदेश प्रभारी) ने अपने संबोधन में कहा कि बसपा ही एकमात्र ऐसी राजनीतिक शक्ति है जो समाज के सभी कमजोर वर्गों को सम्मान और बराबरी दिलाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने पाल समाज को भरोसा दिलाते हुए कहा कि उनके अधिकारों, सम्मान और सामाजिक-राजनीतिक भागीदारी के लिए पार्टी पूरी मजबूती से कंधा से कंधा मिलाकर चलेगी।

# परशुराम सिंह की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे पूर्व सांसद सुशील सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** भाजपा के जिला महामंत्री विवेक सिंह के बड़े पापा के श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे पूर्व सांसद सुशील सिंह। जमुहार में मां तारा चंडी धाम के अध्यक्ष रवि रंजन सिंह उर्फ डिम्पू सिंह, समाज सेवी ऋषि सिंह के पिता स्व परशुराम सिंह के ब्रह्मभोज में उनके तैल चित्र माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत सांसद सुशील सिंह ने कहा कि वे गरीबों के मददगार व समाजसेवी व्यक्ति थे। श्रद्धांजलि सभा में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण करने वालों में सासाराम के पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद, सत्यनारायण यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष पटेल, सत्येंद्र सिंह, जदयू नेता अनिल सिंह, भाजपा नेता त्रिविक्रम नारायण सिंह, क्षत्रिय महासभा के मुनमुन सिंह, गोविंद नारायण सिंह, सुचित सिंह पप्पू, संतोष सिंह, इंद्रजीत सिंह, राजकुमार सिंह, रोहित राज राजपूत, संजय सिंह उर्फ बाला जी सहित काफी संख्या में सासाराम, डिहरी के सामाजिक कार्यकर्ता तथा विभिन्न दलों के नेता व पत्रकारों ने श्रद्धांजलि दी।

# स्कॉर्पियो की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** बाजार स्थित डिहरी-राजपुर मुख्य पथ पर पीएनबी बैंक के समीप एक दरवाजे पर खड़ी स्कोर्पियो की अज्ञात चोरों ने मंगलवार की रात चोरी कर नौ दो ग्यारह हो गये जब गृहस्वामी सुबह जगे तो दरवाजे से स्कार्पियो गायब थी। गृहस्वामी ने गाड़ी चोरी होने की सूचना पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर बाजार में लगी सीसीटीवी फुटेज को खंगाली, लेकिन स्कार्पियो का कोई सुराग नहीं लग सका। उसके बाद मालिक ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस उक्त आवेदन को संज्ञान में लेते हुए अज्ञात चोरों पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# बेएसा कार्यपालक सहायकों ने काला बिल्ला लगा किया विरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कोचस।** बिहार राज्य कार्यपालक सहायक सेवा संघ (बेएसा) जिला इकाई रोहतास के आह्वान पर सभी विभागों में कार्यरत कार्यपालक सहायकों ने बुधवार को काला बिल्ला लगाकर कार्य किया। बता दें कि कार्यपालक सहायकों द्वारा कई वर्षों से अपनी आधारभूत लंबित मांगों को लेकर संघर्षरत थे, लेकिन आश्वासन के बावजूद भी मांगों को पूरा नहीं किया गया। कार्यपालक सहायक बहुत आशा लगाकर बैठे थे कि सरकार हमारी मांगे 15 अगस्त को मांगों पर अमल करेगी, लेकिन हमारी मांगे नहीं मानी गयी जिससे सहायकों की मनोदशा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मांगों पर अब तक अमल नहीं होने से कार्यपालक सहायकों ने आंदोलन का निर्णय लिया है। बताते चलें कि रोहतास के सभी विभागों में कार्यरत कार्यपालक सहायक 3 सितंबर से काला बिल्ला लगाकर कार्य कर रहे हैं तथा 5 को जिला मुख्यालय में मशाल जुलूस व 7 सितंबर को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। उक्त आंदोलन के उपरांत भी सरकार हमारी मांगों पर विचार नहीं करती है तो विवश होकर बिहार के सभी विभागों में कार्यरत कार्यपालक सहायक अनिश्चितकालीन हड़ताल में रहकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। काला बिल्ला लगाकर कार्य करने वालों में अशोक कुमार, रविश कुमार, अविनाश कुमार, प्रिंस कुमार, सुशील कुमार, त्रिभुवन कुमार, दशरथ कुमार, सचिन कुमार, पप्पू कुमार, अनिल कुमार, मनीष कुमार, संतोष कुमार, सुनीता कुमारी, सौरव राज कश्यप, कुंदन कुमार, अजय कुमार, सत्यदेव कुमार कार्यपालक सहायक कोचस शामिल थे।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: ईएल–एमएलडीटी–टीआरडी–ई–निविदा–081, दिनांक 01.09.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.–झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए **निविदा सं. ईएल–एमएलडीटी–टीआरडी–ई–निविदा–081** के प्रतिपक्ष खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों, एलसी गेटों, ब्रिजों, स्विचिंग सब–स्टेशनों आदि में क्षतिग्रस्त ट्रैक्शन बॉण्ड की बदली। **निविदा की किस्म :** खुली। **विज्ञापित मूल्य :** रु. 64,73,150/–, **बयाना राशि:** रु. 1,29,500/– **निविदा कागजात का मूल्य :** रु.0.00, **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट प्रणाली। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 09.09.2025, **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 01.09.2025 को 17.49 बजे। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 23.09.2025 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

MLD-163/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# शोक सभा आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर स्थित ड्रीम हाउस में रामनाथ सिंह की अध्यक्षता में सेवानिवृत्त पीएनबी कर्मियों की एक शोक सभा आयोजित की गई। सभा में स्वर्गवासी हुये आनंद कुमार सिंह, उमाशंकर सिंहा, शिवपूजन प्रसाद, मुख्तार सिंह, अश्विनी चौधरी को दो मिनट का मौन रख उनकी आत्माओं की शांति की प्रार्थना की गई। डालमियानगर निवासी अधिवक्ता श्याम नारायण पांडेय के आसामयिक निधन पर गहरा दुख प्रकट किया गया।

# उद्योग महाप्रबंधक ने योजनाओं को गति प्रदान करने के लिए बैंकों के साथ की समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** जिला उद्योग केन्द्र रोहतास की सभागार में महाप्रबंधक की अध्यक्षता में बुधवार को सभी बैंक पदाधिकारीगण एवं डीआरपी के साथ बैठक आहूत की गयी जिसमें पीएमइजीपी, पीएमएफएमइ एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की समीक्षा की गयी। विदित हो कि 2025-26 में पीएमइजीपी का लक्ष्य 70 है जिसके विरुद्ध विभिन्न बैंकों द्वारा मात्र 22 आवेदकों का ऋण स्वीकृत हुआ है। इस संबंध में महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र रोहतास द्वारा खेद व्यक्त करते हुए सभी बैंकों को निर्देश दिया कि वे सितम्बर के अंतिम माह तक लक्ष्य को पूरा करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार महाप्रबंधक द्वारा पीएमएफएमइ की समीक्षा की गयी। विदित हो कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत पीएमएफएमइ योजना का लक्ष्य 339 है जिसके विरुद्ध विभिन्न बैंकों द्वारा मात्र 69 ऋण स्वीकृत किये गए है। इस संबध में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक द्वारा सभी बैंकों को निर्देश दिया गया कि वे एक सप्ताह के अंदर निर्धारित लक्ष्य को पूरा करना सुनिश्चित करें। इस पर विभिन्न बैंकों द्वारा अपनी स्वीकारोक्ति व्यक्त की गयी। बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की भी समीक्षा की गयी। बैंकों को निर्देश दिया गया कि जो भी प्रशिक्षण प्राप्त लाभुक बैंकों में ऋण हेतु जाते हैं उनके ऋण आवेदन को शीघ्र निष्पादित करते हुए अधोहस्ताक्षरी को सूचना देना सुनिश्चित करें।

# गणपति पूजा पर भंडारा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी डालमियानगर के पूर्व मुख्य पार्षद विशाखा सिंह ने गणपति पूजा और भंडारा का आयोजन बुधवार को किया। इस क्रम में गणपति भगवान के पूजा अर्चना के साथ भव्य आरती किया गया। गणेश चतुर्थी को मूर्ति रखकर पूजा अर्चना किया गया था।

# पुलिस प्रशासन की तानाशाही के खिलाफ किसानों में आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**चेनारी (रोहतास)।** भारतमाला परियोजना तहत निर्माण हो रहे वाराणसी कोलकाता एक्सप्रेसवे के अधिग्रहण भूमि का संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के तत्वावधान में बुधवार को पीएनसी कैंप के बगल में किसानों का महाजुटान हुई जिसमें बिहार के कई जिलों से आए किसानों ने पुलिस प्रशासन की तानाशाही और पुलिसिया तांडव के खिलाफ आग उगले। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन बिहार-झारखंड के प्रभारी दिनेश कुमार ने कहा कि भारतमाला परियोजना के तहत निर्माण हो रहे वाराणसी कोलकाता एक्सप्रेसवे में अधिग्रहण की गई भूमि मुआवजा भी नहीं मिला है, लेकिन जिला प्रशासन और एजेंसी की मिलीभगत से किसानों के लहलहाती धान की फसल को रौंदा जा रहा है। इस अन्याय के खिलाफ किसान संयुक्त मोर्चा के बैनर तले जिला स्तर पर व्यापक आंदोलन करेंगे। हजारों हजार की संख्या में किसान अपने ट्रैक्टर के साथ जिला मुख्यालय पहुंचेंगे पूरे समाहरणालय को घेर लेंगे कलेक्ट्रेट परिसर में ही किसानों का महा चौपाल लगेगा। इसमें किसान के नेता राकेश टिकैत भी भाग लेंगे। उस समय स्थिति और भयावाह हो जाएगा जब दिल्ली की सरकार किसानों के आंदोलन के सामने घुटने टेक दे रही है तो अंचल व जिला मुख्यालय की क्या स्थिति होगी। किसान नेता ने कहा कि क्या सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन किया जा रहा है। यह ग्रीन प्रोजेक्ट लाने से पहले 70 फीसदी किसान की सहमति लेना है। क्या आप से सहमति ली गई है। सुप्रीम कोर्ट का निर्देश है कि जब से किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिल जा रहा है, तब तक सड़क निर्माण का कार्य नहीं करना है, लेकिन यहां 10 फीसदी लोगों का भी मुआवजा नहीं दी गई है जो जनप्रतिनिधि विधायक, सांसद आपका लड़ाई नहीं लड़ रहे हैं। उनका विरोध करो निर्दलीय उम्मीदवार का चयन कर लो, लेकिन ऐसे विधायक व सांसद को अपने गांव में प्रवेश करने मत दो। 25 अगस्त को मुख्य सचिव पटना से वार्ता हुई। जिसमें मुख्य सचिव ने कहा कि 2013 से 24 तक कल 12 वर्ष के 10 फीसदी बढ़कर चक्रवृद्धि ब्याज के साथ किसानों का भूमि की भुगतान की जाएगी, लेकिन उनके आदेश के बाद रोहतास प्रशासन एजेंसी के साथ मिलकर किसानों के फसल को बर्बाद किया जा रहा है। भूमि और किसानों के साथ पुलिस प्रशासन अभद्र पूर्ण व्यवहार कर रही है। तत्काल ही ऐसे अधिकारी को चिन्हित कर कार्रवाई की जाए।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं.– 27 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू। मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा सं.–14– डीडीयू–मं.इंजी.–1– 25–26. कार्य का नाम एवं लोकेशन : मानपुर – पं. दीन दयाल उपाध्याय–डाउन–टीएसआर (पी)–36.752 टीकेएम अन्डर एडीईएन/II/डीडीयू। कार्य का अनुमानित लागत : ₹4,69,50,852.14, धरोहर राशि : ₹3,84,800.00.
2. निविदा सं.–15– डीडीयू–मं.इंजी.–1– 25–26. कार्य का नाम एवं लोकेशन : आईएसडी 32.5 टीकेएम & कैजुअल रिनूअल ऑफ स्लीपर इन आरा–सासाराम सेक्शन अन्डर एडीईएन/एक्सबीकेजे। कार्य का अनुमानित लागत : ₹2,06,04,996.79, धरोहर राशि : ₹2,53,000.00.
3. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 19.09.2025 को 12:00 बजे तक। 4. वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in.

नोट :– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0875/डीडीयू/अभि./टी/25–26/40



बिहार सरकार

**जल संसाधन विभाग**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**बटाने शीर्ष कार्य प्रमंडल, अम्बा।**

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – **01 SBD / 2025-26**
(राष्ट्रीय स्पर्द्धा)
पत्रांक–**491** / अम्बा,
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1.कार्य का विवरण –

| ग्रुप सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | अग्रधन की राशि (लाख रू0 में) (ऑन लाईन अथवा फिजिकल / मैनुअल मोड में भुगतेय) | परिमाण – विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू0 में | बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू0 में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Restoration work of Batane Reservoir Scheme and Batre Main Canal Scheme under Batane Head Works Divison Amba | 330.00 | 6.60 | 10000.00 | 5900.00 | 12 माह |

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक– 01.09.2025
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि : दिनांक– 23.09.2025 से दिनांक– 04.10.2025 के 3.00 बजे अपराह्न तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. प्री–बिड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि : दिनांक– 25.09.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद के कार्यालय कक्ष में।
5. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक– 06.10.2025 समय 3.30 बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
6. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
7. निविदा खोलने का स्थान : www.eproc2.bihar.gov.in पर ।
8. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन
9. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, बटाने शीर्ष कार्य प्रमंडल, अम्बा। मो0न0: 7463889726
10. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in एवं wrd.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 013480 ( W R D ) 2025-26

कार्यपालक अभियंता
बटाने शीर्ष कार्य प्रमंडल, अम्बा।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# मंत्री श्रवण कुमार ने किया पांच सड़कों का शिलान्यास



जीविका दीदियों को मिलेगा रोजगार के लिए ऋण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नूरसराय (नालंदा)**। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बुधवार को नूरसराय प्रखंड में 2 करोड़ 59 लाख की लागत से बनने वाली पांच सड़कों का शिलान्यास किया। इस मौके पर सांसद कौशलेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे। शिलान्यास की गई सड़कों में नीरपुर पक्की सड़क से नोसरा, नूरसराय-भागन बिगहा पथ से नोसरा, यमुनापुर-किश्मीरीचक पथ से भखरी सहित पांच ग्रामीण सड़कों का निर्माण शामिल है। मौके पर संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच के अनुरूप बिहार में जीविका दीदियों को सशक्त बनाने का कार्य हो रहा है। उन्होंने बताया कि जीविका दीदियों को रोजगार हेतु 2 लाख 10 हजार रुपये की राशि उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि वे अपने परिवार का जीवनयापन सम्मानपूर्वक कर सकें। मंत्री ने कहा कि आज जीविका का कार्य पूरे देश में सराहा जा रहा है और दूसरे राज्यों से लोग इसे देखने बिहार आ रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी नीतियों के चलते वृद्धजन पेंशन राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दी गई है। वहीं, गरीब मजदूर और किसानों को हर महीने 125 यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा मिल रही है। इससे गांव के 90 प्रतिशत उपभोक्ताओं को राहत मिल रही है। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बिहार में जो विकास कार्य हो रहे हैं, उनका अनुकरण अब दूसरे राज्य भी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हर वर्ग और हर धर्म को विकास की धारा से जोड़ा है। सड़कों के निर्माण से किसानों और मजदूरों को खेती-बाड़ी और परिवहन में सुविधा होगी। इस अवसर पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष सोनी लाल, जदयू नेता नवीन कुमार निश्चल, जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय देव, युवा प्रखंड अध्यक्ष शुभम कुमार, डॉ. सुनील दत्त, उपेंद्र सिंह, पूर्व मुखिया भाई उपेंद्र, पंचायत समिति सदस्य अजय कुमार, भूनेश्वर यादव, शैलेन्द्र प्रसाद, अरविंद प्रसाद, भूने यादव, मुन्ना महतो, अभिमन्यु यादव, विकास कुमार समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डीएम ने फ्लाइओवर के निर्माण की प्रगति का किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। डीएम कुंदन कुमार ने बुधवार को फ्लाइओवर के निर्माण कार्य प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान निर्देशित किया गया कि शेष बचे कार्यों को दीपावली तक समाप्त की जाए। जैसा कि 57 स्पैन का ये फ्लाइओवर ब्रिज एलआईसी से भरावपर तक और लहेरी थाना से शोगरा कॉलेज तक कालीकरण छोड़कर सारे कार्य पूर्ण हो चुके है। बीच में भरावपर से लहेरी थाना तक संकीर्ण होने के वजह से, संवेदक के द्वारा छोटी बड़ी सभी मशीनों द्वारा अथक प्रयासों के बावजूद पांच गर्डर बीम लांच नहीं हो पाया है, 171 बीम में 166 लांच हो गए हैं। दुकान और मकान की क्षति ना हो, इसके लिए ऊपर में ही गर्डर बीम को कास्ट करने का निर्णय लिया गया। संवेदक को नगर आयुक्त के द्वारा पांचों गर्डर बीम को एक साथ काम करने को निर्देशित किया गया। तकनीकी प्रोसेस के वजह से फ्लाइओवर के शेष कार्य को समाप्त होने में दो महीने लगने की संभावना है। इस अवसर पर नगर आयुक्त, अनुमण्डल पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## समावेशी शिक्षा अंतर्गत मेंटर शिक्षकों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण आयोजित

**नारदीगंज,नवादा**। समावेशी शिक्षा अंतर्गत मेंटर शिक्षकों का आयोजित तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा। यह प्रशिक्षण मंगलवार को इंटर विद्यालय नारदीगंज में दी जा रही है। इस प्रशिक्षण में प्रखंड के विभिन्न प्राथमिक व मध्य विद्यालय के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। विद्यालय में नामांकित दिव्यांग को पहचान करना है, और उसे पढ़ना है। उन्हें निरंतर विद्यालय आने के लिए प्रेरित भी करना है। प्रशिक्षक के रूप में समावेशी शिक्षक सह बीआरपी आनन्द कुमार व नीतू कुमारी रहे। मौके पर प्रखंड लेखापाल संजीव रंजन,शिक्षक परशुराम प्रसाद,बबी कुमारी, कमलेश कुमार राय,ममता कुमारी, शिवानी मल्होत्रा,विकास कुमार समेत अन्य शामिल रहे।

# लोकायन नदी में डूबने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)**। चिकसौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत रेडी पुल से लगभग तीन सौ मीटर उत्तर स्थित लोकायन नदी में डूबने से मंगलवार को एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मराची गांव निवासी रामजी प्रसाद के 18 वर्षीय पुत्र चिटु कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, चिटु कुमार महाराष्ट्र के कोरापुर स्थित डिज्नीलैंड मेले में काम कर परिवार का भरण-पोषण करता था। हाल ही में वह घर लौटा था। मंगलवार को वह मवेशी चराने नदी किनारे गया था। इसी दौरान उसने मवेशियों को नदी में धोने की कोशिश की, लेकिन पानी की गहराई का अंदाजा न होने से वह डूब गया। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद शव को नदी से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही चिकसौरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ स्थित मॉडल अस्पताल भेज दिया। थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने पर विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। वहीं, मौके पर पहुंचे भाजपा हिलसा पश्चिम मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और सरकारी मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

# जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में डाक विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : श्रवण कुमार




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। 'विकसित भारत का अमृत काल – सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, पटना द्वारा स्थानीय श्रम कल्याण केंद्र मैदान, बिहारशरीफ में आयोजित कार्यक्रम का बुधवार को समापन हुआ। समापन समारोह में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंत्री ने मौके पर आयोजित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया और भारतीय डाक विभाग द्वारा लगाए गए जनकल्याणकारी योजनाओं के आकर्षक काउंटरों का भ्रमण किया। इस दौरान भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। मंत्री ने बच्चियों को डाक विभाग द्वारा खोले गए सुकन्या समृद्धि खाता पासबुक तथा डाक जीवन बीमा से लाभान्वित ग्राहकों को पासबुक सौंपकर उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह के दौरान डाक विभाग नालंदा मंडल की ओर से उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की गईं। इनमें 52 लाख का डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा का व्यवसाय, 165 पीस गंगाजल की बिक्री, 173 आधार अपडेट कार्य, 36 नए आधार पंजीकरण, 13 फिलेटली आइटम्स की बिक्री, 49 सुकन्या समृद्धि खाते का खुलना और 3650 मूल्य के डाक टिकटों की बिक्री शामिल रही। इसके साथ ही 48 इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक खाते भी खोले गए। अपने संबोधन में मंत्री श्रवण कुमार ने प्रधानमंत्री द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में डाक विभाग की सक्रिय भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से जिले के आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने मंत्री को पुष्पगुच्छ और राम जन्मभूमि मंदिर पर जारी विशेष डाक टिकट भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बिहारशरीफ डाकपाल मनीष आनंद, डाक निरीक्षक रामाशीष प्रसाद, अभिषेक कुमार, अमलेश कुमार, मिथलेश कुमार, शैलेन्द्र कुमार, निरंजन कुमार, मुन्नू कुमार, कुमार अभिषेक, संजय कुमार, राजीव कुमार, अमित कुमार, मृत्युंजय कुमार, राजन कुमार, मोहम्मद फैजल, बिभूति बर्त, मुकेश कुमार समेत बड़ी संख्या में डाककर्मी मौजूद रहे।

## एक नजर

### नवादा पुलिस की बड़ी सफलता : 55 अपराधियों की गिरफ्तारी

**नवादा**। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 2 सितम्बर 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के क्रम में विभिन्न मामलों में कुल 55 अपराधियों की गिरफ्तारी की गई। इनमें हत्या के मामले में दो, लूट में दो, अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार में दो, हत्या के प्रयास में 06, मद्य निषेध में 05 तथा अन्य मामलों में 38 गिरफ्तारियां शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कुल 19 वारंटों का निष्पादन भी किया गया। वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 202 वाहनों की जांच की गई तथा फाइन के रूप में 8,500 वसूला गया। वहीं अन्य गिरफ्तारियों के दौरान पुलिस ने तीन मोबाइल फोन, एक एटीएम कार्ड एवं नकद 1,200 भी बरामद किए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नवादा पुलिस अपराधियों को पकड़कर उन्हें सजा दिलाने के लिए लगातार प्रतिबद्ध है। अपराध करने के बाद अन्यत्र जाकर छिपने वाले अपराधियों के विरुद्ध भी पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने इसे नवादा पुलिस की एक बड़ी सफलता बताया।

### महिला समेत चार वारंटी गिरफ्तार

**रजौली**। थाना क्षेत्र के एकंबा,छतनी एवं हरदिया गांव से पुलिस बलों ने फरार चल रहे चार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि कोर्ट द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में पुलिस बलों ने विधिवत छापेमारी कर तीन गांवों से एक महिला और तीन पुरुष वारंटियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटियों में एकंबा गांव निवासी रामप्रवेश राजवंशी के पुत्र जयराम राजवंशी,छतनी गांव निवासी छतर यादव के पुत्र किशोरी यादव व किशोरी यादव की पत्नी रेखा देवी एवं हरदिया गांव निवासी छोटन राजवंशी के पुत्र उमेश राजवंशी शामिल है। थानाध्यक्ष ने कहा कि सभी गिरफ्तार वारंटियों को बुधवार को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने को लेकर किसान गोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कौआकोल**। प्रखण्ड के जेपी आश्रम परिसर अवस्थित राजेन्द्र भवन में कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल नवादा के बैनर तले बुधवार को प्राकृतिक खेती परियोजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम सह किसान गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार एवं वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। किसानों को संबोधित करते हुए ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने कहा कि किसान भाई रासायनिक उर्वरकों का कम से कम प्रयोग करें और तरल खाद सहित प्राकृतिक तरीकों को अपनाएं। इससे धरती माता को बीमार होने से बचाया जा सकता है। केवीके के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने बीजामृत,घनमृत आदि की तैयारी व प्रयोग की विधि तथा उनके लाभों को विस्तार से समझाया। वहीं मौसम वैज्ञानिक रोशन कुमार ने कहा कि प्राकृतिक खेती से कृषि लागत में भारी कमी लाई जा सकती है और यह कई फसलों के लिए लाभकारी है। इस अवसर पर कौआकोल प्रखंड के दुर्गम इलाकों दनियां,रानीगदर, झरनवां, करमाटांड़,भिखोमोह, रजवरिया,चड़रा आदि क्षेत्रों से आए किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक रविकांत चौबे, शशांक शेखर सिंह,सुमिताप रंजन,अनिल कुमार, विकास कुमार, धीरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### बिहार बंद की पूर्व संध्या पर एनडीए के घटक दलों ने की प्रेस वार्ता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जदयू कार्यालय मे एनडीए गठबंधन के जिलाध्यक्ष के द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमे एनडीए के घटक दलों के संयुक्त महिला मोर्चा के द्वारा का 4 सितम्बर 2025 को बिहार बंद करने का आवाहन किया गया। प्रेस वार्ता से पूर्व मातृभूमि की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले ग्राम रूपों, नवादा के अमर शहीद गुड्डु कुमार को श्रद्धांजलि देकर शोक संवेदना प्रकट किया एवं पकरीवारावां के दत्तरौल ग्राम पानी मे डूब जाने से मृत्यु हो जाने वाले लोगो के प्रति शोक संवेदना प्रकट किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की मां को गाली देने की घटना में बिहार को शर्मसार किया। महागठबंधन की ओर से अब तब तक इस घटना को लेकर माफी नहीं मांगी गई यह अहंकार को दर्शाता है। महिलाओं को अपमानित करना राजद, कांग्रेस की संस्कृति रही है। उन्होंने कहा कि एनडीए घटक दलों के महिला मोर्चा ने मां को गाली दिए जाने के खिलाफ 4 सितंबर को बिहार बंद करने का निर्णय लिया है। यह बंद सुबह सात बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा, जिससे आम लोगों को भी परेशानी न हो। बंद के दौरान आपातकालीन सेवाएं बंद से मुक्त रहेंगी। जदयू जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने कहा महिलाओं को अपमानित करना राजद, कांग्रेस की संस्कृति रही है। इस मौके पर जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमिला प्रजापति,भाजपा जिला महामंत्री अरविंद गुप्ता, जदयू के वरिष्ठ नेता शशि कुमार शेष, मनोहर पासवान, नवल चौहान, दिनेश गुप्ता, विनय मेहता एवं अन्य मौजूद थे।

### पईन में डूबने से किशोर की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ़**। जिले के बिंद थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव समीप पानी से लबालब भरे पईन में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। मृतक खानपुर गांव निवासी सतीश साव के 10 वर्षीय पुत्र शुभम् कुमार है बताया जाता है कि मृतक कर्मा पूजा में गौरा व गौरी कि प्रतिमा बनाने के लिए अपने दोस्तों के साथ पईन किनारे से मिट्टी लाने गया था। मिट्टी निकालने के दौरान पैर फिसल जाने से वह गहरे पानी में चला गया। दोस्तों ने डुबने की शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े। किशोर को पानी से बाहर निकालकर इलाज के लिए बिंद पीएचसी लाया गया। जहां डाक्टरों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। अचानक गांव के लोगों को किशोर कि मौत होने की भनक मिलते ही कोहराम मच गया। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन कि चित्कार से आसपास का वातावरण गमगीन हो गया। हर कोई कि आंखें नम हो गई। मृतक दो भाई व एक वहन है। करीब छह माह पहले किशोर के मां की मौत हो गई थी।

# कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह का नालंदा कॉलेज में किया गया सम्मान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। नालंदा जिला के तेलहाड़ा के रहने वाले प्रो उपेन्द्र प्रसाद सिंह को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति बनने के बाद नालंदा कॉलेज में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए कुलपति प्रो उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने नालंदा कॉलेज को धन्यवाद देते हुए कहा कि कॉलेज आने का लंबे समय से उनका मन था क्योंकि इस कॉलेज की गरिमा पूरे देश में रही है। उन्होंने नालंदा जिला से विशेष संबद्ध को उद्धृत करते हुए कहा कि प्रदेश का सबसे पुराना कॉलेज होने के नाते नालंदा कॉलेज पर बड़ी जिम्मेवारी है। उन्होंने छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों से अपील की कि अपना काम समय पर एवं जिम्मेवारी पूर्वक करें जिससे विश्वविद्यालय की अलग पहचान बन सके। राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कुलपति ने कहा कि उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से विश्वविद्यालय में आमूल चूल सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वे अपनी भूमिका समझते हुए विश्वविद्यालय को अपना पूरा समय दे रहे हैं एवं आशा व्यक्त करते हैं कि बाक़ी लोग भी निष्ठा से अपने कार्यों को करें। कुलपति ने कॉलेज के पूर्व प्राचार्य रहे प्रो. डी. एन. सिंह एवं प्रो. एस. एन. सिंह के साथ सेवानिवृत्त शिक्षक प्रो. मंजर अली को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। स्वागत भाषण करते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आर.पी. कच्छवे ने अपने कॉलेज दिनों को याद करते हुए कहा कि कैसे कुलपति अपने छात्र जीवन से ही लगनशील एवं मिलनसार रहे हैं । इसलिए आज इस स्थान पर पहुंच पाये हैं। उन्होंने कुलपति को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय को सफलता पूर्वक चलाने के लिए शुभकामनाएं दीं एवं कहा कि नालंदा कॉलेज हर कदम पर विश्वविद्यालय के उत्थान में अपनी भूमिका निभाते रहेगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद छात्र कल्याण डीन प्रो. राजीव रंजन ने कहा कि नालंदा कॉलेज आकर वे पुराने दिनों में खो जाते हैं जब वह यहाँ अध्यापन का काम करते थे। उन्होंने कहा कि कॉलेज के सकारात्मक बदलाव के वे साक्षी रहे हैं और कॉलेज के हर स्तर पर सहयोग करने के लिए हमेशा तैयार हैं। सम्मान समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गान के साथ किया गया। प्राचार्य ने कुलपति को अंगवस्त्र, कॉलेज के नाम पर जारी डाक टिकट की प्रतिकृति, मोमेंटो एवं बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय इंजीनियर अनिल कुमार का भी सम्मान किया गया। हिन्दी विभाग के डॉ श्याम सुंदर प्रसाद के द्वारा कुलपति के सम्मान में अभिनंदन पत्र पढ़ा गया जिसको प्राचार्य ने कुलपति को भेंट स्वरूप सौंपा।

# रजौली में आंगनबाड़ी केंद्रों का बुरा हाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों में चल रही घोर लापरवाही और अनियमितता ने सरकारी योजनाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इन केंद्रों को गांव के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने के लिए बनाया गया है, लेकिन हकीकत में ये सिर्फ कागजों पर चल रहे हैं। बुधवार को कई केंद्र निर्धारित समय पर बंद पाए गए, जबकि जो खुले भी थे, उनमें बुनियादी सुविधाओं और बच्चों के लिए पोषण का अभाव मिला। आंगनबाड़ी केंद्रों का मुख्य उद्देश्य 0 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों को पौष्टिक आहार, टीकाकरण और प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करना है ताकि वे कुपोषण से बच सकें और उनका शारीरिक और मानसिक विकास सही ढंग से हो सके। लेकिन, केंद्रों की ऐसी दयनीय स्थिति इन उद्देश्यों को विफल कर रही है। जिन बच्चों को नियमित पोषण और देखभाल की जरूरत है, वे इससे वंचित रह रहे हैं।

अमावां पश्चिमी पंचायत के दरियापुर, होरिला और महादलित टोला के आंगनबाड़ी केंद्र सुबह 8 बजे तक बंद थे। होरिला गांव के केंद्र संख्या 36 के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि यहां सेविका श्यामा देवी और सहायिका ममता देवी अपनी मनमर्जी से केंद्र चलाती हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, ये केंद्र कभी भी खुलते और बंद होते हैं, जबकि इनका तय समय सुबह 7:30 बजे से 11:30 बजे तक है।महादलित टोला के आंगनबाड़ी केंद्र को तो 8 बजे के बाद सेविका के पति द्वारा खोला गया, जिसमें एक भी बच्चा मौजूद नहीं था। ये घटनाएं साफ बताती हैं कि बच्चों को नियमित पोषण और शिक्षा देने के बजाय, केवल हाजिरी और कागजी कार्रवाई पूरी की जा रही है।

# सब्जी खरीद रही महिला के गले से चैन छीनकर बदमाश फरार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ**। बुधवार दोपहर परवलपुर के मेन रोड स्थित सब्ज़ी मंडी में एक महिला सब्जी खरीद रही थी। इस दौरान किसी अन्य महिला ने सोने की चेन उसकी गले से झपटकर फरार हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परवलपुर पुलिस सक्रिय हुई। थाना अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित महिला परबलपुर थाना क्षेत्र के हरीपुर गांव की विपिन पांडे की पत्नी रूबी देवी है। पीड़िता ने बताया कि पहले दो महिला आपस में झगड़ा करने लगी और इसी दौरान मेरे गले से सोने की चेन छीन फरार हो गयी। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है और अपराधियों की तलाश तेज कर दी है।

# महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर विशेष जागरुकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। बुधवार को प्रखंड कार्यालय सभागार, रोह (जिला-नवादा) में मिशन शक्ति अंतर्गत महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा संचालित संकल्प- जिला हब फॉर एमपावरमेंट ऑफ वीमेन के सौजन्य से चल रहे 'विशेष जागरूकता अभियान' के तहत बैठक आयोजित की गई। यह अभियान 2 से 12 सितम्बर तक चलाया जा रहा है। बैठक में आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, प्रखंड समन्वयक एवं महिला सुपरवाइजरों को शामिल कर गर्भधारण-पूर्व और प्रसव-पूर्व निदान तकनीक एवं मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही बाल विवाह, दहेज प्रथा, महिला हेल्पलाइन नंबर-181, आपातकालीन सेवा नंबर-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम शिकायत नंबर-1930 और लैंगिक भेदभाव जैसे मुद्दों पर भी विशेष जानकारी दी गई। बैठक की शुरुआत जिला परियोजना प्रबंधक श्री अनुग्रह प्रसाद तिग्गा ने की। उन्होंने बताया कि पीसीपीएनडीटी अधिनियम, 1994 का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाना और घटते लिंग अनुपात को सुधारना है। इस अधिनियम के तहत भ्रूण का लिंग परीक्षण और उससे जुड़ी जानकारी देना दंडनीय अपराध है, जिसके लिए कारावास और जुर्माना दोनों का प्रावधान है। वहीं एमटीपी अधिनियम को लेकर उन्होंने कहा कि चिकित्सकीय देखरेख में सुरक्षित गर्भपात से मातृ मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना और कौशल विकास प्रशिक्षण की भी जानकारी दी। इसके बाद लैंगिक विशेषज्ञ मयंक प्रियदर्शी ने बाल विवाह और दहेज प्रथा को समाज के लिए अभिशाप बताते हुए इनके उन्मूलन की अपील की। उन्होंने कहा कि आज लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, इसलिए उन्हें शिक्षा और अवसर देकर आत्मनिर्भर बनाना समाज की जिम्मेदारी है।

अंत में वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ अमन कुमार ने महिला हेल्पलाइन-181, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 और साइबर फ्रॉड शिकायत नंबर-1930 की उपयोगिता समझाई।

## अनुसूचित जाति,जनजाति समुदाय के लोगों को दी गई कानूनी जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। प्रखण्ड के सोखोदेवरा जेपी आश्रम परिसर स्थित राजेंद्र भवन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार नवादा के तहत विधिक जागरूकता सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन शिल्पी सोनीराज, सदस्य सचिव, आशुतोष कुमार झा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, धीरेन्द्र कुमार पांडेय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवव्रत कुमार,प्रधान दंडाधिकारी नवादा, राम बच्चन सिंह,अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत एवं ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान शिल्पी सोनीराज सदस्य सचिव ने कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के समुदाय को उनके बुनियादी अधिकार एवं न्याय सेवा का सलाह एवं सेवा से संबंधित अधिकार के बारे मे अवगत करते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

# अशुभ कर्मों के क्षय के लिए जैनियों ने की उत्तम तप धर्म की आराधना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। दस दिवसीय आत्मशुद्धि का महापर्व पर्युषण के सातवें दिन जैन धर्मावलंबियों ने बुधवार को दशलक्षण धर्म के सप्तम स्वरूप उत्तम तप धर्म की विशेष आराधना की। इस अवसर पर भगवान महावीर के प्रथम शिष्य गौतम गणधर स्वामी की निर्वाण भूमि श्री गुणावां जी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पर जैन समाज के लोगों ने जिनेंद्र प्रभु का पंचामृत अभिषेक व शांति धारा की। तत्पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव के साथ क्रमशः जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप व फल सहित अष्टद्रव्य से देव शास्त्र गुरू व पंच परमेष्ठी भगवान के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना की गयी। दैनिक पूजन के उपरांत जैन धर्मावलंबियों ने दशलक्षण धर्म के साथ ही धर्म के सप्तम स्वरूप की विशेष आराधना करते हुये अपने अशुभ कर्मों के क्षय का संकल्प लिया। आज आयोजित आत्मशुद्धि के इस विशेष अनुष्ठान में लक्ष्मी जैन, श्रुति जैन, श्रेया जैन, अभिषेक जैन, सुलोचना जैन, आकाश जैन सहित जैन समाज के कई अन्य प्रतिनिधि शामिल हुये।

**तप की तपिश से आत्मा को शुद्धत्व की प्राप्तिः दीपक जैन**

उत्तम तप धर्म पर प्रकाश डालते हुये जैन समाज के प्रतिनिधि दीपक जैन ने बताया कि जैन धर्म के अनुसार उत्तम तप धर्म का अर्थ है अशुभ कर्मों के क्षय के लिए अपने शरीर, वाणी एवं मन को अनुशासित करना। यह इच्छाओं को वश में करने, आसक्तियों को नियंत्रित करने व आत्मा की शुद्धि के लिए स्वयं को तपाने की एक प्रक्रिया है, जो मोक्ष प्राप्ति में सहायक होता है।

# पुस्तकालय भवन में राजस्व महाअभियान शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा**। प्रखंड के पेश पंचायत के पेश गांव स्थित पुस्तकालय भवन में बुधवार को राजस्व महाअभियान का शिविर आयोजित की गई। राजस्व कर्मचारी आशुतोष कुमार ने किसानों से भूमि से संबंधित प्रपत्र को जमा लिए। इस शिविर में पेश पंचायत के विभिन्न गांवों के किसान पहुंचे, और भूमि से सम्बंधित समस्याओं को रखा। किसानों की शिकायत रही कि राजस्व महाअभियान के तहत घर घर प्रपत्र पहुंचाने का प्राविधान है। बावजूद कर्मियों के माध्यम से ऐसा नहीं हुआ है। ऐसे में कई किसान यह लाभ से वंचित हो जाएंगे। जब इस मामले की जानकारी प्राप्त करने के लिए सम्बंधित राजस्व कर्मचारियों को फोन करते हैं तो, मोबाइल फोन रिसीव भी करना मुनासिब नहीं समझते हैं। कई किसानों की शिकायत रही कि जमाबंदी में रैयतों का नाम है,वही कर्मचारी के माध्यम से दी गई फार्मेट से किसानों का नाम गायब है। वही खतियान में भूमि कुछ है, और फार्मेट में जमीन कम दर्शाया गया है। यह मामला गम्भीर होने से समस्या खड़ी हो रही है। ऐसे में यह केवल खानापूर्ति बनकर रह गया है। इस बाबत पचेया निवासी किसान बबलू सिंह ने कहा मेरे पूर्वज का नाम जमाबंदी में कायम है, लेकिन राजस्व कर्मचारी के माध्यम से उपलब्ध कराई गई फार्मेट में मेरे पूर्वज का नाम नहीं है। जबकि भूमि निबंधित है। पचेया निवासी अनिल सिंह ने कहा खतियान पर भूमि का रकबा अधिक है,और फार्मेट पर कम रकबा दर्शाया गया है। जो चिंता का विषय है। पेश गांव के प्रकाश गुप्ता कहते हैं कि रैयत का कब्जा भूमि पर है। लेकिन विभागीय अधिकारियों के गलती की वजह से किसी और के नाम से जमाबंदी कायम हो गया है। ऐसे में उपापोह की हालत बनी हुई है। पेश गांव के अनोज राजवंशी कहते हैं कि जब भी रैयत भूमि से सम्बंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए सम्बंधित राजस्व कर्मचारी को फोन करते हैं तो वे फोन रिसीव नहीं करने से परेशानी होती है। इधर राजस्व कर्मचारी आशुतोष कुमार ने कहा जमाबंदी प्रपत्र वितरण की जा रही है। किसी भी प्रकार का त्रुटि होने पर जमाबंदी सुधार होने के लिए रैयतों को फार्मेट दिया गया है। उन्होंने कहा जमाबंदी में नाम,खेसरा, रकबा आदि में त्रुटि होने पर जमाबंदी फार्मेट दिया गया है। उसे सुधार करने के लिए सम्बंधित शिविर में जमा करेंगे। इसके अलावा आनलाइन माध्यम से परिमार्जन के द्वारा किसी साइवर कैफे से आनलाइन कर सकते हैं। साथ ही पूर्वज के नाम से जमाबंदी कायम है,उसके बंटबारे कागज या नामांतरण द्वारा रैयत अपने नाम पर भूमि को जमाबंदी करा सकते हैं।

# मगध विश्वविद्यालय और जीवाजी विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोध गया और जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (मध्य प्रदेश), जिसे राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद ने ए++ श्रेणी प्रदान की है, के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस पहल का उद्देश्य परस्पर शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा देना और एक विशिष्ट कार्य प्रणाली विकसित करना है। ग्वालियर में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में पहले चरण में जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार आचार्य, कुलसचिव प्रो. राकेश कुशवाहा तथा मगध विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो. मुकेश कुमार ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। इसके बाद बुधवार को मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही और कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम के हस्ताक्षर से इसे पूर्ण रूप से लागू किया गया। कुलपति प्रो. शाही ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के बीच हुए समझौते शिक्षा और शोध के क्षेत्र में नए अवसर खोलते हैं। इससे छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग, क्रेडिट हस्तांतरण और द्वैध उपाधि प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। छात्र अपनी शिक्षा को वैश्विक दृष्टिकोण से समृद्ध कर सकेंगे और विद्यार्थी विनिमय कार्यक्रम के माध्यम से

## मगध विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर बनेगी कॉफी टेबल बुक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय की पिछले तीन वर्षों की उपलब्धियों को कॉफी टेबल पुस्तक के रूप में प्रकाशित करने की तैयारी शुरू हो गई है। इसको लेकर बुधवार को प्रबंधन विभाग में एक उच्चस्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक का संचालन कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही के निर्देशन में हुआ। बैठक में दाउदनगर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. शम्सुल इस्लाम, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. सिद्धनाथ प्रसाद यादव और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से जुड़े रहे वरिष्ठ शोधकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. पप्पू कुमार मार्गदर्शक के रूप में उपस्थित रहे। कुलपति ने समिति को निर्देश दिया कि यह पुस्तक भव्य और आकर्षक रूप में तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि पुस्तक अध्यायवार विभाजित होगी और प्रत्येक अध्याय पर समिति के सदस्य निर्धारित विषय के अनुसार कार्य करेंगे। उन्होंने उदाहरणस्वरूप वरिष्ठ पत्रकार व राज्यसभा के उपसभापति



डॉ. हरिवंश की पत्रकारिता यात्रा पर आधारित कॉफी टेबल पुस्तक एडवोकेसी जर्नलिज्म के साथ डॉ. हरिवंश के प्रयोग का उल्लेख किया। कुलपति ने कहा कि यह पुस्तक न केवल विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करेगी बल्कि नैक से जुड़ी कागजी प्रक्रिया को भी सशक्त बनाएगी। इसे बिहार ही नहीं, बल्कि देश के अन्य विश्वविद्यालय भी मॉडल के रूप में अपना सकेंगे। बैठक में समिति के सदस्य के रूप में प्रबंधन विभाग के निदेशक डॉ. गोपाल सिंह, मनोविज्ञान की डॉ. मीनाक्षी, संस्कृत की डॉ. एकता वर्मा, हिन्दी के डॉ. परम प्रकाश राय, श्रम एवं समाज कल्याण की डॉ. वंदना, राजनीति विज्ञान की डॉ. प्रियंका, भारतीय एवं एशियाई अध्ययन के डॉ. चन्द्र प्रकाश, कंप्यूटर विज्ञान के डॉ. धर्मेंद्र, मनोविज्ञान की डॉ. ममता मेहरा, राजनीति विज्ञान की डॉ. दिव्या मिश्रा, डॉ. शंकर शर्मा भी मौजूद रहे। इसके अलावा राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी घोष तथा उसी विभाग के डॉ. शमशाद और अविनाश भी शामिल हुए।

## टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में हंगामा, वेज की जगह नॉनवेज परोसा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र में टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में जमकर हंगामा हुआ। वेज की जगह नॉनवेज परोसने पर शिक्षकों ने बवाल काटा।हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। किसी तरह से समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। पुलिस ने इस संबंध में आवेदन देने को कहा है। शिक्षिका सोनम कुमारी ने बताया कि सोमवार को ट्रेनिंग का पहला दिन था।रात में वेज और नानवेज खाने की व्यवस्था थी।रात 8 बजे से लेकर 8:40 बजे तक वेज और उसके बाद नानवेज का समय निर्धारित था।वेज खाने वालों को मेस की ओर से खाना परोसा गया।पनीर की सब्जी दी गई थी, लेकिन उसका टेस्ट कुछ अजीब सा लगा। इस बात को लेकर हमलोग आपस में चर्चा कर ही रहे थे कि खाने में चिकेन का एक पीस निकल गया।प्लेट में चिकन देख कर सभी का गुस्सा फूट पड़ा।शिक्षकों का आरोप है कि यह घटना महज कोई भूल या गलती नहीं, बल्कि सोची-समझी साजिश है। आरोप सीधे कॉलेज के प्रधानाध्यापक और शिक्षक प्रमोद कुमार पर लगा है। कहा गया कि यह सब उन्हीं के संरक्षण में हुआ, ताकि शिक्षकों का अपमान किया जा सके। गुस्साए शिक्षकों ने प्राचार्य हेमा कुमारी को फोन किया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। इसके बाद कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।मामला बढ़ा तो मौके पर पुलिस बुलाई गई।डायल 112 की टीम पहुंची। शिक्षकों की समस्या सुनी और मेस की पड़ताल भी की। लेकिन यहां भी राहत नहीं मिली। आरोप है कि पुलिस ने शिकायत को हल्के में ले लिया।कुछ पुलिसकर्मियों ने तो उन्हें गधा तक कह डाला।इसके बाद माहौल और तनावपूर्ण हो गया। लोगों ने पुलिस की गाड़ी को घेर लिया।कड़ी मशक्कत के बाद माहौल शांत हुआ।आक्रोशित शिक्षकों का कहना है कि ट्रेनिंग जैसी गंभीर प्रक्रिया में इस तरह की हरकत सीधे तौर पर आस्था से खिलवाड़ है।

## विवाहिता को फंदा से लटका कर मारा, शव जलाया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** अलीपुर थाना क्षेत्र के रूपसपुर ग्राम में विवाहिता को फंदा से लटका मार कर शव जला दिया गया। घटना को अंजाम देने में शामिल पति व सास को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। मामले को लेकर विवाहिता की मां के द्वारा अलीपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। नालंदा जिला के बिंद थाना क्षेत्र के महमूदाबाद के रहने वाले रामबच्चन चौहान की पत्नी जीरा देवी द्वारा की गई लिखित शिकायत में कहा गया है कि उनकी पुत्री सोनी की शादी विगत दो वर्ष पूर्व अलीपुर थाना क्षेत्र के रूपसपुर ग्राम के रहने वाले सस्तानन्द नोनिया के पुत्र सोनू नोनिया के साथ हुई थी। विगत मंगलवार की जीरा देवी की दूसरी बेटी ने सूचना दी कि सोनी का पति व ससुराल के अन्य लोगो के साथ लड़ाई झगड़ा हुआ था जिसके बाद ससुराल वाले द्वारा फंदा से लटका हत्या कर दिया गया। सूचना मिलते ही मायके वाले जब पहुंचे तब तक ससुराल वाले साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को जला चुके थे। जीरा देवी ने पुत्री के पति, सास, ससुर व भैंसूर के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामले को लेकर अलीपुर एसएचओ सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि शिकायत मिलते ही घटना का सत्यापन करा एक घण्टे के भीतर आरोपी पति सोनू नोनिया व सास मूंगिया देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## चंदन सिंह के नेतृत्व में सीएम का हुआ जोरदार स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बुधवार को पितृपक्ष मेला क्षेत्र का निरीक्षण करने के लिए गया जी आगमन पर विष्णुपद मंदिर के पास जदयू मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में जदयू नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। विष्णुपद मंदिर के मुख्य द्वार पर चंदन सिंह सीएम को अंगवस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया।सीएम ने चंदन सिंह का हाल जानें और पितृपक्ष मेला से संबंधित जानकारी प्राप्त किया। जदयू कार्यकर्ताओं के नीतीश कुमार जिन्दाबाद, 2025 फिर से नीतीश का नारा से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

## नीतीश देश के एकमात्र समाजवादी नेता : डॉ. चन्दन यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** कई विभागों के योजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गया जी पहुंचे। इस क्रम में बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश सचिव डॉ. चन्दन यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का गांधी मैदान में बने हेलीपैड पर पुष्प गुच्छ दे कर भव्य स्वागत किया। साथ हीं जन संवाद कार्यक्रम स्थान बेलागंज पड़ाव पर मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उनका सानिध्य प्राप्त किया। मौके पर डॉ.चन्दन यादव ने कहा कि पूरे प्रदेश और देश में नीतीश एक मात्र ऐसे नेता है जो समाजवाद के जीवंत उदाहरण है, मुख्यमंत्री के नेतृत्व की सरकार की प्राथमिकता रही प्रदेश के चहुमुंखी विकास, आपसी भाईचारे और सभी को न्याय। डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के लिए पूरा बिहार एक परिवार है और बिहार ने भी मुख्यमंत्री के ऊपर आपर स्नेह रखा है, आगामी विधानसभा चुनाव 2025 में विपक्ष चाहे जितना जोर लगा ले और जितना दिग्भ्रमित करने का कोशिश कर ले, बिहार की जनता मालिक अपने सेवक के साथ है और उन्हें सब पता है कि सत्ता मिलने पर कौन समाजवाद के पुरोधा बन कर समाज का सेवा करता है और कौन अपने परिवार के साथ धनार्जन में लग जाता है।

## दो घरों से लाखों के जेवरात व नगदी ले उड़े चोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** शहर के सत्संग नगर मोहल्ले में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर रात अज्ञात चोरों ने मोहल्ले के दो घरों में धावा बोला। चोरों ने घर के लोहे की जाली को तोड़कर अंदर प्रवेश किया और बड़ी सफाई से घटना को अंजाम दिया। पहली वारदात लीला देवी, पति नवल राम के घर में हुई जहां से चोरों ने 40 हजार रुपये नगद के



साथ-साथ सोने-चांदी के कई कीमती जेवरात चुरा लिए। वहीं दूसरी वारदात गुंजन कुमार सिन्हा के घर में हुई। चोरों ने उनके घर के गोदरेज को तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के गहने और नगदी अपने साथ ले भागे। सुबह घटना की जानकारी होते ही मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए और पुलिस को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घरों की बारीकी से जांच की और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल चोरों की पहचान करने के लिए तकनीकी

## पीड़ित आश्रितों को एक करोड़ मुआवजा एवं नौकरी की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** प्रगतिशील विश्वकर्मा सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने हाल ही में दलित जाति के अपराधियों द्वारा आंती थाना क्षेत्र के बरई गांव में अति पिछड़ा वर्ग बढ़ही जाति की महिला मृतक मीना देवी पति उदय शर्मा की बलात्कार सह हत्या कर देने एवं अन्य परिजनों को बुरी तरह घायल कर देने की घटना को लेकर एक शिष्टमंडल के साथ पीड़ित के घर का दौरा किया और घटना के संबंध में पूरी जानकारी हासिल कर बताया कि सरकार पीड़ित परिवार को



अविलम्ब एक करोड़ रुपए मुआवजा के साथ-साथ एक आश्रित को सरकारी नौकरी प्रदान करे तथा अपराधियों को स्पीडी ट्रायल शुरू कर फांसी की सजा दे। समाज में आज मूल अति पिछड़ा वर्गों का जीना दुश्वार हो गया है। शिष्टमंडल में डॉक्टर यदुनंदन शर्मा, सुजीत कुमार, ब्रजेश कुमार, दिलीप शर्मा, अमरेंद्र शर्मा सहित कई मूल अति पिछड़ा वर्ग के लोग सम्मिलित रहे।

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विमर्श को लेकर बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** नजमुल होदा (आईपीएस), विशेष प्रेक्षक, भारत निर्वाचन आयोग की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 से संबंधित मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बुधवार को विमर्श हेतु बैठक आयोजित की गई। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता का नाम छुटे नहीं, इसके लिए पंचायत स्तर के बुथों पर कैंप लगाकर बीएलओ/ बीएलए आपस में समन्वय स्थापित कर कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करेंगे। विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य प्रदर्शिता पूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा सुझाव व्यक्त किए गए।जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने अपने संबोधन में कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य पारदर्शी तरीके से किया जा रहा है।कोई मतदाता न छूटे, दावा/आपत्तियो का आवेदन 1 सितंबर 2025 तक प्राप्त किए जाएंगे। ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि ड्राफ्ट रोल में 2901493 मतदाताओं का नाम शामिल हुआ है जो लगभग 99.93% मतदाताओ का नाम ड्राफ्ट रोल में आया है। भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाइट पर बीएलओ के माध्यम से कोई भी वोटर संबंधित दस्तावेज अपलोड के लिये लंबित नही है। इसपर विशेष प्रेक्षक, भारत निर्वाचन आयोग ने खुशी प्रकट किया है। 01 अगस्त से 01 सितंबर तक दावा आपत्ति प्राप्त मामले में फॉर्म 06 के 39544 आवेदन, फॉर्म 07 के 5702 आवेदन एवं फॉर्म 08 के 15323 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसका निष्पादन निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के द्वारा किया जा रहा है।सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों ने बताया कि पूरी पारदर्शिता से विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है।ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा समय समय पर विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य के संबंध में बैठक कर अवगत करवाया जाता रहा है।सभी राजनैतिक दल द्वारा काफी प्रसन्नता वक़्त किया गया कि पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य गया जिले में किये जा रहे हैं।ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का समय समय पर बैठक आयोजित कर सभी जानकारी उपलब्ध करवाया गया।इस अवसर पर एसएसपी आनंद कुमार सहित मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक 01.09.2025,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन–121–25–26, कार्य का नाम:** दमदम कैन्टोनमेंट स्टेशन पर यात्री केंद्रित सुविधाओं को प्रदान करने के लिए प्रस्ताव। **निविदा मूल्य :** रु.4,48,25,034.51, **बयाना राशि :** रु. 3,74,100/–, **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन–107–25–26, कार्य का नाम:** सियालदह मंडल के तहत वरिष्ठ मंडल अभियंता/II/सियालदह के क्षेत्राधिकार में आवश्यक पाइपलाइन कार्य के साथ विभिन्न स्टेशनों पर टॉयलेट ब्लॉक का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु.1,97,71,668.85, **बयाना राशि :** रु. 2,48,900/–, **कार्य की समापन अवधि:** 09 (नौ) माह (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **क्रम सं. 3, निविदा सं.: टीएन–123–25–26, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/II/सियालदह के क्षेत्राधिकार में पीक्यूआरएस बेस में पीएससी स्लीपर को उतारने के साथ अन्य सहायक कार्य (01 वर्ष के लिए)। **निविदा मूल्य :** रु.49,00,735/–, **बयाना राशि :** रु. 98,000/– **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह । **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 26.09.2025 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1, 2 एवं 3 प्रत्येक के लिए)। (1) निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (2) भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार, ई–निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है। (3) **निविदा के खुलने की तिथि और समय** दिनांक 26.09.2025 को 15.00 बजे है।

SDAH-190/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## छर्री लदा हाइवा ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गया।** डोभी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए केसापी देवी मंडप के पास से छर्री लदा हाइवा ट्रक को जब्त कर लिया है। ट्रक पर नंबर प्लेट नहीं था जिससे अवैध परिवहन की जा रही थी। पुलिस ने मौके से चालक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चालक पर कांड संख्या 231/25 दर्ज कर धारा 303 क्लोज 2/317 क्लोज 2 बीएनएस गिरफ्तार चालक की पहचान योगेंद्र कुमार यादव, पिता रामभजन यादव ग्राम नयनसागर थाना-बाराचट्टी जिला-गया जी है। गिरफ्तार चालक को विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गाड़ी में नंबर प्लेट नहीं था और इस मामले की गहन जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## तेज रफ्तार ट्रक सेल टैक्स ऑफिस में घुसा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** शहर में रविवार की देर रात सिविल लाइन थाना क्षेत्र में बड़ा हादसा होते-होते टल गया।तेज रफ्तार बिना नंबर का ट्रक अचानक नियंत्रण खो बैठा और सिविल कोर्ट के पास स्थित सेल टैक्स ऑफिस की दीवार तोड़ते हुए अंदर घुस गई।गनीमत रही कि उस वक्त वहां कोई मौजूद नहीं था, नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है।ट्रक की जोरदार टक्कर से सेल टैक्स ऑफिस की बाउंड्री वॉल पूरी तरह टूट गई। सेल टैक्स कैंपस के अंदर खड़ी एक स्कॉर्पियो भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग रात में ही मौके पर जुट गए।

## महिला की मौत, पति ने कहा जहर खाकर दी जान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** शहर के विष्णु पद थाना क्षेत्र के नवागढ़ी मोहल्ले में एक महिला ने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। आरोप है कि महिला पर घर खाली करने का दबाव बनाया जा रहा था, जबकि उसे मकान बेचने के पूरे पैसे नहीं मिले थे।मृतका की पहचान नवागढ़ी मोहल्ले की निवासी निशा नंदन के रूप में हुई है जो श्याम नंदन प्रसाद की पत्नी थीं। पति श्याम नंदन प्रसाद ने बताया कि उन्होंने आर्थिक तंगी के कारण अपना मकान एक करोड़ 11 लाख रुपए में वैभव चंद सिंह नाम के व्यक्ति को बेचा था।यह सौदा रूपेश सिंह नाम क एक बिचौलिए के माध्यम से हुआ था। श्याम नंदन के मुताबिक, खरीदार वैभव चंद सिंह ने मकान की रजिस्ट्री करवाते समय एडवांस के रूप में 55 लाख रुपए दिए थे और बाकी की राशि एक साल के अंदर देने का वादा किया था। श्याम नंदन का आरोप है कि एक साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उन्हें बाकी के पैसे नहीं मिले जब उन्होंने पैसे मांगे तो खरीदार टालमटोल करने लगा। मंगलवार को वैभव चंद सिंह और उसके कुछ साथी जबरदस्ती मकान खाली करवाने की धमकी देने लगे।

## समाज सेविका के आकस्मिक निधन पर शोक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने समाज सेविका निशा नंदन की आकस्मिक मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया।डॉ. मिश्रा पीड़ित परिवार से मिलकर पूरी घटना की जानकारी प्राप्त की। परिजनों ने बताया कि निशा नंदन ने जहर खाकर आत्महत्या की है, लेकिन उनका मानना है कि निशा नंदन जैसी साहसी और समाज सेवा के लिए समर्पित युवती आत्महत्या जैसा कदम नहीं उठा सकती।परिवार का आरोप है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या भी हो सकती है।डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने परिजनों की पीड़ा साझा करते हुए कहा कि यह अत्यंत दुखद और संवेदनशील घटना है।

## छात्रों का वास्तु विहार बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड में कैंपस प्लेसमेंट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी(गयाजी)।** दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ अर्थ, बायोलॉजिकल एंड एनवायर्नमेंटल साइंस के विभिन्न विभागों के कुल 20 छात्रों को बोधगया स्थित शोध संस्थान वास्तु विहार बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड में कैंपस प्लेसमेंट मिला है।कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के मार्गदर्शन में, एसईबीईएस के डीन प्रो. रिजवानुल हक और समिति के सदस्यों डॉ. कृष्ण प्रकाश एवं डॉ. प्रतिष्ठा सोनकर के मार्गदर्शन में, अन्य विभागाध्यक्षों और उनके प्रतिनिधियों के साथ, प्लेसमेंट अभियान का आयोजन किया गया। वास्तु विहार बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक विनय तिवारी अपने संस्थान के शोध लेबोरेटरी के विभिन्न पदों के लिए सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवारों का चयन करने हेतु प्लेसमेंट अभियान के दौरान स्वयं उपस्थित थे। जन संपर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि बायोटेक्नोलॉजी, लाइफ साइंस, केमिस्ट्री, फार्मेसी, एनवायर्नमेंटल साइंस और बायोइन्फरमेटिक्स विभागों के छात्रों ने कैंपस प्लेसमेंट अभियान में भाग लिया।प्लेसमेंट ड्राइव में एसईबीईएस के विभागों के 35 से अधिक स्नातकोत्तर और पीएचडी स्कॉलर्स ने भाग लिया।

प्लेसमेंट साक्षात्कार डॉ. विवेक द्विवेदी और उनकी टीम के एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा आयोजित किए गए।


**बिहार सरकार**

**कार्यालय नगर परिषद् दाउदनगर (औरंगाबाद)**

**अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–11/2025–26**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष 2025 में कार्यालय नगर परिषद् दाउदनगर के प्रांगण में जिउतीया लोकोउत्सव दिनांक–13.09.2025 से 16.09.2025 तक संध्या 6:00 बजे से रात्रि 10 बजे तक मनाये जाने हेतु निर्णय बोर्ड की सामान्य बैठक दिनांक–19.08.2025 में सर्वसम्मति से लिया गया है। उक्त निर्णय के आलोक में आयोजन हेतु निम्नलिखित समानों की आवश्यकता है, जो निम्नवत् है–

1. शहर के दो स्थानो पर प्रवेश द्वार का निर्माण, पांच सौ अदद कुर्सी, कार्यालय नगर परिषद् के प्रांगण में 30×20 का वाटरप्रूफ स्टेज निर्माण, स्टेज साउण्ड (नाटक युक्त), डिस्को लाईट, वाद्ययंत्रो (Musical Instrument-नाल, ऑर्गन, बैंजो पैड, तबला), कैमरा रिकॉर्डर, क्लिप क्रिएटर एवं साज सजावट के साथ।
2. कार्यालय नगर परिषद् के प्रांगण में 15×30 का वाटरप्रूफ स्टेज निर्माण, दर्शक दिर्घा के बैठने हेतु 80×30 में वाटरप्रूफ पंडाल निर्माण।
3. कार्यालय नगर परिषद् के प्रांगण में 1300 Sq feet में बैरिकेडिंग एवं कारपेट बिछाना, पूरे प्रांगण में ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं उत्तम लाइट के साथ–साथ सजावट, बड़ा साईज का चार अदद कुलर, पंखा इत्यादि।
4. सोफा 20 अदद, भी0आई0पी0 कुर्सी 50 अदद, 6 अदद 20×10 का फ्लेक्स बैनर एवं 6 अदद 8×6 का फ्लेक्स बैनर साथ ही प्रत्येक दिन आयोजन के पूर्व दोनो स्टेज को फूल माला से साज–सजावट किया जाना एवं दोनो स्टेज पर सीढ़ी एवं रैम्प निर्माण।

❖ **शर्तें:–**

1. उपरोक्त सामग्री के आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु कोटेशन दाता अपने कोटेशन को मुहर बंद लिफाफा में दर के साथ दिनांक–10.09.2025 को कार्यालय अवधि में समय 3:00 बजे तक जमा कर सकते है। प्राप्त लिफाफा को सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों के समक्ष खोला जाएगा एवं न्यूनतम कोटेशन दाता को कार्यादेश निर्गत की जाएगी।
2. सामग्री ले आने एवं ले जाने हेतु किसी प्रकार के भाड़े का भुगतान नहीं किया जाएगा।
3. किसी भी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा कार्य समाप्ति उपरांत प्रस्तुत विपत्र से शेष कटौती कर भुगतान की जाएगी।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद् दाउदनगर

PR. No. 013648 (B&C) 25-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।



**Govt. of Bihar**

**Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Ltd.**
A Government of Bihar Undertaking

**SHORT TERM NOTICE INVITING TENDER**
*For*
**Different Projects in different cities of Bihar**

**Re - NIT No: 11/2025-26/Aurangabad.**
(Through e-procurement2.bihar mode only – www.eproc2.bihar.gov.in)

| Sl. No | Name of work | Estimated Cost (Rs in Lakh) | Bid Processing fees | Bid Document Cost (in Rs) | Bid Security (EMD) (Rs in Lakh) | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर परिषद औरंगाबाद अन्तर्गत एन0एच0 19 नारायण सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पीटल से मिशन स्कूल होते हुए न्यू बाल बिहार तक पथ निर्माण कार्य। | 2,24,09,197.00 | As per Beltron Norms | 17,700.00 | 4.49 | 9 Months |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | Date of downloading of bid document | : | From **08.09.2025 to 15.09.2025** up to **03:00** PM Through website www.eproc2.bihar.gov.in |
| 3. | Place & Date of Pre-bid meeting | : | Date **10.09.2025** Time **12:00** PM. Office of Project Director, BUIDCo, Aurangabad |
| 4. | Last date and time for receipt (upload) of bids | : | Date **15.09.2025** up to **03:30** PM Through website www.eproc2.bihar.gov.in |
| 5. | Last Date and time for Submission of hard copy of EMD | : | Date **17.09.2025** up to **04:00** PM |
| 6. | Time and date of opening technical bids | : | Date **17.09.2025** Time **04:00** PM ds ckn |
| 7. | Time and date of opening of financial bids | : | To be communicated la tter on |
| 8 | Place of opening of bid | : | Through website www.eproc2.bihar.gov.in |
| 9. | Period of bids validity | : | 120 days |
| 10. | Officer inviting bids | : | Project Director, BUIDCO, Aurangabad |

The detailed NIT can be obtained through website www.eproc2.bihar.gov.in and www.buidco.in.
For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

परियोजना निदेशक,
औरंगाबाद, बुडको

PR. No. 013526 (B&C) 25-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

संपादकीय

# शी–मोदी भेंट, ट्रंप को संदेश!

चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग समझौते (एससीओ) की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिन पिंग के बीच गर्मजोशी भरी मुलाकात और कई मुद्दों पर तीखे मतभेदों के बावजूद मिलकर काम करने की बातों का कोई बड़ा सरकारात्मक नतीजा भले न निकले, लेकिन इसके जरिए भारत और चीन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कड़ा संदेश जरूर दे दिया है। इस सम्मेलन के बाद ट्रंप और अमेरिका का अगला कदम क्या होगा, यह देखने की बात है। हालांकि सम्मेलन के दौरान रविवार को मोदी पिंग मुलाकात पर भारत और चीन ने जो अलग अगल बयान जारी किए हैं, उनमें भारत में विपक्ष द्वारा सरकार से पूछे जा रहे सवालों के जवाब नहीं मिलते। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और चीन दोनों ही रणनीतिक स्वायत्तता चाहते हैं और दोनों के संबंधों को किसी तीसरे देश के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। शी से चर्चा के दौरान पीएम मोदी ने सीमा पर शांति बनाए रखने की ज़रूरत पर भी ज़ोर दिया। दूसरी तरफ शी जिनपिंग ने कहा कि, 'चीन और भारत दुनिया के सबसे ज़्यादा आबादी वाले देश हैं और ग्लोबल साउथ का हिस्सा हैं। दोस्त बने रहना, अच्छे पड़ोसी होना, ड्रैगन और हाथी का साथ आना बहुत ज़रूरी है।' ध्यान रहे कि इसके पहले अक्टूबर 2024 में कजान में मोदी और शी जिनपिंग की मुलाक़ात हुई थी। इसके बाद से दोनों के द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक प्रगति हुई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि विकास के रास्ते में दोनों देश साझेदार हैं, प्रतिद्वंद्वी नहीं। दोनों के बीच के मतभेद हो सकते हैं लेकिन वो विवादों में नहीं बदलने चाहिए। भारत ने अपने बयान में 'एक बहुध्रुवीय विश्व के साथ-साथ एक बहुध्रुवीय एशिया' पर भी ज़ोर दिया और कहा कि 'दोनों देशों के बीच स्थायी संबंध और सहयोग लोगों के बीच आपसी सम्मान, आपसी हित और आपसी संवेदनशीलता के आधार पर होने चाहिए। पीएम मोदी और शी जिनपिंग की मुलाक़ात को लेकर विपक्ष ने कई सवाल किए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इस मुलाक़ात का मूल्यांकन कुछ संदर्भों में किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि जून 2020 में गलवान घाटी में चीन की आक्रामकता के कारण भारत के 20 सैनिकों की जान गई। इसके बावजूद, पीएम मोदी ने चीन को कायराना क्लीन चिट दे दी। इससे उस क्षेत्र में चीन की आक्रामकता को अप्रत्यक्ष रूप से वैधता मिल गई है। साथ ही 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान चीन द्वारा पाक सेना की खुलकर मदद पर मोदी सरकार ने चुप्पी साध ली है। वहीं समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा, चीन भारत की ज़मीन पर क़ब्ज़ा कर रहा है और बीजेपी सरकार शांत है। भारत चीन के बीच एक बड़ा मुद्दा व्यापार घाटे का भी है। 2024-25 के आंकड़े बताते हैं कि भारत ने चीन को 14.25 अरब डॉलर का निर्यात किया जबकि इस दौरान चीन से हुए आयात का आंकड़ा 113.46 अरब डॉलर का रहा है, यानी व्यापार घाटा क़रीब 99.21 अरब डॉलर का था। बीते पांच साल में चीन को भारत का निर्यात धीरे-धीरे कम हुआ है, लेकिन चीन से उसका आयात बढ़ा है। यानी जहां 2020-21 में व्यापार घाटा 44.02 अरब डॉलर का था, वहीं 2024-25 में ये बढ़कर 99.21 अरब डॉलर हो गया है। बहरहाल देखने की बात यह है कि अमेरिका भारत चीन की नई और संकटकालीन दोस्ती को किस रूप में लेता है। इस मुलाकात से उसके कान जरूर खड़े हो गए होंगे। लेकिन भारत के रूप में वह एक बड़ा दोस्त खो रहा है, इसका अहसास कब होगा, कहना कठिन है।

# राहुल के मंच से अखिलेश ने साधा यूपी

**बिहार की सियासत इस समय चुनावी गर्माहट के दौर से गुजर रही है। विधानसभा चुनाव की तारीख़ों का ऐलान अभी भले ही नहीं हुआ है, लेकिन पूरे राज्य में चुनावी माहौल अपने चरम पर है। इस माहौल को और तेज करने का काम राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की निकाली गई 'वोटर अधिकार यात्रा' ने कर दिया है। 17 अगस्त को सासाराम से शुरू हुई यह यात्रा लगभग 16 दिनों तक बिहार की सड़कों पर चलती रही और 23 जिलों के करीब 1300 किलोमीटर का सफर तय करने के बाद 1 सितंबर को पटना में भव्य समापन के साथ समाप्त हुई। इस यात्रा का मकसद सिर्फ भीड़ जुटाना या रैलियां करना नहीं था, बल्कि यह सीधे तौर पर मतदाता सूची में गड़बड़ियों और मताधिकार को लेकर चुनाव आयोग पर दबाव बनाने की कवायद के रूप में पेश की गई। विपक्ष ने इसे लोकतंत्र बचाने की कवायद बताया तो सत्तारूढ़ एनडीए ने इसे जनता को गुमराह करने वाला अभियान कहा। लेकिन इन आरोप-प्रत्यारोपों से इतर यह तय है कि इस यात्रा ने बिहार की सियासी फिजा में एक नया रंग भर दिया है।**

**अजय कुमार**

यात्रा की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि इसमें कांग्रेस और आरजेडी के साथ-साथ समाजवादी पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा जैसे दलों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यात्रा के अंतिम दिन पटना में हुए समापन समारोह में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के साथ अखिलेश यादव भी मौजूद थे। अखिलेश की मौजूदगी ने इस यात्रा को बिहार की राजनीति के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की राजनीति से भी जोड़ दिया। अखिलेश यादव ने खुले मंच से तेजस्वी यादव को महागठबंधन का मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित करने का समर्थन किया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि बिहार में तेजस्वी यादव से बेहतर मुख्यमंत्री कोई नहीं हो सकता और वह हमेशा तेजस्वी के साथ खड़े रहेंगे। यह बयान न केवल बिहार की राजनीति को प्रभावित करता है बल्कि यूपी की राजनीति के लिए भी एक संकेत है।

दरअसल कांग्रेस और आरजेडी के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर स्थिति अभी साफ नहीं है। कांग्रेस लगातार इस सवाल पर चुप्पी साधे हुए है कि महागठबंधन की ओर से सीएम चेहरा कौन होगा। तेजस्वी यादव ने कई बार राहुल गांधी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बताया, लेकिन कांग्रेस ने कभी यह नहीं कहा कि वह तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री उम्मीदवार मानती है। इस असमंजस की स्थिति में अखिलेश यादव का तेजस्वी के समर्थन में आना राहुल गांधी और कांग्रेस पर दबाव बनाने जैसा है। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि अखिलेश का यह कदम सिर्फ बिहार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह 2027 में उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव के लिए भी एक संकेत है। अखिलेश जानते हैं कि जिस तरह कांग्रेस ने बिहार में सीएम चेहरे पर सस्पेंस रखा है, वैसा ही कुछ यूपी में भी हो सकता है। इसलिए उन्होंने पहले ही अपना पत्ता खोल दिया ताकि कांग्रेस भविष्य में किसी तरह का राजनीतिक दांव न खेल सके।

'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान जनता का जो उत्साह देखने को मिला, उसने विपक्ष को नई ताकत दी। पटना में यात्रा के समापन मौके पर 'गांधी से अंबेडकर मार्च' आयोजित



किया गया, जिसमें राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, टीएमसी के नेता और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान समेत कई विपक्षी नेता शामिल हुए। यह मार्च गांधी मैदान से शुरू होकर अंबेडकर पार्क तक पहुंचा। इस यात्रा और मार्च के जरिए विपक्ष ने यह संदेश देने की कोशिश की कि वह सिर्फ चुनावी गठजोड़ तक सीमित नहीं है, बल्कि लोकतंत्र की रक्षा और मतदाताओं के अधिकारों की सुरक्षा के लिए भी एकजुट है।

इस यात्रा का एक बड़ा राजनीतिक नतीजा यह भी रहा कि कांग्रेस को बिहार में अपनी 'बर्गेनिंग पावर' बढ़ाने का मौका मिला। अब तक महागठबंधन में कांग्रेस को अक्सर राजद की बी-टीम कहा जाता रहा है, लेकिन इस यात्रा ने कांग्रेस को भीड़ जुटाने और एजेंडा सेट करने की ताकत दिखाई। राहुल गांधी के भाषणों में लगातार 'वोट चोरी' और 'लोकतंत्र बचाओ' का मुद्दा रहा, जिससे यह संदेश गया कि कांग्रेस सिर्फ सहयोगी नहीं बल्कि नेतृत्वकारी भूमिका निभाने का दावा कर रही है। यह बात आरजेडी और कांग्रेस दोनों के रिश्तों में नया समीकरण गढ़ सकती है।

हालाँकि यात्रा विवादों से भी अछूती नहीं रही। दरभंगा में यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां को लेकर की गई विवादित टिप्पणी ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया। भाजपा ने इसे विपक्ष की हताशा करार दिया और कहा कि महागठबंधन का कोई नेता सीएम का चेहरा घोषित नहीं कर पा रहा क्योंकि तेजस्वी यादव भ्रष्टाचार के मामलों में आरोपी हैं और एजेंसियां जांच कर रही हैं। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी की चुप्पी इस बात का सबूत है कि महागठबंधन अंदरूनी विरोधाभासों से घिरा हुआ है।

वहीं विपक्षी खेमे का दावा है कि जनता अब पूरी तरह उनके साथ है। तेजस्वी यादव ने कहा कि जैसे यूपी में अखिलेश यादव ने बीजेपी के '400 पार' के नारे को आधे पर रोक दिया, वैसे ही बिहार में भी विपक्ष मिलकर बीजेपी को रोक देगा। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार की जनता जागरूक है और इस बार वोट की ताकत से सत्ता परिवर्तन करेगी। राहुल गांधी ने भी कहा कि यह यात्रा बिहार की जनता के हक की लड़ाई है और अब जनता ही तय करेगी कि लोकतंत्र की रक्षा कैसे करनी है।

अगर इस यात्रा को व्यापक दृष्टिकोण से देखा जाए तो यह सिर्फ बिहार तक सीमित नहीं है। यह विपक्ष के लिए एक प्रयोगशाला की तरह है। कांग्रेस, राजद, सपा और झामुमो जैसे दल इस यात्रा के जरिए अपने मतदाताओं को यह दिखाना चाहते हैं कि वे सिर्फ गठबंधन की राजनीति नहीं कर रहे बल्कि जनता के अधिकारों के लिए भी संघर्षरत हैं। दूसरी ओर भाजपा इसे सिर्फ चुनावी नौटंकी बताकर खारिज करने में लगी है। लेकिन यह इनकार नहीं किया जा सकता कि इस यात्रा ने विपक्ष को एकजुटता का मंच जरूर दिया और भीड़ ने यह साबित किया कि विपक्ष का संदेश जनता तक पहुंच रहा है।


अब सवाल यह है कि क्या यह भीड़ वोट में तब्दील होगी? राजनीतिक इतिहास बताता है कि भीड़ जुटाना और वोट पाना, दोनों अलग-अलग बातें हैं। बिहार में जातिगत समीकरण और स्थानीय मुद्दे अभी भी सबसे अहम भूमिका निभाते हैं। आरजेडी का यादव-मुस्लिम समीकरण, कांग्रेस का पारंपरिक वोट बैंक, सपा का सीमित प्रभाव और झामुमो की मौजूदगी ये सब मिलकर चुनाव में कितना असर डालेंगे, यह कहना अभी मुश्किल है। लेकिन यह तय है कि इस यात्रा ने चुनावी नैरेटिव को बदलने का काम किया है। अब चुनाव सिर्फ विकास या रोजगार के मुद्दे पर नहीं, बल्कि मताधिकार और लोकतंत्र की रक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर भी लड़ा जाएगा।

कांग्रेस और राजद की इस जोड़ी ने अपने अभियान से भाजपा पर दबाव जरूर बढ़ाया है, लेकिन भाजपा का संगठनात्मक ढांचा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का अनुभव अभी भी महागठबंधन के लिए बड़ी चुनौती है। भाजपा लगातार यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि विपक्ष सिर्फ परिवारवाद और भ्रष्टाचार की राजनीति करता है, जबकि एनडीए विकास और सुशासन का मॉडल लेकर चुनाव मैदान में उतरेगा।

आखिरकार, बिहार की इस 'वोटर अधिकार यात्रा' ने यह साफ कर दिया है कि विधानसभा चुनाव अब सीधी टक्कर का रूप ले चुके हैं। एक तरफ एनडीए अपने मजबूत संगठन और शासन के अनुभव पर भरोसा कर रहा है, तो दूसरी तरफ महागठबंधन अपने जनसमर्थन और एकजुटता का प्रदर्शन कर रहा है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की जोड़ी के साथ अखिलेश यादव की मौजूदगी ने इस टक्कर को और रोचक बना दिया है। आने वाले दिनों में यह साफ हो जाएगा कि यात्रा की यह सियासी ऊर्जा वास्तविक वोटों में तब्दील होती है या नहीं, लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि इसने बिहार की राजनीति को नई दिशा देने का काम किया है और 2025 के विधानसभा चुनाव अब पहले से कहीं ज्यादा दिलचस्प हो गए हैं।

अध्यात्म

## तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा



एक गाँव में माँ-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी माँ से कहने लगी कि गाँव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊँगी। माँ ने कहा कि वहाँ बहुत भीड़ होगी कहीं गिर जाओगी तो चोट लगेगी। लड़की ने माँ की बात नहीं सुनी और मेला देखने चल पड़ी।

माँ ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घण्टी में पानी दिया। माँ ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गाँववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई।

लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि माँगो तुम क्या माँगती हो?

लड़की मन में सोचने लगी कि क्या माँगू? अन्न माँगू या धन माँगू या अपने लिए अच्छा वर माँगू या खेत माँगू या महल माँगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुँची तो माँ ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

# डोनाल्ड ट्रंप के दोमुंहे व्यक्तित्व के मायने

**ट्रंप के "अकड़ी-मकड़ी दूध मदार, नजर उतर गई पल्ले पार" नुमा झूठ को 45 बार से अधिक बोलने के रिकॉर्ड को ढाल बनाकर विपक्ष ने मोदी पर जो तलवार गलत चलाई, कहीं अब उसकी "धार" विपक्ष को "घायल" तो नहीं करने जा रही है? प्रश्न यह इसलिए कि "ऑपरेशन सिंदूर" के समय भारत सरकार के लगातार दावे के अनुसार भारत-पाकिस्तान के बीच "द्विपक्षीय" समझौता होकर ही "युद्ध विराम" हुआ था, जिसमें किसी "तीसरे पक्ष" का कोई हस्तक्षेप न तो था और न ही होने का कोई प्रश्न उत्पन्न होता है।**

**राजीव खण्डेलवाल**

हमारे यहां एक रूपक प्रचलित है। "दुधारी तलवार।" मतलब इसके सकारात्मक और नकारात्मक अच्छे-बुरे दोनों पहलू होते हैं। यह रूपक एक ऐसी चीज के बारे में प्रयोग किया जाता है, जिसके दोनों तरफ घाव होता है, जिससे हमला करने वाला और जिस पर हमला किया जा रहा हो, दोनों को ही चोट पहुंच सकती है। ट्रंप के "अकड़ी-मकड़ी दूध मदार, नजर उतर गई पल्ले पार" नुमा झूठ को 45 बार से अधिक बोलने के रिकॉर्ड को ढाल बनाकर विपक्ष ने मोदी पर जो तलवार गलत चलाई, कहीं अब उसकी "धार" विपक्ष को "घायल" तो नहीं करने जा रही है? प्रश्न यह इसलिए कि "ऑपरेशन सिंदूर" के समय भारत सरकार के लगातार दावे के अनुसार भारत-पाकिस्तान के बीच "द्विपक्षीय" समझौता होकर ही "युद्ध विराम" हुआ था, जिसमें किसी "तीसरे पक्ष" का कोई हस्तक्षेप न तो था और न ही होने का कोई प्रश्न उत्पन्न होता है। परन्तु अमेरिकन प्रेसिंडेट ट्रंप द्वारा तब से लेकर अब तक 45 बार अलग-अलग जगहों, व अलग-अलग संदर्भों में जो दावा किया गया था, उसका मूल भाव एक ही था कि यदि युद्ध न रुका, तो व्यापार समझौता रद्द कर दिया जायेगा अथवा और उच्च टैरिफ लगा दिया जायेगा। और बतौर ट्रंप, इस धमकी के दबाव के चलते दोनों देशों को युद्ध विराम के लिए तैयार होना पड़ा। तथापि भारत सरकार ने लगातार किसी भी स्तर पर ट्रेड के संबंध में बातचीत होने से स्पष्ट इंकार किया, धमकी का तो सवाल ही नहीं उठता है।

भारत सरकार के स्पष्ट इनकार के बावजूद "तोते की तरह आंखें फेरने वाले" ट्रंप के दावे को जो कुछ बल मिला, वह सिर्फ इस कारण से कि अमेरिका के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व विदेश मंत्री, जो कि युद्ध विराम के समझौते में भारत के अनुसार "शामिल नहीं थे", बावजूद उस अमेरिकी प्रेसिडेंट ने विश्व के सामने युद्ध विराम की घोषणा भारत-पाकिस्तान घोषणा के 30 मिनट पूर्व कैसे कर दी? इसका कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण भारत सरकार द्वारा आज तक नहीं दिया गया। विपक्ष का आरोप था कि, ट्रंप के दबाव के चलते भारत ने त्रिपक्षीय वार्ता में युद्ध विराम किया जो शिमला समझौते के विपरीत तथा अभी तक की भारत की स्थापित विदेश नीति के विरुद्ध थी। जब-जब ट्रंप बोलते रहे, विपक्ष पहलकदमी करते हुए उक्त आरोप लगाता रहा। पाकिस्तान के युद्ध रोकने के प्रस्ताव को स्वीकार कर ट्रंप की बात को स्वीकार करने के बावजूद ट्रंप ने भारत पर पहले 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया और अब 27 अगस्त को 25 प्रतिशत अतिरिक्त "दंडात्मक टैरिफ" की अधिसूचना जारी कर दी। इससे एक बात तो सिद्ध हो जाती है, कि यदि ट्रंप की टैरिफ की धमकी के तहत ऑपरेशन सिंदूर का युद्ध



विराम समझौता हुआ होता तो, आज अमेरिका उक्त तथाकथित ट्रेड समझौते को टैरिफ बढ़ाकर तोड़ क्यों रहा है?

ट्रम्प के कथनानुसार भारत अमेरिकी प्रेसिडेंट की बात से सहमत होकर युद्ध विराम के लिये रजामंद हुआ। इससे एक बात स्वयमेव सिद्ध हो जाती है कि यदि ट्रेड की धमकी सही थी, तो फिर आज वह टैरिफ क्यों लगा-बढ़ा रहे हैं? क्या यह उसके "दोमुंहेपन" का प्रतीक नहीं है? किसी एक बात को तो ट्रम्प को स्वीकार करना ही होगा। अब विपक्ष को भी "सांप क्यों सूंघ रहा है"? विपक्ष ट्रम्प से क्यों नहीं कह रहा है कि जनाब आप दोमुंहे हैं! आज उसी दुधारी तलवार की एक धार विपक्ष की गर्दन में घाव करने पर उतावली है। विपक्ष इससे तभी बच सकता है, जब वह स्पष्ट रूप से माफी मांगे। क्योंकि विपक्ष ने विश्व के पूर्व से ही घोषित सबसे महा झूठे ट्रम्प की बात पर विश्वास कर भारत सरकार पर जो आरोप लगाये थे, वे तो गलत साबित हुए। परन्तु इससे भारत सरकार निष्कलंक सिद्ध नहीं हो जाती हैं। क्यों?

ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुए युद्ध विराम की जानकारी सबसे पहले भारत-पाकिस्तान की घोषणा के 30 मिनट पूर्व ट्रम्प द्वारा विश्व को दी गई जानकारी के संबंध में भारत सरकार की चुप्पी कहीं न कहीं उसे शंका के घेरे में अवश्य लाती है। भारत सरकार न तो आरोप लगा रही है कि पाकिस्तान ने इस समझौते की जानकारी अमेरिका को दी, न ही उसका यह रुख है कि उसने अमेरिका को जानकारी दी है और न ही वह यह कह रही है कि भारत-पाकिस्तान ने मिलकर "पंचाट" (निर्णय) घोषित करने के लिए ट्रंप को "पंच" नियुक्त किया था, तदनुसार ट्रंप ने युद्ध विराम घोषित कर दिया। "ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'ट्रुथ' के माध्यम से उक्त युद्ध विराम की जानकारी विश्व को दी। इस 30 मिनट पूर्व की गई घोषणा का स्पष्टीकरण सिर्फ भारत को ही देना है।

भारत एक सार्वभौम देश है। लेकिन ट्रंप के मुखारविंद से लगातार भारत के संबंध में जो कथन आये हैं, वे भारत की सार्वभौमिकता को स्पष्ट रूप से चुनौती देते हैं। लेकिन क्या प्रधानमंत्री 'दब कर रहने को ही 'बड़ा दांव' समझ कर चल रहे हैं? तथापि 50 प्रतिशत टैरिफ लगने पर पहली बार भारत का यह मजबूत कथन सामने आया है कि "आत्मनिर्भर भारत हर चुनौती को स्वीकार करने को तैयार है, किसी के आगे झुकेगा नहीं। मोदी का कथन "मैं जानता हूं कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं, किसी भी कीमत पर भारतीय हितों को दांव पर लगाने वाला समझौता नहीं करेंगे.., भले ही इसका अंजाम कुछ भी हो"।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

व्यवसाय में बड़े अनुबन्ध हो सकते हैं। धन कमाने के नये स्रोत निर्मित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है।

**वृषभ**

पारिवारिक कार्यों को लेकर भागदौड़ करनी पड़ सकती है। घर के बुजुर्ग आपसे अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। प्रेमीजन के साथ पर्यटन की योजना बना सकते हैं।

**मिथुन**

आज दिन काफी अच्छा रहेगा। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा। व्यापार के नये विचार आपके मन में पूरे दिन आते रहेंगे।

**कर्क**

आपका मन अत्यन्त प्रसन्न रहने वाला है। धन की कमी के कारण आपके काम रुक सकते हैं। विद्वान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा।

**सिंह**

आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिये। नये काम की शुरुआत करने के लिये दिन अत्यन्त शुभ है।

**कन्या**

आपके कार्यों से परिजन नाराज होंगे। किन्तु आपको उनसे झगड़ने के बजाय उन्हें अपनी बातें मनानी चाहिये। आप लोगों की सहायता करने के लिये उधार दे सकते हैं।

**तुला**

जीवनसाथी आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेगा। किसी मांगलिक समारोह में सम्मिलित होने की सम्भावना है। छात्रों का पढ़ाई में प्रदर्शन बहुत शानदार रहेगा।

**वृश्चिक**

आज आपको कार्यक्षेत्र में अनुशासनहीन व्यवहार से बचना चाहिये। व्यापार को लेकर बड़ी योजना बनाने से बचें। इष्ट मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु**

अपनी प्रतिष्ठा के कारण आप अत्यन्त लोकप्रिय रहेंगे। बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। संगीत और वेबसीरीज आदि का आनन्द ले सकते हैं। परिवार में तालमेल शानदार रहने वाला है।

**मकर**

आपकी आर्थिक स्थिति सबल रहेगी। विदेश से नौकरी के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। आपके साहस और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। किसी बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

**कुंभ**

कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद दिया जा सकता है। आपनी वाणी में काफी मिठास रहेगी। अध्यात्मिक विषयों में रुचि लेंगे। रिश्तेदारों से मुलाकात हो सकती है।

**मीन**

शरीर में थकावट महसूस होगी। अकारण लोगों से विवाद होने की आशंका है। धैर्यवान होकर सभी काम करें। लेन-देन में त्रुटि होने से आर्थिक नुकसान हो सकता है।

# रिफाइनरी में 66वां इंडियन ऑयल दिवस आयोजित

## राष्ट्र निर्माण और इंडियन ऑयल के विकास के प्रति दिलाई शपथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी के जुबली हॉल में सोमवार को 66वां इंडियन ऑयल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक सत्य प्रकाश, कार्यकारी निदेशक (परियोजना व कोर ग्रुप) संजय रायजादा, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) जी आर के मूर्ती, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधान) भास्कर हजारिका, महाप्रबंधक (तकनीकी) एस. के सरकार, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी सेवा एवं एच.एस.ई) हंसराज गणवीर, मुख्य महाप्रबंधक (वित्त) एपी सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (कोर ग्रुप) राजू मशाहारी, विनोद कुमार, सचिव, ऑफिसर एसोसिएसन, महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष ने बरौनी रिफाइनरी टाउनशिप स्थित डा. बी आर अंबेडकर, बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री 'बिहार केसरी डा. श्री कृष्ण सिंह और सूरज भवन स्थित स्वर्गीय सूरज बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। श्री प्रकाश एवं सभी गणमान्य व्यक्तियों ने रिफाइनरी के स्थापना स्थल पर पुष्पांजली देकर उन समस्त कर्मचारियों के प्रति अपना सम्मान प्रकट किया जिन्होंने रिफाइनरी के निर्माण की मजबूत नीव रखी और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बने। इसके उपरांत उन्होंने बरौनी रिफाइनरी के कर्मचारियों को दायित्वों के निर्वहन, सत्यनिष्ठा, दक्षता और राष्ट्र निर्माण और इंडियन ऑयल के विकास के प्रति समर्पण की शपथ दिलाई। तत्पश्चात कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) संजय रायजादा ने अध्यक्ष ए एस साहनी का संदेश और मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) जी आर के मूर्ती ने रिफाइनरी निदेशक अरविंद कुमार का संदेश कर्मचारियों तक पहुंचाया। इस अवसर पर बरौनी रिफाइनरी अस्पताल में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। जुबली हॉल में आयोजित इंडियन अयल दिवस समारोह में श्री प्रकाश ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को इंडियन ऑयल दिवस की शुभकामनाएं दी। इंडियन ऑयल में समर्पित सेवा प्रदान करने के लिए 35 वर्ष पूर्ण करने पर दीर्घ सेवा सम्मान पुरस्कार से कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

# चोरी की घटना को दिया अंजाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** थाना क्षेत्र के बदिया गांव में उक्त गांव निवासी कल्पू सिंह के पुत्र मनोज सिंह के घर में बीती रात बेखौफ चोरों ने भीषण चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। उक्त संबंध में मनोज सिंह की पत्नी सुनीता देवी ने रोते हुए बताया कि दो मंजिला घर के नीचली मंजिल में बच्चे सहित सोये थे। सुबह उसकी बेटी ऊपरी मंजिल पर गई तो ऊपर वाला घर का ताला टूटा हुआ था। घर में रखे ट्रंक का भी ताला टूटा हुआ था तथा घर के सभी सामान बिखरे हुए थे। जिससे उसकी चीखें निकल गई और चीख कर घर के सभी लोगों को बुलाया। सभी को यह सब देखकर होश उड़ गया। दो महीना बाद बेटी का विवाह होने वाला था। बड़े जतन से 50 हजार रुपए 3 भरी सोने के जेवरात बना कर रखे हुए थे। सभी लेकर चोर फरार हो गये। पीड़ित मनोज सिंह का भाई डा. धर्मवीर ने बताया कि चोर घर के पीछे से आंगन में प्रवेश कर सीढियां चढ़ कर ऊपर मंजिल पर पहुंचा तथा चोरी की घटना को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि उसका भाई मनोज सिंह बाहर रहकर मजदूरी करता है। सूचना मिलने पर लगभग 10 बजे पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच कर रही थी।

# चोरी के सामान के साथ पांच हिरासत में

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शिवाजीनगर पुलिस ने अख़्तबारा गांव में दो दिनों पूर्व हुई चोरी की घटना मामले में पांच युवकों को अब तक हिरासत में लेकर पूछ ताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने चोरी का समान भी बरामद किया है। जिसके बाद हिरासत में लिए गए युवकों से पूछ ताछ के आधार पर घटना में संलिप्त अन्य गिरोह के सदस्यों के लिए छापेमारी कर रही है। शिवाजीनगर पुलिस चोरी घटना मामले का पूरा खुलासा होने के बाद जानकारी देने की बात बतलाया है।

## एक नजर

### छोटेलाल बने सहकारिता के जिलाध्यक्ष

**वीरपुर।** प्रखंड के पर्रा गांव निवासी सह सामाजिक कार्यकर्ता छोटे लाल सिंह को एक बार फिर से बेगूसराय जिला के सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद की दायित्व दी गई है। जिसकी जानकारी मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी छा गई। उन्हें इस दायित्व को सौंपने के बाद भाजपा के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जयसवाल समेत कई अन्य भाजपा के नेता और कार्यकर्ताओं ने फोन पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। इस पद की दायित्व मिलने पर उन्होंने बेगूसराय जिला और प्रदेश के अध्यक्ष को आभार व्यक्त करते हुए बताया कि हमें जो दायित्व दी गई है हम उनके विश्वास पर खरा उतरने का काम करेंगे।

### बंध्याकरण शिविर का आयोजन

**नावकोठी।** प्रखंड के परिवार कल्याण के तहत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर सह अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र देवपुरा में बुधवार को बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डा. अनिल प्रसाद ने 21 महिलाओं का बंध्याकरण अपरेशन किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि अपरेशन से पूर्व हेमोग्लोबीन, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर सहित अन्य पैथोलजिकल जांच एल टी पंकज कुमार जोशी ने किया। अपरेशन उपरांत आवश्यक दवा एवं परामर्श दिया गया। मौके पर फर्मासिस्ट नवीन कुमार, जीएनएम रवि कुमार, सुमन रानी एएनएम प्रियंका कुमारी, सदानंद भारती, कपूर चंद सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### रसोइया क्षमता संवर्द्धन प्रशिक्षण आयोजित

**भगवानपुर।** बुधवार को दूसरे दिन बाइट भवन में रसोईया सह सहायकों का एक दिवसीय क्षमता संवर्द्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। दो बैचों में आयोजित इस प्रशिक्षण में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के कुल 103 रसोइयों ने भाग लिया। इस अवसर पर एमडीएम बीआरपी मो. दाऊद आलम द्वारा उन्हें प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने रसोइयों को व्यक्तिगत स्वच्छता, किचेन, स्टोर रूम की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा बच्चों को मैट पर पंक्तिबद्ध बैठा कर भोजन करवाने को कहा। उन्होंने कहा कि बच्चों को भोजन परोसने से पूर्व रसोईया व शिक्षक भोजन को चखें और इसका पंजी संधारित रखें। मौके पर एमआईएस प्रभारी मिथलेश कुमार समेत रसोईया उपस्थित थे।

### राजस्व महाअभियान शिविर आयोजित

**नावकोठी।** प्रखंड के पहसारा पश्चिम पंचायत भवन में बुधवार को राजस्व महाअभियान का शिविर लगा। यहां शिविर 3 सितंबर से 6 सितंबर तक विशेष शिविर लगा रहेगा। इस शिविर में जमाबंदी सुधार, खाता खेसरा और रकवा सुधार का काम हो रहा है। साथ ही छूटे हुए जमाबंदी को अपलोड किया जा रहा है। आपसी बंटवारे के लिए जमाबंदी पंजी का वितरण भी किया जा रहा है। महाअभियान के तहत मृत रैयतों के उत्तराधिकारियों को मृत्यु प्रमाण पत्र और वंशावली के साथ निर्धारित प्रपत्र जमा करना होगा। इस शिविर में ऐसा निर्देश दिया गया। जो जमाबंदी अभी तक ऑनलाइन नहीं हुआ है उन्हें भी इस दौरान ऑनलाइन किया जाएगा। यह अभियान 20 सितंबर तक चलेगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों की भूमि और राजस्व संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। साथ ही विवादों को कम करना और राजस्व सेवाओं को पारदर्शी बनाना है। मौके पर राजस्व कर्मचारी पप्पू कुमार भाजयुमो नेता शिवम वत्स, विशेष सर्वे अमीन इश्तियाफ नजर, अपरेटर रवि शंकर, संदीप कुमार मौजूद थे।

# स्कॉर्पियो से पांच लाख मूल्य की 1206 बोतल विदेशी शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिले के बक्सर पटना फोरलेन के आरा स्थित दौलतपुर ओवरब्रिज के समीप मद्यनिषेध विभाग की टीम ने बिना नम्बर के एक स्कार्पियो से 1206 बोतल विभिन्न प्रकार के शराब पकड़ा है। जिसकी कीमत बाजार में करीब 5 लाख रुपये आंकी जा रही है। टीम में दो शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर जहानाबाद जिला के निजामुद्दीन रमानंद कालोनी निवासी राकेश कुमार के पुत्र सोनू कुमार (चालक), घोसी थाना क्षेत्र के कोर्रा निवासी विनोद कुमार के पुत्र जगदीश कुमार है। मद्यनिषेध विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश को गुप्त सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश की ओर से उजले रंग के स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में विदेशी शराब पटना बिहार की ओर जा रहा है। सहायक आयुक्त द्वारा उत्पाद निरीक्षक प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। बक्सर पटना फोर लेन पर दौलतपुर ओवरब्रिज से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। स्कॉर्पियो पर निबंधन संख्या अंकित नहीं था। टीम ने वाहन का तलाशी लिया जिसमें 750 एमएल के ह्वीस्की 96 बोतल, बोदका 30 बोतल, 500 एमएल के बियर 72 बोतल, 180 एमएल के टेट्रापैक 1008 पीस बरामद किया। कुल शराब 311.940 लीटर था। जिसे जब्त कर दिया। छापेमारी टीम में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक रवि कुमार व राजकुमार राजा, मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे। जिलाधिकारी के निर्देश पर मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा हैं। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# खादी हथकरघा हस्तशिल्प महोत्सव शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** शहर के विश्वनाथ नगर में 1 सितंबर से 15 सितंबर तक खादी हथकरघा हस्तशिल्प महोत्सव मेला का आयोजन किया गया है। मेले का उद्घाटन नगर निगम की उपमेयर अनीता देवी ने किया।मेला आयोजक सह सचिव नजराना खातून ने बताया कि यह मेला बिहार बोर्ड से पंजीकृत और सरकारी समिति के सहयोग से आयोजित किया गया है। उन्होंने जिलेवासियों से आग्रह किया कि वे मेले में जरूर आएं और हाथ से बने खादी व हैंडलूम उत्पादों को अपनाएं। इस मेले में खादी, नीलन कटन साड़ी, सिल्क साड़ी समेत विभिन्न प्रकार की साड़ियां 500 रुपये से लेकर 15,000 रुपये तक की कीमत पर उपलब्ध हैं। मेले में मधुबनी, भागलपुर, सहारनपुर, कैमूर सहित कई जिलों से कारीगर और व्यापारी अपने उत्पाद लेकर आए हैं। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि उपमेयर अनीता देवी ने कहा कि खादी का प्रसार महात्मा गांधी का सपना था, जिसे पूरा करने के लिए आज देश में व्यापक स्तर पर प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि खादी के कपड़े मजबूत और टिकाऊ होते हैं और हस्तशिल्प उत्पाद भारतीय परंपरा और कला का प्रतीक हैं। उन्होंने नगर और जिलेवासियों से इस मेले में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कारीगरों का उत्साह बढ़ाने की अपील की।

# पूर्व विधायक ने किया महिला संवाद कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** सदर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक अमिता भूषण ने बरौनी प्रखंड अंतर्गत मैदा पंचायत में स्थानीय लोगों महिलाओं से संवाद कार्यक्रम किया। संवाद कार्यक्रम में वर्तमान सरकार की नाकामियों पर विस्तृत चर्चा के साथ कांग्रेस की महत्वाकांक्षी योजना हर घर अधिकार के बारे मे विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के आखिर में प्रियदर्शनी उड़ान योजना के अधीन महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड वितरण का कार्य भी हुआ। श्रीमती भूषण ने सैकड़ों की संख्या में जुटे लोगों से कहा कि सरकार वोट की चोरी कर आपके अधिकार आपके आरक्षण को छीनने का प्रयास कर रही है। महागठबंधन की सरकार आपके जीवन को बदलने, रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, मां बहन को 2500 रुपया हर महीने सम्मान राशि देने को प्रतिबद्ध है। विकास हमारी सोच है पहले भी किया है और आगे भी करेंगे। मौके पर युवा कांग्रेस के प्रभारी राजाश्रय चौहान पूर्व जिला पर्षद उपाध्यक्ष संजय सिंह, राहुल कुमार, राम पदार्थ यादव प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह पंचायत अध्यक्ष फरहान सिद्दीकी, शबीर मुंशी, रूस्तम पहलवान, वार्ड पार्षद रीना पासवान, दिनेश यादव ललन कुमार रामसागर पंडित गयासुदीन कुमार, जिला पार्षद अमित कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# किसानों ने रोको या मरो का लिया संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अंबा (औरंगाबाद)।** भारत माला परियोजना में अधिग्रहित जमीन का मुआवजा दिए बगैर धान के लहलहाते फसलों को रौंदने से बचाने के लिए प्रभावित किसानों ने हरदत्ता के एक निजी होटल में बैठक कर फसल को बचाने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता कमला प्रसाद सिंह तथा संचालन नरेंद्र राय ने किया। बैठक में भारतीय किसान यूनियन के बिहार झारखंड प्रभारी दिनेश कुमार सिंह, संयुक्त किसान मोर्चा के नेता अशोक प्रसाद सिंह, राष्ट्रीय हल्ला बोल के महासचिव प्रशांत कमल तथा पंजाब से भारतीय किसान यूनियन के नेता गुरमैल सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। विदित हो कि विगत 25 अगस्त को बिहार सरकार के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा द्वारा फसल नहीं रौंदने के आश्वासन के बावजूद जिला प्रशासन के मदद से कंपनी द्वारा किसानों की फसल को रौंदकर नष्ट किया जा रहा है। जिससे किसानों में भारी आक्रोश है। बैठक में आए भाकियू के बिहार प्रभारी दिनेश सिंह ने कहा कि आगामी 10 सितंबर को दिल्ली में संयुक्त किसान मोर्चा का सम्मेलन है। इस सम्मेलन में मैं फसल रौंदने के मुद्दे को प्रमुखता से रखूंगा और जैसा निर्देश मिलेगा उसके अनुसार यहां प्रदर्शन किया जायेगा। श्री सिंह ने प्रशासन के लोगों को चुनौती देते हुए कहा कि ये अधिकारी कम और कंपनी के दलाल ज़्यादा हैं। जब भूमि अधिग्रहण कानून में लिखा है कि जब-तक अस्सी प्रतिशत परिवारों को मुआवजा नहीं दे दिया जाता तब तक किसान से जमीन नहीं ले सकते परंतु यहां फसलों को रौंदा जा रहा है। अगर इनका यही रवैया रहा तो राकेश टिकैत की उपस्थिति में जीटी रोड और रेलवे लाइन को भी जाम करने का काम करेंगे। पंजाब से आए किसान नेता गुरमैल सिंह ने लड़ाई लड़ने के लिए किसानों का हौसला बढ़ाया और कहा कि जरूरत पड़ी तो अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए पंजाब से भी हजारों किसान आयेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा के नेता अशोक प्रसाद सिंह ने फसल रौंदने की घटना की घोर निंदा करते हुए इसे सरकार की दमनकारी नीति बताया। इस मौके पर नरेंद्र राय, विजेंद्र मेहता, जगत सिंह, विक्की सिंह, चंद्रमोहन तिवारी, अभय सिंह, रामाकांत सिंह, विकास सिंह समेत सैकड़ों किसान उपस्थित थें।

## कार्यक्रम पदाधिकारी को दी गई विदाई

**मसौढ़ी।** धनरूआ प्रखंड के मनरेगा पदाधिकारी वीरेंद्र प्रसाद की बुधवार को स्वर्ण जयंती सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख बबीता देवी, उप प्रमुख प्रेम कुमार, बीडीओ सीमा कुमारी, पंचायती राज पदाधिकारी, राजस्व पदाधिकारी समेत सभी प्रखंडों के मुखिया, पंचायत समिति, वार्ड सदस्य, जिला परिषद शामिल रहे।दरअसल बताया जाता है कि धनरूआ प्रखंड के कार्यक्रम पदाधिकारी वीरेंद्र प्रसाद तकरीबन पांच सालों से मनरेगा पदाधिकारी के रूप में सेवा दे रहे थे, और उनके क्रियाकलाप को हर किसी जनप्रतिनिधियों ने सराहा है, निवर्तमान मनरेगा पदाधिकारी की रोहतास जिले में तबादला हो गया।

# एमएलसी ने किया शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** नगर पंचायत जगदीशपुर के वार्ड संख्या-01 में एनएच-30 से शिवजी पोखरा तक जाने वाले मार्ग पर स्थित जर्जर पुलिया का बुधवार को एमएलसी श्री भगवान सिंह कुशवाहा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। यह पुलिया लंबे समय से जर्जर अवस्था में था, जिसके कारण आमजन को बरसात सहित अन्य दिनों में आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता था। पुलिया के नवनिर्माण से अब क्षेत्र के हजारों लोगों को राहत मिलेगी और रास्ता सुगम होगा। यह कार्य मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना अंतर्गत स्वीकृत है। पुलिया निर्माण की प्राक्कलन राशि 1,95,981 रुपये (वित्तीय वर्ष 2024-25) निर्धारित की गई है। योजना का कार्यान्वयन बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से कराया जाएगा। शिलान्यास अवसर पर संबोधित करते हुए एमएलसी श्री भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि जनता की सुविधा और विकास हमारी प्राथमिकता है।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)।** पटना गया रेल खंड के नदवां रेलवे स्टेशन के पास में एक अज्ञात पैसेंजर ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई है, मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस शव को कब्जे में लेकर जीआरपी थाने ले आई है।

# सीएस ने रेफरल अस्पताल का किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**संदेश/भोजपुर।** संदेश प्रखंड स्थित रेफरल अस्पताल सिविल सर्जन डा शिवेंद्र कुमार सिन्हा व स्वास्थ्य समिति के रघुराजन मोदी अस्पताल का निरीक्षण करने पहुचे थे। अस्पताल का ओपीडी चालू नहीं था। रेफरल अस्पताल के प्रभारी डॉ मोहन कुमार सिंह भी अपने कार्यालय में मौजूद नहीं थे। पूछने पर सिविल सर्जन के द्वारा बताया गया कि पुराने भवन में किसी तरह से स्वास्थ्यकर्मियों के द्वारा जर्जर भवन में बरसात के दिनों में दिन रात काम करते रहे हैं। नये भवन का कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। उसकी क्या क्वालिटी है। उसके बारे में जानकारी ली जा र ही है। प्राइवेट नर्सिंग होम में झोला छाप डाक्टरों के द्वारा महिलाओं की डिलेवरी करायी जा रही है। जो गलत है। पहले भी हमारे देश में औरतों को होम डिलेवरी कराए जाने की परम्परा रही है। अवैध नर्सिंग होमों के खिलाफ स्वस्थ्य विभाग की टीम दिन रात काम कर रही है। अब प्राइवेट क्लिनिक बंद हो रहे हैं।


बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])-2025/12 दिनांक- 03.09.2025

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2025**

**[B.C.E.C.E. (L.E.)-2025] के आधार पर बिहार राज्य के विभिन्न सरकारी / निजी अभियंत्रण संस्थानों के त्रिवर्षीय डिप्लोमा अभियंत्रण पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में नामांकन हेतु Online Mop-up कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम से सम्बन्धित सूचना**

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])-2025/07 एवं 2025/08 दिनांक- 06.07.2025 के क्रम में बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश]-2025 मे सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थान के प्राचार्य तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि BCECE(LE)-2025 की पूर्व प्रकाशित मेधासूची के आधार पर प्रथम एवं द्वितीय चक्र की Online Counselling के माध्यम से सरकारी / निजी क्षेत्र के अभियंत्रण संस्थानों में त्रिवर्षीय डिप्लोमा अभियंत्रण पाठ्यक्रम के **द्वितीय वर्ष** में हुए सीट आवंटन तद्नुसार नामांकन के पश्चात् शेष रिक्तियों की पाठ्यक्रमवार/ संस्थानवार / कोटिवार रिक्तियाँ पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दी गयी हैं।

**इन रिक्त सीटों को भरने हेतु Online Mop-up Counselling होगा। Willingness / Choice Filling/ Mop-up Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, Willingness एवं Choice filling की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या-BCECEB(BCECE[LE])-2025/11 दिनांक 03.09.2025 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।**

जो अभ्यर्थी BCECE(LE)-2025 की प्रथम अथवा द्वितीय चक्र की online counselling के माध्यम से सरकारी / निजी क्षेत्र के अभियंत्रण संस्थानों के त्रिवर्षीय डिप्लोमा अभियंत्रण पाठ्यक्रम में नामांकन ले चुके हैं और Mop-up Counselling भाग लेना चाहते हैं **अथवा** जिनका प्रथम एवं द्वितीय चक्र की कॉउन्सेलिंग से सीट आवंटन नहीं हुआ है **अथवा** किसी कारण से उनका आवंटित सीट रद्द कर दिया गया है **अथवा** किसी कारण से अपने Reporting Centre पर जा कर Document Verification नहीं करा पाये हैं, वैसे सभी अभ्यर्थी भी Online Mop-up Counselling के लिए पात्रता-प्राप्त हैं।

**Willingness एवं Choice filling की प्रक्रिया दिनांक 04.09.2025 से प्रारम्भ होगा। उक्त निदेश के अनुसार पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थी संस्थान एवं ब्रांच का Choice of Preference of Colleges / Branches भरें।**

परीक्षा नियंत्रक



बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन सं.-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2025/14 दिनांक-03.09.2025

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2025**

**सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालयों में B. Tech. पाठ्यक्रम में निर्धारित प्रक्रियानुसार नामांकन पूर्ण होने के उपरांत शेष रिक्त सीटों पर BCECE-2025 के आधार पर नामांकन हेतु Online Mop-up Counselling आयोजन के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना**

राज्य के सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालयों के अंतर्गत संचालित B. Tech. पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में नामांकन हेतु UGEAC-2025 में सम्मिलित अभ्यर्थियों के Round-2 Online Counselling के पश्चात् रिक्त रह गये सीटों पर BCECE-2025 के मेधासूची के आधार पर PCM / PCM of PCMB Group ग्रुप की पूर्व प्रकाशित मेधासूची के आधार पर प्रथम / द्वितीय चक्र की online counselling के माध्यम से सरकारी क्षेत्र के अभियंत्रण संस्थानों में अभियंत्रण के विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में हुए सीट आवंटन तद्नुसार नामांकन के पश्चात् बाकी बचे सीटों पर पर्षद द्वारा आयोजित BCECE-2025 (PCM / PCM of PCMB Group) के मेधासूची के अनुसार मेधा-सह-विकल्प के आधार पर सीट आवंटन एवं नामांकन Online Mop-up Counselling के माध्यम से किया जायेगा। शेष रिक्तियों की संस्थानवार / पाठ्यक्रमवार / कोटिवार रिक्तियाँ पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दी गयी हैं।

**इन रिक्त सीटों को भरने हेतु Online Mop-up Counselling होगा। Willingness / Choice Filling/ Mop-up Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, Willingness एवं Choice filling की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या-BCECEB(BCECE)-2025/13 दिनांक 03.09.2025 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।**

जो अभ्यर्थी BCECE-2025 (PCM / PCM of PCMB Group) की प्रथम अथवा द्वितीय चक्र की online counselling के माध्यम से सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक संस्थानों में नामांकन ले चुके हैं और Mop-up Counselling भाग लेना चाहते हैं **अथवा** जिनका प्रथम एवं द्वितीय चक्र की कॉउन्सेलिंग से सीट आवंटन नहीं हुआ है **अथवा** किसी कारण से उनका आवंटित सीट रद्द कर दिया गया है **अथवा** किसी कारण से अपने Reporting Centre पर जा कर Document Verification नहीं करा पाये हैं, वैसे सभी अभ्यर्थी भी Online Mop-up Counselling के लिए पात्रता-प्राप्त हैं।

**Willingness एवं Choice filling की प्रक्रिया दिनांक 04.09.2025 से प्रारम्भ होगा। उक्त निदेश के अनुसार पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थी संस्थान एवं ब्रांच का Choice of Preference of Colleges / Branches भरें।**

परीक्षा नियंत्रक

## संक्षिप्त समाचार

### आर्म्स सत्यापन की तिथि निर्धारित

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए जीतना थाना के सभी लाइसेंसी आर्म्स का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। जीतना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि 04 सितंबर से 19 सितंबर तक इसके लिए दिन निर्धारित कर दिया है। आर्म्स का भौतिक सत्यापन थाने में मजिस्ट्रेट की निगरानी में होगा। मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथि को सुबह 10:30 बजे पहुंच कर शाम के चार बजे तक आर्म्स का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों के लाइसेंसधारियों को चौकीदारों व दफादारों के माध्यम से सूचना का तामिला कराएं। आदेश का अनुपालन नहीं होने पर लाइसेंसधारियों पर कार्रवाई होगी। मृत व्यक्ति के नाम पर उसके उत्तराधिकारी आर्म्स का सत्यापन नहीं करा पाएंगे। निर्देश दिया गया कि फोटो से मिलान कर ही आर्म्स का सत्यापन किया जाए।

### कल होगा प्रसाद रत्नेश्वर की भोजपुरी कविताओं का प्रसारण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के वरिष्ठ कवि - साहित्यकार प्रसाद रत्नेश्वर की चुनिंदा भोजपुरी कविताओं एवं गजलों का रेडियो प्रसारण 5 सितम्बर को अपराह्न 5.30 बजे से होगा। 2 सितंबर को आकाशवाणी के पटना केंद्र पर ' आरती ' कार्यक्रम में प्रसारण हेतु प्रसाद रत्नेश्वर की सात भोजपुरी कविताओं एवं गजलों की रिकार्डिंग हुई। इस रिकार्डिंग के साथ राष्ट्रीय प्रसारण हेतु चम्पारण सत्याग्रह की पृष्ठभूमि पर लिखित एवं मई में प्रकाशित प्रसाद रत्नेश्वर के नाटक ' निलही कोठी ' से उनकी तीन स्वरचित भोजपुरी गीतों को सस्वर रिकार्ड कराया। इन्हें काफी पसंद किया गया। चम्पारण आंदोलन को नये सिरे से लोगों को परिचित कराने के प्रसाद रत्नेश्वर के प्रयासों को बहुत सराहना मिली है।



### भाजयुमो जिला कार्यसमिति के सदस्यों की घोषणा

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता युवा मोर्चा संगठन जिला रक्सौल के जिला कार्य समिति की घोषणा की गई, जिला युवा अध्यक्ष चितरंजन यादव ने बताया कि इन नये चेहरे के नेताओं के आगमन से पार्टी को संगठन में मजबूती के साथ सशक्त बनेगा, कार्य समिति सदस्यों की सूची में आलोक तिवारी विकास कुमार नरकटीया, परमानन्द प्रसाद यादव आदापुर,सचिन कौशल, रुपेश कु धोषी सुगौली, रंजीत कुमार,परतयम कुमार, श्याम बाबू कुमार रोहित कुमार रक्सौल को बनाया गया, बनायें जाने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष नितेश कुमार पटेल, मुन्ना कुमार,बिजयपटेल, सुबोध सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, वैदेही भूषण सिंह इत्यादि लोगों ने कार्य समिति सदस्यों को बधाई दी।

### वरिष्ठ चिकित्सक डाक्टर रामाशीष प्रसाद नहीं रहे

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वर्षों से आदापुर में रह रहे वरिष्ठ चिकित्सक डाक्टर रामाशीष प्रसाद हम लोगों के बीच नहीं रहे, इन्होंने अपने जीवन काल में अनगिनत दबे कुचलें गरीब लोगों को जीवन दान दिया है,वे वर्षों पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत थे जिन्होंने बड़े ही इमानदारी से चिकित्सा क्षेत्र में अपना पहचान बनाया था इनके अचानक मृत्यु से आदापुर क्षेत्र में शोक की लहर है,जिनका अन्तिम दाह-संस्कार रक्सौल निवासी स्थान से की गई।

### विभिन्न मामलों के सात आरोपित गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विभिन्न थाने की पुलिस मंगलवार को छापेमारी कर अलग-अलग मामले के सात आरोपितों को गिरफ्तार की है। पुलिस इंस्पेक्टर विश्व मोहन चौधरी ने बताया कि विभिन्न थाने की पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में सात अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें से पांच की गिरफ्तारी उत्पाद अधिनियम के तहत की गई है। अजमानतीय चार वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस इन सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दी है। विगत 24 घंटे में पुलिस की कार्रवाई में 118 लीटर 350 मिलीलीटर शराब व दो बाइक जब्त किया गया है। पुलिस तस्करों के चंगुल से एक मवेशी को मुक्त कराई है। अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से चलाए गए वाहन जांच के दौरान पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने और आधे अधूरे कागजात वाले वाहन चालकों से एक लाख 34 हजार पांच सौ रुपये जुमार्ना वसूल की है।

### तस्कर के चुंगल से मवेशी मुक्त,एक गिरफ्तार

**मैनाटाड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भंगहा पुलिस ने तस्करी के मवेशी के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक मवेशी भी बरामद किए। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि गद्दीयानी भंगहा के जकुमार गद्दी को जेल भेजा गया है।

### मारपीट में पांच जख्मी


**मैनाटाड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैनाटांड थाना क्षेत्र के भिन्न भिन्न गांव में आपसी विवाद में हुई मारपीट में पांच लोग जख्मी हो गये। सभी जख्मियों का इलाज मैनाटांड अस्पताल में किया गया। घायलों में सुखलहीं गांव के नीपू कुमार,करण कुमार एवं हरमुनी माझी बताया जाता है। जबकि मैनाटांड़ के जावेद अंसारी व सोहेल अंसारी बताया जाता है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### पीएम मोदी की मां पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में मोतिहारी बंद आज



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के गांधी कॉम्प्लेक्स स्थित भाजपा संसदीय कार्यालय में एनडीए की ओर से प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज ने कहा कि इंडी गठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माँ को लेकर अभद्र शब्दों का प्रयोग किया है जो काफी आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि जो औरों की माँ का सम्मान नहीं कर सकता, वो अपनी माँ का भी सम्मान नहीं कर सकता। इस घटना के विरोध में गुरुवार 4 सितंबर 2025 को मोतिहारी बंद का आह्वान किया गया है। उन्होंने सभी व्यवसायियों से 4 सितंबर को अपनी-अपनी दुकानों को बंद रखने का आह्वान करते हुए कहा कि अनिवार्य सेवाओं के साथ अनंत चतुर्दशी के मद्देनजर कांवर यात्रा का मार्ग खुला रहेगा। प्रेस वार्ता में मोतिहारी के सदर विधायक प्रमोद कुमार, जिलाध्यक्ष लोजपा( आर) के जिलाध्यक्ष धरणीधर मिश्रा, भाजपा प्रवक्ता प्रकाश अस्थाना, डॉ० लालबाबू प्रसाद, साजिद रजा, संगीता चित्रांश, रालोमो के प्रदेश महासचिव डॉ० दीपक कुमार सिंह एवं जदयू प्रवक्ता संजीव कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया।

### ईस्ट चंपारण लायंस क्लब द्वारा आयोजित क्वेस्ट सप्ताह का हुआ समापन



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर स्थित आर्य विधापीठ मोतिहारी में ईस्ट चंपारण लायंस क्लब द्वारा आयोजित रोहित मेहता लायंस क्वेस्ट सप्ताह का समापन हो गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यशाला में प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों को गुड टच और बैड टच शिक्षा के विषय में बताया गया तथा इस संबंध में बच्चों को जागरूक किया गया। जिससे बच्चे यौन शोषण का शिकार नहीं हो सके । यह पहल विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक और जीवनोपयोगी है। दूसरी ओर विद्यालय में आयोजित भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को क्लब अधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। नर्सरी, एलकेजी तथा यूकेजी के नन्हे-मुन्ने बच्चों को पेड़ बचाओ गतिविधि के अंतर्गत पेड़ के चारों ओर हाथ पकड़कर घेरा बनवाया गया, जिससे उन्हें प्रकृति से भावनात्मक लगाव हो तथा पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया गया । विद्यार्थियों को योग के महत्व के बारे में विस्तृत रूप जानकारी दी गई। सप्ताह भर की गतिविधियों के उपरांत लायंस क्लब पदाधिकारी, विद्यालय के विद्यार्थी, प्राचार्या एवं प्रबंध निदेशक ने मिलकर पौधारोपण किया और हरित भविष्य का संकल्प लिया। क्वेस्ट चेयरपर्सन रंजीत कुमार ने बताया कि पूरे सप्ताह में लायंस क्वेस्ट कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक सार्थक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। जिनमें वैल्यू एजुकेशन कक्षाएँ, जागरूकता रैली, चित्रकला प्रतियोगिता, गुड टच-बैड टच सेमिनार, माइंड फूलनेस योग एवं ध्यान, दयालुता की दीवार, परोपकार की गतिविधियाँ तथा पौधारोपण अभियान सम्मिलित थे। क्लब अध्यक्ष अशोक जायसवाल ने बताया की कार्यक्रम का वास्तविक उद्देश्य केवल ज्ञानार्जन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना है। कार्यक्रम कन्वेनर सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि यह सप्ताह भर का आयोजन विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और समाज सभी के लिए एक प्रेरणादायी रहा।

# पद्मश्री किसान चाची ने बहुचर्चित फिल्म चम्पारण सत्याग्रह का ऑफिसियल पोस्टर बिहार में किया रिलीज

**कई दिग्गज लोगों ने हिस्सा लिया**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पद्मश्री किसान चाची ने बहुचर्चित फिल्म 'चम्पारण सत्याग्रह' का बिहार में ऑफिसियल पोस्टर पटना स्थित बापू टावर में समाजसेविका रागिनी पटेल के नेतृत्व में लाडो बानी फैन्स क्लब (ट्रस्ट) पटना के तत्वावधान में रिलीज किया। कार्यक्रम में फिल्मों एवं अन्य क्षेत्रों से जुड़े कई दिग्गज लोगों ने हिस्सा लिया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में पहले असहयोग आंदोलन के रूप में चम्पारण सत्याग्रह का नाम स्वर्णाक्षरों में उल्लेखित है। आज की युवा पीढ़ी को इतिहास से अवगत कराने हेतु 'चम्पारण सत्याग्रह' नाम से भव्य फीचर फिल्म बनायी गई है, जिसमें भोजपुरी एवं हिन्दी फिल्मों के मशहूर कलाकारों ने अभिनय किया है। फिल्म सम्पूर्ण विश्व में चम्पारण के अतीत के अनछुए पहलुओं से रूबरू कराती है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध किसान चाची पद्मश्री राजकुमारी देवी, नारी गुंजन की पद्मश्री सुधा वर्गीस, विशिष्ट अतिथि कर्नाटक से आए शिक्षाविद व समाजसेवी डॉ. एम. जी. मुले, सुप्रसिद्ध इतिहासकार प्रो. भैरवलाल दास, प्रेम और दृढनिश्चयिता के प्रतीक दशरथ मांझी के पुत्र महेंद्र माझी, फाउंडेशन की ब्रांड एंबेसडर लाडो बानी पटेल, दिल्ली से आए छठी मैया फाउंडेशन के संदीप सिंह, पंडित राजकुमार शुक्ल के प्रपौत्र वत्स थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. देवेन्द्र प्रसाद सिंह और संचालन श्वेता सुरभि ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री किसान चाची ने अपने स्तर से सरकार से सहयोग कराने का आश्वासन दिया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सुप्रसिद्ध इतिहासकार प्रो. भैरवलाल दास ने फिल्म चम्पारण सत्याग्रह को प्रमोट करने की पुरजोर वकालत करते हुए चम्पारण के इतिहास पर प्रकाश डाला। इस विषय पर फिल्म निर्माण के लिए डा अस्थाना समेत पूरी टीम को बधाई दिए। इस अवसर पर फिल्म के लेखक और निर्देशक डा. अस्थाना ने कहा कि सेंसर बोर्ड द्वारा सार्टिफिकेट देने में काफी परेशान किए जाने पर हमलोग अब मुंबई उच्च न्यायालय में अपील की गई है। शीघ्र ही फिल्म रिलीज की जाएगी। युवराज मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट द्वारा कॉरपोरेट रूप में बन रही यह फिल्म सुप्रसिद्ध गाँधीवादी ब्रजकिशोर सिंह लिखित "चम्पारण में बापू" एवं डा. राजेश अस्थाना द्वारा लिखित पुस्तक "चम्पारण सत्याग्रह गाथा" से संदर्भित है। युवा फिल्मकार ई. युवराज द्वारा निर्मित "चम्पारण सत्याग्रह" की परिकल्पना, कथानक, स्क्रिप्ट, संवाद, अभिनय एवं निर्देशन का जिम्मा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त बिहार के चर्चित फिल्मकार डा. राजेश अस्थाना ने संभाला है। फिल्म में लगभग 168 कलाकारों ने डायलॉग के साथ अभिनय का जलवा बिखेरा है एवं 1000 जूनियर आर्टिस्ट के साथ साथ बैल, घोड़ा और हाथी ने भी अभिनय किया है। कार्यक्रम में पटना की मेयर सीता साहू, यू एन आई के उपसंपादक प्रेम कुमार, बिहार न्यूज 18 के संपादक रविन्द्र कुमार, फिल्म के डीओपी अशोक माही, पूर्व मुखिया सिकंदर चौधरी एवं सोनू कुमार समेत काफी संख्या समेत काफी संख्या में फिल्मकर्मी व संस्कृतिकर्मी मौजूद थे।

### मांगों को लेकर हड़ताल पर गए स्वच्छता कर्मी

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत कार्यरत स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी अपने 8 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालिन हड़ताल पर चले गए। प्रखंड के सभी पंचायतों के स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी 1 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी संघ बगहा एक इकाई ने अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर बीडीओ प्रदीप कुमार व कॉर्डिनेटर को अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का पत्र समर्पित किया। संघ के प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि प्रदेश एवं जिला के आवाह्न पर बगहा एक के सभी पंचायतों के स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी 1 सितंबर से अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।। जिसको लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को पत्र समर्पित किया गया है।

# देश में अगली सरकार राहुल गांधी के नेतृत्व में बनेगी : प्रो. विजय कुमार

**भविष्य में कांग्रेस का अलग वजूद कायम होगा, हम राजनीति के शिखर तक जाऐंगे : विजय कॉत त्रिपाठी**




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) विजय कुमार ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गाँधी की वोट अधिकार यात्रा बिहार के 65 लाख गरीब एवं किसान वोटरो के नाम हटाए जाने एवं उनके वोट चुराने को लेकर है। राहुल गाँधी की इस यात्रा में पूरा जनसैलाब उमड़ पड़ा है और वोट चुराने की कोशिशों को लेकर बिहार की जनता उनके साथ आ खड़ी हो गई है। प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष प्रो. कुमार शहर के एक भवन स्थित सभागार में मीड़ियाकर्मियो को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राहुल गाँधी की यह आवाज वोट मे तब्दील होगी और बिहार में महागठबंधन की सरकार बनना लगभग तय है। प्रो. कुमार ने कहा कि वर्ष 1948 का कांग्रेस तपस्वियों की पार्टी थी, उसके बाद से अबतक यह सियासत करने वालो की पार्टी थी, जबकि वर्ष 2025 का कांग्रेस सिर्फ राहुल गाँधी की पार्टी है। उन्होंने कहा कि राहुल गाँधी गरीब,मजदूर, दबे- कुचले, किसानों एवं अंतिम जन की आवाज बन कर खड़े हैं और शायद जनता ने भी अपना मन बना लिया है, ऐसे में देश मे राहुल गाँधी के नेतृत्व में अगली सरकार बनना तय है। किसान कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यदि हमारी सरकार बनी तो किसान एवं अंतिम जन की हर जरुरतो का ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने किसानो एवं सामान्य नागरिकों को सिर्फ वोटर बनाकर रख दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी पंजाब की मंडियो को बचाने जाते हैं, जबकि वर्ष 2006 से बिहार में बंद पड़ी मंडियो पर वे ध्यान नही देते। उन्होंने बिहार में हो रहे भूमि सर्वे को सरकार की एक साजिश बताया और कहा कि इसके बाद चकबंदी होगी। इस बहाने मोदी सरकार गरीबो की जमीन छिनने की योजना बना रही है। प्रो. कुमार ने कहा कि यह सरकार गरीब किसानो को खेती की पूंजी देने के बहाने उनकी जमीनें छिन कर देश के उधोगपति अंबानी को पेट्रोल पंप चलाने के लिए दे देगी। प्रो. कुमार ने कहा कि मोदी सरकार ने किसानो को आत्महीन एवं कमजोर बना दिया है। इसलिए आज किसान अपने बच्चों को खेती की बजाए 15 हजार रुपए मासिक वेतन के लिए पढ़ा-लिखा रहे हैं। प्रो. कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने शासनकाल में बिहार में जमींदारी उन्मूलन खत्म किया, भूमि संबंधी समस्याओं को सुलझाया तथा किसानो के हित में बहुत सारे काम किए। बिहार में कांग्रेस के राजद का पिछलग्गू पार्टी कहे जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि आज की कांग्रेस पार्टी डरी हुई कांग्रेस नहीं रही और बिहार मे हमारे नेतागण पूरी मुस्तैदी से अपना जनाधार बढ़ाकर महागठबंधन के साथ खड़े हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से किसानो को कर्ज माफी में न्याय दिलाने तथा मनरेगा से किसानो को जोड़े जाने की मांग की। बिहार किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कॉत त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस के छोटे- छोटे जमीनी कार्यकर्ताओं ने खून-पसीना लगाकर पार्टी को मजबूत किया, ये छोटे कार्यकर्ता पार्टी की नीव थे, जिनकी अहमियत नही समझी गई, लेकिन राहुल गाँधी ने देश की संस्कृति, रीति-रिवाज को समझ लिया है। अब पार्टी में कार्यकर्ता को पूर सम्मान दिया जा रहा है और राहुल गाँधी आज आम आदमी की आवाज बन कर उभरे हैं।

**मोतिहारी साइबर पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

### 10 लाख ईमेल आईडी व पासवर्ड के साथ विदेशी दस्तावेज बरामद, सरगना फरार

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के तुरकौलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत टिकैता गांव में एक अंतरराष्ट्रीय साइबर फ्रॉड गिरोह का पदार्फाश हुआ है। इस गिरोह का संचालन हाईटेक उपकरणों और फर्जी दस्तावेजों के जरिए किया जा रहा था। साइबर पुलिस की टीम ने सोमवार देर रात छापेमारी कर इस पूरे नेटवर्क को उजागर किया है। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में संदिग्ध दस्तावेज, डिवाइसेज और विदेशी नागरिकों से जुड़े प्रमाण भी जब्त किए गए हैं। साइबर पुलिस ने मौके से यूक्रेन के एक नागरिक का एजुकेशन सर्टिफिकेट और मैक्सिको के एक नागरिक का ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया है। इसके साथ ही दो नेपाली नागरिकों के दस्तावेज भी मिले हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह गिरोह अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के साथ जुड़ा हुआ था। छापेमारी के दौरान इस पूरे रैकेट का सरगना परवेज आलम, जो कि टिकैता गांव का निवासी है, मौके से फरार हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस गिरोह का संचालन परवेज आलम और नेपाल के रवि यादव मिलकर कर रहे थे। इन दोनों के खिलाफ कई राज्यों में साइबर फ्रॉड की शिकायतें दर्ज हैं। जब्त सामग्री की सूची में 28 एंड्रॉइड स्मार्टफोन, 2 कीपैड मोबाइल, 7 मॉनिटर, 7 सीपीयू, 5 यूपीएस, 10 मदरबोर्ड कवर, 35 मोबाइल कवर, 182 स्मार्ट बैंक कार्ड, 32 एटीएम कार्ड, 3 पेन ड्राइव, 2 सिम कार्ड, 1 फिंगरप्रिंट स्कैनर, 1 पासपोर्ट, 11 पासबुक, 16 चेकबुक, 2 नेपाली चेकबुक, 3 डायरी, 1 वाई-फाई राउटर, 5 आरसी (वाहन कागजात), एक स्कॉर्पियो वाहन शामिल है। इन सभी उपकरणों और दस्तावेजों को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। बरामद ईमेल डेटा के आधार पर साइबर पुलिस संबंधित ईमेल सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों से जानकारी ले रही है ताकि ठगी की गई राशि और ठगी के तरीके का पूरा डिजिटल ट्रैक निकाला जा सके। साइबर डीएसपी ने प्रेस कांफ्रेंस कर पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह गिरोह ऑनलाइन गेमिंग एप्स और विदेशी कैसीनो के जरिए ठगी के पैसों को वैध बना रहा था। पुलिस ने मौके से लगभग 10 लाख जीमेल आईडी और पासवर्ड भी बरामद किए हैं, जिनका इस्तेमाल साइबर अपराध में किया जा रहा था।

### वैदिक जगत के प्रतिष्ठित विद्वान प्रो. युगल किशोर मिश्र के निधन पर शोक सभा आयोजित



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय- वाराणसी के पूर्व वेद विभागाध्यक्ष व प्रति कुलपति, जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय- जयपुर के कुलपति, महर्षि संदीपनी राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान- उज्जैन के सदस्य सचिव तथा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित वैदिक जगत के लब्ध प्रतिष्ठित विद्वान- प्रोड्ड युगल किशोर मिश्र जी का आकस्मिक देहावसान सोमवार की रात में हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को वाराणसी हरिश्चन्द्र घाट पर किया गया। उनके आकस्मिक निधन से मोतिहारी वेद विद्यालय सहित सम्पूर्ण संस्कृत जगत शोक संतप्त है। बुधवार को महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान- वेद विद्यालय में एक शोक सभा आयोजित कर शोक संतप्त वेद विद्यालय परिवार ने उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वेद विद्यालय के निदेशक व सोमनाथ संस्कृत यूनिवर्सिटी गुजरात के पूर्व संकायाध्यक्ष प्रोड्ड देवेन्द्रनाथ पाण्डेय ने कहा कि भारत के वैदिक मनीषियों में अग्रगण्य एवं अपने शिष्य-प्रशिष्यों के माध्यम से वैदिक सनातन संस्कृति को संरक्षित व प्रसारित करने वाले प्रोड्डमिश्र जी के निधन से संस्कृत जगत की अपूरणीय क्षति हुई है। प्रोफेसर मिश्र के शिष्य एवं वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने अपने शोक संदेश में कहा कि वेद-वेदांग के मूर्धन्य विद्वान, सम्पूर्ण भारतवर्ष में काशी वैदिक ज्ञान परम्परा के संवाहक तथा शिक्षा जगत के निष्ठावान पथ-प्रदर्शक के रूप में परम पूज्य गुरुजी का योगदान अविस्मरणीय है। उनके निधन से वैदिक क्षितिज का एक देदीप्यमान नक्षत्र अस्त हो गया। मौके पर सुधीर दत्त पाराशर,रुपेश ओझा, राजन पाण्डेय, कुन्दन पाठक, विकास पाण्डेय, कृष्ण कुमार, राकेश तिवारी, विनोद पाण्डेय, सुजीत मिश्र, आलोक चन्द्र, सुधाकर पाण्डेय, प्रदीप कुमार सहित विद्यालय के बटुकों ने पूजनीय गुरुजी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

### प्रशिक्षु छात्रों के सम्मान में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अब्दुल कलाम माइनॉरिटी टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज कटहरी के सभागार में शनिवार को बीएड प्रथम वर्ष 2025 27 के प्रशिक्षु छात्रों के सम्मान में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर समी ऊर्रहमान ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के सचिव हाफिजुर रहमान में कहा कि आपके अभिभावक कड़ी मेहनत के बाद पैसा इकट्ठा कर आपका नामांकन कराते हैं। इसे सफल बनाना आपका दायित्व है। महाविद्यालय में अनुशासन सर्वोपरि है चाहे वह हमारे कॉलेज के अधिकारी हो या प्रशिक्षु छात्र। अगर आपको किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो हमें निजी रूप से बताएं। उन्होंने नए प्रशिक्षु एवं पूर्व के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं निदेशक इखलाकुर रहमान में कहा कि महाविद्यालय में नामांकित सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति 75% अनिवार्य है। उपस्थिति में कमी होने पर महाविद्यालय कोई समझौता नहीं करेगा। वही प्राचार्य डॉक्टर राजन राज ने कहा कि एक अनुशासित प्रशिक्षु ही कुशल शिक्षक बनता है इसलिए नियमित रूप से वर्ग में उपस्थित हों।

# राजस्व अधिकारी बनकर ठगी की कोशिश, जिला पदाधिकारी ने लिया संज्ञान

**अंचलाधिकारी ने दर्ज कराई सनहा, पुलिस जांच में जुटी**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजस्व अधिकारी बनकर मोबाइल पर आवेदक से धोखाधड़ी करने का मामला जिला प्रशासन के संज्ञान में आया है। जिला पदाधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार ने इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। ज्ञातव्य हो कि ठकराहां के राजस्व अधिकारी बनकर एक शख्स ने मोबाइल फोन के माध्यम से आवेदक से ठगी करने का प्रयास किया, जिसका ऑडियो वायरल हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही अंचलाधिकारी ठकराहां नें स्थानीय थाने में सनहा दर्ज करा दिया है और पुलिस इस मामले की गहन जांच में जुट गई है। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि अज्ञात या संदिग्ध फोन कॉल पर भरोसा न करें और किसी भी प्रकार की मांग या प्रलोभन में न फंसें। यदि कोई व्यक्ति अधिकारी या कर्मचारी बनकर ठगी का प्रयास करता है तो इसकी सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन, जिला प्रशासन या निगरानी विभाग को दें। उन्होंने नागरिकों को जागरूक करते हुए कहा कि धोखाधड़ी करने वाले गिरोह सक्रिय रहते हैं और सरकारी पदाधिकारी बनकर आम लोगों को अपने जाल में फंसाने की कोशिश करते हैं। इसलिए सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है। संदिग्ध कॉल से सावधान एवं सतर्क रहें।

### चाय विवाद में भिड़े प्रधानाध्यापक-शिक्षक, विद्यालय बना रणक्षेत्र

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय जौकटिया मलाही टोला बुधवार को रणक्षेत्र बन गया,जब चाय को लेकर प्रधानाध्यापक और शिक्षक के बीच विवाद इतना बढ़ा कि मामला हाथापाई तक पहुंच गया।घटना की भनक लगते ही ग्रामीणों की भीड़ विद्यालय में उमड़ पड़ी और अफरातफरी मच गई।सूत्रों के अनुसार,विद्यालय के शिक्षक हीरालाल यादव,जो पूर्व में प्रधानाध्यापक रह चुके हैं,जिसने क्लास पीरियड में बच्चों को दुकान से चाय लाने भेजा।इस पर प्रधानाध्यापक प्रभाकर कुमार ने आपत्ति जताई और कहा कि चाय अवकाश में मंगवाई जाए।बच्चों ने जब यह बात शिक्षक को बताई तो वे आगबबूला हो गए और बच्चों से कह डाला कि हेड सर ही चाय लाएंगे।इसके बाद प्रधानाध्यापक स्वयं चाय लाने दुकान पहुंचे। ग्रामीणों ने जब उनसे पूछा कि चाय किसके लिए है और जवाब मिला कि शिक्षकों के लिए, तो उन्होंने हेड सर को चाय लेकर जाने से रोक दिया।

# राज्य स्तरीय 'रेड रन मैराथन दौड़' 2025 में पूर्वी चंपारण के जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागी हुए शामिल



**मोतिहारी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के पाटलिपुत्रा खेल परिसर में एचआईवी एड्स एवं संबंधित अन्य स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता के मद्देनजर बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति पटना के संयोजन में 02/09/2025 को 'रेड रन मैराथन दौड़' का आयोजन राज्य स्तर पर किया गया। इस आयोजन में बिहार राज्य के 38 जिलों के महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इससे पूर्व इसका आयोजन जिला स्तर पर किया गया था। रेड रिबन क्लब के पूर्वी चंपारण जिला के नोडल पदाधिकारी डॉ. अमित कुमार के नेतृत्व में इसका आयोजन 11 अगस्त 2025 को गाँधी मैदान, मोतिहारी में हुआ था। जिसमें जिले के 6 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों (3 छात्र और 3 छात्रा) का चयन किया गया था। जिसमें पुरुष वर्ग के अंतर्गत राजा बाबू (एल.एन.डी, कॉलेज), शैलेन्द्र कुमार (एल.एन.डी, कॉलेज), विशाल कुमार (एल.एन.डी, कॉलेज) और महिला वर्ग के अंतर्गत पल्लवी भारद्वाज (एल.एन.डी, कॉलेज), प्रीती कुमारी (एल.एन.डी, कॉलेज) और अदिति कुमारी (मुंशी सिंह महाविद्यालय) का चयन क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर हुआ था। दिनाँक 02/09/2025 को मुंशी सिंह कॉलेज के एन.एस.एस कार्यक्रम पदाधिकारी और रेड रिबन क्लब के जिला नोडल पदाधिकारी के नेतृत्व और संरक्षण में पूर्वी चंपारण जिला स्तर पर चयनित सभी छात्र-छात्राओं ने पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित 'रेड रन मैराथन दौड़' मे भाग लिया। यह आयोजन एड्स के प्रति जागरूकता के प्रचार-प्रसार की दृष्टि से किया गया था ' इस आयोजन में बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना निदेशक श्री वैभव चौधरी (आई.ए.एस) और एनएसएस बिहार के निदेशक श्री विनय कुमार सिंह आदि गणमान्य पदाधिकारीगण शामिल थे। आयोजन का समापन प्रतिभागियों और जिला नोडल पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र, मेडल और स्मृति चिह्न देकर किया गया। प्रतियोगिता में सहभागिता कर लौटे सभी प्रतिभागियों और जिला नोडल पदाधिकारी को मुंशी सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एम.एन.हक और वरिष्ठ प्राध्यापक और अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. इकबाल हुसैन ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह जानकारी डॉ. अमित कुमार के हवाले से महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी है।

### अगवा छात्रा की बरामदगी के लिए छापेमारी तेज

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विगत दिनों नगर के एक मोहल्ले से धर्मांतरण के लिए अगवा की गई छात्रा की बरामदगी के लिए नगर पुलिस छापेमारी तेज कर दी। पुलिस अगवा युवती के साथ अपहर्ता की सरगर्मी से तलाश कर रही है। नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि युवती को संरक्षण में लेने का प्रयास किया जा रहा है। घटना में शामिल आरोपितों को पकड़ने की कोशिश हो रही है। जल्द ही युवती को संरक्षण में ले लिया जाएगा। बता दे कि 27 अगस्त को नगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले से 20 वर्षीय युवती को मतांतरण के लिए अगवा कर लिया गया था। युवती राम लखन सिंह यादव कॉलेज के स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा है। मामले में छात्रा के पिता ने नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है।

# उप विकास आयुक्त ने की लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की समीक्षा





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जिले में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत चल रहे स्वच्छता कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर निदेशक डीआरडीए डॉ. रोहित कुमार मिश्र, जिला स्वच्छता टीम के सदस्य, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड समन्वयक उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि अब तक लक्ष्य के विरुद्ध 92 प्रतिशत लाभार्थियों का भुगतान आईडी बन पाया है। शेष कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए। हुलासगंज, मोदनगंज एवं मखदुमपुर प्रखंडों में पैडल रिक्शा की क्रियाशीलता की समीक्षा भी की गई। इस दौरान आईएमआईएस बोर्ड पर अपेक्षित प्रविष्टि नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित प्रखंड समन्वयकों को सख्त चेतावनी दी गई कि निर्धारित समय पर कार्यों का संपादन करें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के क्रम में नागरिकों द्वारा पोर्टल पर दिए गए शौचालय आवेदनों के त्वरित निष्पादन, अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयों (डब्लूपीयू) की नियमित अपडेटिंग, विशेषकर घोसी और हुलासगंज प्रखंडों में, करने पर बल दिया गया। समुदाय से मासिक स्वच्छता शुल्क संग्रहण सुनिश्चित करने, कार्य में शिथिलता बरतने वालों पर कार्रवाई करने तथा प्लास्टिक कचरे के उठाव एवं निष्पादन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश भी दिया गया।

## बैंक का ऋण नहीं चुकाना पड़ा महंगा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र स्थित बिहार ग्रामीण बैंक शाखा सिहाडी, कोइलवा एवं पीरू बैंक से वर्षो पूर्व कुछ ग्रामीणों द्वारा लोन लिया गया था। बैंक द्वारा समय समय पर लोन वसूली के लिए शिविर लगाया गया परन्तु जो लोग लोन वसूली नही किए। वैसे लोग जो ऋण चुकता नहीं करने वाले पांच जिद्दी ऋण धारकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इनके विरुद्ध जिला नीलाम शाखा से वारंट निर्गत था जिसमे अहियापुर पंचायत के परनपुरा गांव निवासी रंजय कुमार श्रीवास्तव, सलेमपुर निवासी दिलीप पासवान, बबन पासवान, इटवां वजीरपुर निवासी अमृतेश कुमार, कोइलवां निवासी नीतीश कुमार मुख्य रूप से ऋणी है। सिहाड़ी बैंक प्रबंधक अजीत कुमार ने कहा कि सभी ऋण धारकों से अनुरोध है कि आगामी लोक अदालत में अपने ऋण को समझौता करवा कर गिरफ्तारी एवं कुर्की की कारवाई से बचें।

# प्रधान शिक्षिका ने पूर्व प्रभारी और रसोइया पर लगाए गंभीर आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जहानाबाद जिले के मोदनगंज प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय चुनुकपुर में नव पदस्थापित प्रधान शिक्षिका सरोज कुमारी ने अपने ही विद्यालय की सहायक शिक्षिका (पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक) खुशबू कुमारी उसके पति सतीश कुमार, विद्यालय में कार्यरत रसोइया गिरिजा देवी एवं सुषमा देवी पर विद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों, एमडीएम में गतिरोध उत्पन्न करने, शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना देने सहित कई गंभीर आरोप लगाते हुए शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन से अपने सुरक्षा की गुहार लगाते हुए ऐसे गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग भी की है। इस संबंध में प्रधान शिक्षिका सरोज कुमारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को प्रेषित पत्र में बताया है कि विद्यालय की पूर्व प्रभारी खुशबू कुमारी एवं उसके पति सतीश कुमार द्वारा विद्यालय में अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। इसमें रसोइया भी पूर्व





प्रभारी प्रधानाध्यापक के साथ मिलकर मध्याह्न भोजन में गतिरोध उत्पन्न करना, अभद्रता और गाली- गलौज का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए अपनी सुरक्षा की भी गुहार लगाई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को जांच का आदेश दिया था जिसमें प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने जांच के क्रम में प्रधान शिक्षिका सरोज कुमारी द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में स्थलीय जांच के उपरांत सरोज कुमारी द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को सही मानते हुए सहायक शिक्षिका खुशबू कुमारी को अन्यत्र दूसरे विद्यालय में ट्रांसफर करने तथा विभागीय कारवाई करने की संस्तुति बीइओ अपने जांच रिपोर्ट में की है। इस मामले में वर्तमान में कार्यरत दोनों रसोइया को चयन मुक्त करने की संस्तुति भी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा की गई है। हालाकि अभी तक शिक्षा विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। समाचार प्रेषण तक विद्यालय में गतिरोध पूर्व के तरह ही कायम बताया जाता है। बताया जाता है कि पूर्व में भी यहां पदस्थापित प्रभारी प्रधानाध्यापिका को शारीरिक मानसिक यातना दी गई थी जिससे ऊबकर उसने विद्यालय में ही फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी।

# 2.5 लाख के गहने और 20 हजार नकद पर चोरों ने किया हाथ साफ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जहानाबाद शहर के कृष्णा पूरी कॉलोनी में देर रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। चोरों ने नई तरकीब अपनाते हुए घर का मुख्य गेट बाहर से रस्सी से बांध दिया और एसी वाली खिड़की की ग्रिल तोड़कर घर में प्रवेश कर चोरी के वारदात को अंजाम दिया। इस संबंध में घर वालों को तब भनक लगी जब सुबह जागे तो पाया कि दरवाजा बाहर से बंद है और अंदर के कमरे में सामान बिखरा पड़ा है। परिजनों के अनुसार, चोर घर से करीब ढाई लाख के गहने और 20 हजार नकद लेकर फरार हो गए। अचानक हुई इस घटना से घरवाले



सहम गए और पूरे मोहल्ले में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और परिजनों से बातचीत कर जानकारी जुटाई। पुलिस का कहना है कि यह मामला गंभीर जांच का विषय है और चोरों की तलाश के लिए अभियान चलाया जा रहा है। गृह स्वामी सरयू प्रसाद शर्मा ने बताया कि चोरों ने पूरी योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, हालांकि इस घटना को लेकर प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। पीड़ित परिवार मूलतः सदर प्रखंड के केंदुई गांव के रहने वाले बताए जाते हैं।

# जहानाबाद में विधवा महिला को ससुराल वालों ने किया घर बदर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। नगर थाना क्षेत्र के उटा मदारपुर मोहल्ले से एक अमानवीय घटना सामने आई है। यहां एक विधवा महिला को उसके ससुराल वालों ने घर से जबरन बेदखल कर बाहर निकाल दिया। पीड़िता कोसमी देवी, जो तीन बच्चों की मां हैं, ने आरोप लगाया है कि पति की मौत के बाद से ही उनके ससुर और अन्य रिश्तेदार लगातार मारपीट कर रहे थे और आखिरकार अब उन्हें घर से निकाल दिया। इस संबंध में कोसमी देवी ने बताया कि अब वह अपने बच्चों के साथ दूसरों के दरवाजे पर शरण लेने को मजबूर हैं। उन्होंने इस मामले में नगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कर पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि यदि प्रशासन ने अगर तत्काल कार्रवाई नहीं की तो उन्हें बच्चों के साथ सड़क पर बेसहारा गुजर बसर करना पड़ेगा। उसने बताया कि ऐसी स्थिति में तो मर जाना ही बेहतर मेरे लिए होगा। फिलहाल पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि जहानाबाद में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। पुलिस कार्रवाई के बावजूद घरेलू हिंसा और उत्पीड़न जैसे मामले थमने का नाम नहीं ले रही है।

# द प्लुरल्स पार्टी के संयुक्त सचिव राकेश कुशवाहा ने घोसी विधानसभा क्षेत्र का किया भ्रमण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। द प्लूरल्स पार्टी के संयुक्त सचिव एवं मगध प्रमंडल के प्रभारी राकेश कुशवाहा ने बुधवार को घोसी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गोलकपुर, बारामसराय, घोसी समेत कई गांवों का भ्रमण कर अपने पार्टी के विचारधारा एवं घोषणा पत्र से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान बताया कि उन्हें पार्टी की ओर से प्रत्याशी के रूप में अधिकृत किया गया है। उन्होंने लोगों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचित के क्रम में बताया कि घोसी विधानसभा सभा के जनता पूर्ण बदलाव का मन बना लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोगों से बातचीत के दौरान ये पता चल रहा है की यहाँ जनता को ठगने का काम किया गया है! काम के नाम पर वोट ले लेना और पांच साल तक दर्शन नहीं देना यह बिहार में जनप्रतिनिधि का फितरत बन गया है। जनता का कहना है की किसी भी तरह से इस विधानसभा का विकास नहीं हुआ। उन्होंने हाल में फल्गु सहित दूसरे नदियों में आए बाढ़ का हवाला देते हुए कहा कि इतना साल से सत्ता मे रहने के बाद भी यहां के विधायक और सांसद इस क्षेत्र मे बांध का मरम्मत भी नहीं करा पाये, यही कारण है कि इस साल बाढ़ के पानी से किसानों को काफ़ी छती भी हुआ। रोजगार, उद्योग और चहुमुखी विकास का बात तो बहुत दूर है। राकेश कुशवाहा ने कहा की घोसी विधानसभा सभा मे विकास एवं रोजगार की अपार संभावना है। एक बार नये एवं युवा सोच को घोसी विद्यानसभा मे लाने की जरुरत है। तभी विकास संभव है। राकेश कुशवाहा ने कहा की उनकी पार्टी द प्लुरल्स पार्टी (दप्पा) ने इलेक्शन कमीशन से मांग कर चुनाव चिन्ह सिटी छाप लिया है। उन्होंने कहा कि ये सिटी भ्रस्टाचार का पर्दाफास की सिटी है, स्कूल - कॉलेज बुलाने की सिटी है, खेल के मैदान जितने की सिटी है,बिहार विकास की सिटी है और बंद कल कारखाने खोलने की सिटी है। इस दौरान प्लुरल्स पार्टी के जिला अध्यक्ष रविश दांगी, नवादा जिलाध्यक्ष निशांत सिंह, जमीनी कार्यकर्ता नितीश निराला, सोनू पासवान, कंचन चौधरी, रजनीश जीआदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लोक आस्था और प्रकृति का त्यौहार कर्मा धूम धाम से संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। कर्मा पर्व एक प्राकृतिक पर्व है जो कि झारखंड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, बिहार, पश्चिम बंगाल तथा असम राज्य में मुख्य रूप से मनाया जाता है। माना जाता है कि मूल रूप से यह आदिवासियों का पर्व है लेकिन गैर आदिवासियों में भी यह पर्व काफी लोकप्रिय है। कर्मा पर्व प्रकृति से जुड़ा हुआ लोक आस्था का पर्व है। बुधवार को बहनें अपने भाइयों के कुशलता और दीर्घायु होने के लिए व्रत रखी हैं। पुरा दिन उपवास रखकर शाम में कर्मा की पूजा करने और कथा सुनने के बाद बहनें गुरुवार की सुबह पारण करेंगी। कर्मा पर्व भाद्रपद के शुक्लपक्ष के एकादशी तिथि को मनाया जाता है। यह पर्व बहनें अपने भाइयों के लिए



मनाती हैं जो उनके पवित्र संबंध और अटूट प्रेम को दर्शाता है। झारखंड राज्य में दूसरा सबसे बड़ा प्राकृतिक पर्व "करम पर्व" होता है, जिसे इस कामना से मनाया जाता है कि लगाया गया फसल अच्छा हो।जब अच्छी बारिश होती है तब किसान अपनी फसल लगाते हैं और फसल का कार्य समाप्त होने की खुशी में करमा पर्व को मनाया जाता है। साथ ही बहनें अपने भाइयों के लिए सुरक्षा के लिए प्रार्थना करती हैं। कर्मा पर झारखंड के लोग ढोल व मांदर की थाप पर झूमते गाते हैं। इस पर्व में एक खास नृत्य भी किया जाता है जिसे करमा नृत्य भी कहा जाता है। इस पर्व को विवाहिता अपने मायके में आकर मनाती है वहीं कुंवारी लड़कियां भी इस व्रत को पूरी आस्था के साथ अपनी भाई के लिए मंगल कामना करते हुए मानती हैं।

# गोह में आज सुबह सात से 11 बजे तक रहेगी बंदी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गोह (औरंगाबाद)**। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक मनोज शर्मा ने बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गोह बंदी की घोषणा की। उन्होंने बताया कि महागठबंधन के मंच से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गवासी माताजी को लेकर की गई आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी पर भाजपा कार्यकर्ताओं में गहरा आक्रोश है। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण को लेकर प्रदेश से लेकर जिला और विधानसभा स्तर तक भाजपा कार्यकर्ताओं ने आक्रोश मार्च निकाला, लेकिन इसके बावजूद महागठबंधन के नेताओं के





कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। प्रवक्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में महिलाओं के सम्मान समारोह में संबोधन के दौरान अपनी पीड़ा को सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया था। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री की माता के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी वस्तुतः पूरे देश की महिलाओं का अपमान है। इस घटना के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश इकाई ने आंदोलन का निर्णय लिया है। इसी क्रम में आज गुरुवार को गोह प्रखंड क्षेत्र में सुबह 7 बजे से 11 बजे तक शांतिपूर्ण बंदी का आह्वान किया गया है।

## अनजान व्यक्ति को रक्तदान कर बचाई जान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। दाउदनगर के नीमा गांव निवासी श्रीकांत शर्मा ने रक्तदान महादान की भावना को चरितार्थ करते हुए एक अनजान व्यक्ति की जान बचाने के लिए रक्तदान कि या है। वे गंभीर किडनी रोग से पीड़ित दुबे खैरा गांव निवासी अरविद दुबे के लिए अपना रक्त दान कर एक मिसाल पेश की है। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी दाउदनगर के सचिव और हैंड्स ऑफ प्रकाश चंद्रा के संरक्षक डॉ. प्रकाश चंद्रा की जीवन रक्षा मुहिम के तहत की गई। अरविद दुबे के रक्त की कमी की जानकारी अभिषेक तिवारी के माध्यम से डॉ. प्रकाश चंद्रा को मिली। सूचना पर उन्होंने अपने साथियों से मदद की अपील की। उनके आग्रह पर एचओपीसी के सदस्य श्रीकांत शर्मा तुरंत मदद के लिए आगे आए और अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया।

# कार्यपालक सहायकों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड मुख्यालय में कार्यरत कार्यपालक सहायकों ने सोमवार को काली पट्टी बांधकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो वे दो दिनों का सामूहिक अवकाश लेंगे और उसके बाद भी स्थिति जस की तस रही तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इस संबंध में संगठन द्वारा पूर्व में ही सरकार को सूचना देने की बात भी कही गई है। कार्यपालक सहायकों ने बताया कि उनके आंदोलन में रहने से कई विभागीय कार्य प्रभावित होंगे। इनमें राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा संचालित भू-सर्वेक्षण महाअभियान, बिहार लोक सेवाओं के अधिकार से जुड़े कार्य, पंचायती राज विभाग से संबंधित कार्य सहित विभिन्न विभागों के नियमित कार्य शामिल हैं। कर्मियों ने स्पष्ट कहा कि यदि उनकी आधारभूत मांगों पर सरकार की उदासीनता जारी रही तो इन सेवाओं पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। विरोध कर रहे सहायकों ने कहा कि वे काली पट्टी लगाकर नियमित कार्य करेंगे और अपनी मांगों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सांसदों, विधायकों एवं विधान परिषद सदस्यों के माध्यम से सरकार तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर कार्यपालक सहायक तहसील नजर, सुनील कुमार, विकास कुमार, जितेंद्र कुमार, विनोद कुमार, मनोज कुमार, गणेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में कर्मी मौजूद रहे।

# प्रारंभिक शिक्षकों ने पुरानी पेंशन योजना बहाली को ले काला पट्टी बांध किया विरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ जिला इकाई औरंगाबाद के बैनर तले नबीनगर प्रखंड के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं प्रतिनिधियों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सभी कार्यालय एवं विद्यालय में काला पट्टी लगाकर सरकार के नीति का विरोध जताया है। शिक्षक संघ के प्रदेश सचीव धनंजय कुमार सिह ने कहा कि पुरानी पेंशन लागू करने की मांग को लेकर देश के लाखों शिक्षक एवं कर्मचारी काला पट्टी लगाकर ब्लैक डे मनाया। इस क्रम में सभी शिक्षकों ने विद्यालय और कार्यालयों में काली पट्टी बांधकर अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए सरकार की नीति का विरोध दर्ज कराया। प्रदेश सचिव धनंजय कुमार सिह, संयोजक विनोद यादव, आनंद कुमार, संजीव कुमार सिह, मनीष कुमार, राजेश कुमार,



विमलेश यादव, आशुतोष कुमार मिश्र, रमेश कुमार सिह, जिलानी अंसारी, सुनील कुमार, संतोष कुमार सिह, अरविद कुमार, रंजीत कुमार सिह सहित दर्जनों शिक्षक शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में सरकार से मांग की कि पुरानी पेंशन योजना को शीघ्र बहाल किया जाए ताकि शिक्षकों एवं कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित किया जा सके। बता दें कि एक सितंबर 2005 को राज्य सरकार ने राज्य में शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए लागू पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर दिया था। साथ ही नई पेंशन स्कीम बहाल किया था। इसके लिए सरकार के शिक्षक-कर्मचारियों का विरोधी नीति की कार्रवाई के विरुद्ध शिक्षक व कर्मचारी काला पट्टी बांधकर आक्रोश जताकर विरोध कर रहे हैं। इस मौके पर शिक्षकों ने कहा कि सांसद, विधायक व मंत्री मात्र पांच वर्ष के लिए निर्वाचित होते हैं, लेकिन उन्हें आजीवन पूर्ण पेंशन व लग्जरी सुविधाएं मिलती है, लेकिन 60 वर्ष तक देश समाज की सेवा करने वाले शिक्षकों व कर्मचारियों के पेंशन को समाप्त कर दिया गया है। यह शिक्षक कर्मचारियों के साथ अन्य पुरानी पेंशन योजना बहाली को लेकर शिक्षकों ने काला पट्टी लगा विरोध जताया है।


## दी सासाराम भभुआ सेंट्रल को-आपरेटिव बैंक लि.

प्रधान कार्यालय-सासाराम, करहगरमोड़, सासाराम, रोहतास (बिहार) 821115

**आवश्यकता**

दी सासाराम भभुआ सेंट्रल को-आपरेटिव बैंक लि. सासाराम द्वारा रोहतास एवं कैमूर जिला में अपने ग्राहकों से दैनिक जमा योजना के माध्यम से भी जमा प्राप्त किया जाता है। यह जमा बैंक के संबंधित शाखा के अधिकृत जमा वृद्धि बैंक मित्र के माध्यम से भी प्राप्त किया जाता है जिसमें जमा की राशि पर ग्राहकों को ब्याज के साथ-साथ जमा वृद्धि बैंक मित्र को भी कमीशन का भुगतान बैंक द्वारा किया जाता है। बैंक के जमा में बढ़ोतरी हेतु बैंक की सभी 18 शाखाओं क्रमशः सासाराम, बिक्रमगंज, अकबरपुर, नटवार, डेहरी, नोखा, नासरीगंज, करगहर, चेनारी, तिलौथू, नौहट्टा, भभुआ, मोहनिया, कुदरा, चैनपुर, भगवानपुर, रामगढ़ एवं दुर्गावती के लिए बैंक मित्र की आवश्यकता है। बैंक के जमा वृद्धि बैंक मित्र बनने के लिए इच्छुक व्यक्ति उक्त शाखाओं के शाखा प्रबंधकों से संपर्क करें।

प्रबंध निदेशक
दी सासाराम भभुआ सेंट्रल
को-ऑपरेटिव बैंक लि., सासाराम


# न गली हुई पक्की न नाली का निर्माण, ग्रामीणों ने प्रखंड मुख्यालय का किया घेराव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के सूही पंचायत अंतर्गत चनकप गांव के सैकड़ो लोगों ने नाली और गली निर्माण की मांग को लेकर बुधवार को प्रखंड मुख्यालय का घेराव किया और कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार को जाम अधिकारियों एवं आम लोगों का आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया। हालांकि, कार्यालय के एक अन्य द्वार से आवागमन होता रहा। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि वे विगत कई वर्षों से नाली की से जूझ रहे है। निकास न होने के कारण गांव के बीच मुख्य सड़क पर नाली के पानी का जमाव हो गया है। हालत इतनी बदतर हो गई है कि गंदे पानी के जमाव के कारण आसपास के घरों में लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। गंदे पानी से उसकी दुर्गंध से बीमारियां फैलने लगी है। उन्होंने बताया कि अभी भी गांव में डेंगू से तीन लोग ग्रसित हैं। उक्त गांव के रहने वाले प्रेम कुमार ने बताया कि गांव के लोग गंदे पानी से होकर दुर्गा मंदिर तक जाने के लिए विवश हैं। जिससे श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हो रही है। नाली निर्माण के लिए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सांसद, विधायक, मुखिया और प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी आवेदन दिया था, परन्तु अब तक नाली का निर्माण नहीं हो पाया। अंततः थक-हार कर ग्रामीणों ने प्रदर्शन का मार्ग अपनाया है। कई घंटे तक प्रदर्शन करने के पश्चात प्रदर्शनकारियों के शिष्टमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी आदर्श कुमार नंदा से मुलाकात की। बीडीओ ने बताया कि विगत 28 अगस्त को ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय में आवेदन दिया था। योजना का एस्टीमेट बन गया है। दस दिनों के अंदर नाली निर्माण का काम शुरू कर दिया जाएगा। बीडीओ के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

**पंचायत में नहीं होती आमसभा -**

प्रदर्शन में शामिल वार्ड सदस्य कामेश्वर मेहता ने बताया कि पंचायत में आम सभा के माध्यम से योजनाओं का चयन नहीं किया जाता है। उन्होंने मुखिया मंजीत यादव पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में एक भी आम सभा नहीं किया है। फर्जी तरीके से रजिस्टर पर साइन करा कर आमसभा का कोरम पुरा कर लिया जाता है। मुखिया का कहना है कि वार्ड संख्या एक, दो और तीन के लोगों ने मुझे वोट नहीं दिया है इसलिए मैं उस जगह पर विकास का कोई काम नहीं करूंगा। वहीं प्रदर्शन कर रहे वार्ड संख्या तीन के वार्ड सदस्य विजय कुमार मेहता ने बताया कि पंचायत के तेरह वार्ड सदस्यों ने मुखिया को पचासों बार नाली निर्माण के लिए कहा परंतु उन्होंने काम करने से स्पष्ट मना कर दिया और कहा कि आपको जहां जाना है जाइए आपके यहां विकास का कोई काम नहीं होगा।

**गांव की असुविधाएं खोल रही है विकास के दावों की पोल -**

त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के कई दशक बीत गए परंतु कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र का विकास कागजों में सिमट कर रह गया है। अधिकारियों द्वारा विकास के बड़े-बड़े दावे पेश किए जाते है परंतु हकीकत यह है कि हर वर्ष करोड़ों रूपये खर्च करने के बावजूद प्रखंड क्षेत्र में आदर्श पंचायत तो दूर एक आदर्श गांव भी नहीं बन पाया है। हर पंचायत में ऐसे कई गांव हैं जो नाली और गली जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। गौरतलब है कि सरकार विकास के लिए पैसे आबंटित कर रही है, पैसे खर्च भी हो जा रहे हैं परंतु गांवों का समुचित विकास तो दूर मूलभूत सुविधाएं भी पुरी नहीं हो पा रही है। कई समाजसेवियों ने बताया कि इसका सीधा संबंध योजनाओं के चयन प्रक्रिया से जुड़ा है। योजनाओं के चयन को लेकर वार्ड सदस्य और ग्रामीण प्रखंड कार्यालय में कई बार शिकायत कर चुके है। उनका कहना है कि योजनाओं का चयन आम सभा या ग्राम सभा लगाकर नहीं किया जाता है। जनप्रतिनिधि फर्जी तरीके से कागजों पर आम सभा का कोरम पूरा कर लेते हैं और मनमाने तरीके से उन योजनाओं का चयन किया जाता है जिनमें जनप्रतिनिधियों के व्यक्तिगत और राजनैतिक फायदे होते हैं। विकास के मामले में पिछड़े होने के कारण कुटुंबा प्रखंड का चयन आकांक्षी प्रखंड के रूप में किया गया है। सरकार क्षेत्र के विकास के लिए विशेष पैकेज मुहैया करा रही है, परंतु आने वाला समय ही बताएगा कि आकांक्षी प्रखंड के रूप में कुटुंबा प्रखंड का चयन आम जन के लिए कितना लाभकारी होगा। क्योंकि जिस उद्देश्य से त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था लागू की गई थी वह उद्देश्य कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र में पूरा होते नहीं दिख रहा है।


## दी सासाराम भभुआ सेंट्रल को-आपरेटिव बैंक लि.

प्रधान कार्यालय-सासाराम, करहगर मोड़, सासाराम, रोहतास (बिहार) 821115

**आवश्यकता**

दी सासाराम भभुआ सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि. सासाराम के सभी खाताधारकों को सूचित किया जाता है कि कार्यों में और पारदर्शिता एवं खाताधारकों के हित एवं सुविधा को देखते हुए निदेशक मण्डल द्वारा निर्णय लिया गया है कि दिनांक 01-10-2025 से बैंक की सभी शाखाओं में राशि निकासी फॉर्म से मात्र 10.000.00 (दस हजार रुपये) तक नकद राशि की निकासी की जाएगी तथा 10.000.00 (दस हजार रुपये) से अधिक राशि की निकासी हेतु चेक आवश्यक होगा। अतः दी सासाराम भभुआ सेंट्रल को-आपरेटिव बैंक लि. सासाराम के सभी खाताधारकों से अनुरोध है कि 30-09-2025 तक बैंक के संबंधित शाखा में किसी भी कार्य दिवस को अपने सुविधानुसार बैंक शाखा के प्रबंधक /कर्मी से संपर्क कर अपना केवाईसी अद्यतन करा लें, साथ ही अपने खाता से संबंधित चेक बुक निर्गत करा लें।

प्रबंध निदेशक
दी सासाराम भभुआ सेंट्रल
को-ऑपरेटिव बैंक लि., सासाराम

# मुख्यमंत्री 5 को करेंगे पुनपुन में बिहार के पहले संस्पेशन ब्रिज का उद्घाटन

## डीएम, डीडीसी ने दिया फाइनल टच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मसौढ़ी।** ऋषिकेश की तर्ज पर बिहार में पुनपुन नदी पर लक्ष्मण झूला बन गया। जिसका काम फाइनल हो चुका है। आगामी 5 सितबंर को मुख्यमंत्री नितिश कुमार उदघाटन करेंगे ऐसे मे बुधवार को डीएम डॉ त्यागराजन, डीडीसी समीर सौरभ के अलावा पुल निगम के एमडी, मसौढी एसडीएम अभिषेक कुमार, डीएसपी-2 कन्हैया कुमार आदी ने जायजा लेते लक्ष्मण झुला के दक्षिणी छोर से उतरी छोर तक गाड़ियों का परिचालन कर निरीक्षण किया और कहा कि संस्पेशन ब्रीज का कार्य फाइनल हो चुका है। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय पुनपुन पिंडदान स्थल पर लक्ष्मण झूला की तरह बिहार का पहला केबल सस्पेंशन ब्रिज की सौगात बिहार को मिलने जा रहा है। इसके निर्माण के लिए कैबिनेट ने 82 करोड़ 90 लाख 48 हजार रुपये की मंजूरी दी है। बता दे की पुनपुन पिंडदान स्थल पर लक्ष्मण झूला के समकक्ष रेलवे पुल के बगल में पुनपुन नदी पर केबल सस्पेंशन पुल के निर्माण के लिए 8,299.48 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। पुल की कुल लंबाई 320 मीटर और चौड़ाई 11.50 मीटर है। बिहार राज्य पुल निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर इंजीनियर कुमार गौरव ने बताया की लक्ष्मण झूला का फाइनल टच कर दिया गया है और 5 सितंबर को सुबह 11:00 बजे मुख्यमंत्री इसका विधिवत उद्घाटन करेंगे। उसके बाद से इस लक्ष्मण झूला पर लोगों का आवागमन शुरू हो जाएगा ,उद्घाटन की तैयारियां जोरों पर की जा रही है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला मशाल जुलूस

**मसौढी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पीएम मोदी की मां को दी गई गाली के विरोध में पूरे देश भर में भाजपा कार्यकर्ताओं में गुस्सा उबाल पर है। ऐसे में गुरुवार को यानी 4 सितंबर को भाजपा पार्टी की ओर से बिहार बंद का आह्वान किया गया है, ऐसे में बिहार बंद के संध्या भाजपाइयों के द्वारा मसाल जुलूस निकाला गया है और लोगों से अपील की गई है की स्वेच्छा से अपनी-अपनी दुकान बंद करके बिहार बंद का सफल करने में सहयोग करेंगे। दरअसल बताया जाता है की वोट अधिकार रैली के दौरान कंग्रेस के मंच से कंग्रेस के कार्यकर्ताओं के द्वारा पीएम मोदी की मां को गाली दी गई थी, जिसको लेकर पूरे देश भर में बवाल मच गया है वहीं अब भाजपा के लोगों ने बिहार बंद कर इसका विरोध जाता रहे हैं ऐसे में मसौढ़ी में बुधवार की शाम को, शहर में रेलवे स्टेशन से कर्पूरी चौक तक है मसाल जुलूस निकालकर बंद को सफल बनाने की अपील की है।

## गढ़वा-गया रेलखंड पर पैसेंजर ट्रेन की मांग

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** गढ़वा रेलखंड से मुगलसराय रेलखंड को जोड़ने वाले मार्ग पर पैसेंजर ट्रेन चलाने की मांग की गई है। इस संबंध में क्षेत्रवासियों की ओर से राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा को ज्ञापन भेजा गया है। मांगपत्र में कहा गया है कि गढ़वा रेलखंड के उटारी अथवा जपला रेलवे स्टेशन से होकर गया रेलवे स्टेशन तक कोई पैसेंजर ट्रेन नहीं चल रही है। यह क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी समस्या है। उल्लेख किया गया है कि गया एक महत्वपूर्ण तीर्थस्थल है जहाँ प्रतिवर्ष श्राद्ध पितृपक्ष मेला और अन्य धार्मिक आयोजन होते हैं। इसके बावजूद इस रूट पर स्थानीय यात्रियों और तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए कोई पैसेंजर ट्रेन उपलब्ध नहीं है। मांग रखने वालों का कहना है कि गया में हर साल लाखों लोग पितृपक्ष मेले के लिए पहुँचते हैं। ऐसे में इस रेलखंड पर पैसेंजर ट्रेन की सुविधा मिलना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की उपेक्षा दुर्भाग्यपूर्ण है और शीघ्र पैसेंजर ट्रेन चलाने की दिशा में ठोस कदम उठाया जाना चाहिए।ज्ञापन देने वालों में औरंगाबाद के अरविन्द कुमार सिंह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सह जदयू जिला सचिव ने कहा कि यदि इस मार्ग पर ट्रेन चलाई जाती है तो आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी और तीर्थयात्रियों के लिए भी सुगमता होगी।

## एक नजर

### काको के सूफी महोत्सव 2025 में साबरी ब्रदर्स देंगे रूहानी प्रस्तुति

**जहानाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी सूफी महोत्सव 2025 का आयोजन 05 सितम्बर को संध्या 6 बजे काको स्थित मध्य विद्यालय मैदान में किया जाएगा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध सूफी कव्वाली गायक साबरी ब्रदर्स अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे।महोत्सव में अपराह्न 4 बजे नुक्कड़ नाटक तथा स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ होंगी। संध्या में हजरत बीबी कमाल की दरगाह पर आगत अतिथियों द्वारा चादरपोशी की जाएगी।यह आयोजन पर्यटन विभाग, बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन, जहानाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा है, जो जहानाबाद की गंगा-जमुनी संस्कृति और सूफी परंपरा को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा।

### घर में घुसकर महिला को किया जख्मी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट की गई। मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मीरपुर गंगाचक की है, जहां पर एक घर में घुसकर एक महिला के साथ लोहे के रॉड से मारपीट कर जख्मी कर देने का मामला प्रकाश में आया हैं। इस मामले में पीड़ित महिला अनीता कुमारी पति टुनु यादव ने गांव के चार व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा है कि तकरीबन रात को 10:00 बजे हमारे घर में घुसकर मुझे बाल पकड़ कर खींचते हुए मारपीट की है और विरोध करने पर लोहे के रॉड से सिर पर मार दिया है जहां चोटील हो गए हैं, जिसे पीएमसीएच रेफर किया गया है। मारपीट के दौरान मंगलसूत्र चेन छीन लेने का आरोप लगाया है। इस घटना में कुंदन कुमार, जगदीश यादव, दयानंद, रोहित आदि को नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही हैं।

### 9 सितंबर को होगा राष्ट्रीय सेमिनार

**दरभंगा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारत की विकास गाथाः- चुनौतियां और अवसर विषय पर अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा 9 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय सेमिनार हाइब्रिड (ऑनलाइन + ऑफलाइन) दोनों मोड में विश्वविद्यालय स्थित जुबली हॉल में आयोजित होगा। जानकारी देते हुए अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अम्बरीष कुमार झा ने कहा कि इस राष्ट्रीय सेमिनार के मुख्य संरक्षक, माननीय कुलपति महोदय, प्रो. संजय कुमार चौधरी, संरक्षक, सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. शाहिद हसन, अध्यक्ष, विभागाध्यक्ष डॉ. अम्बरीष कुमार झा, संयोजक, पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. विजय कुमार यादव जबकि संगठन सचिव विभागीय शिक्षिका डॉ. शीला यादव एवं शिक्षक डॉ. मो. मसरूर आलम होंगे। शिक्षक, शोधार्थी व छात्र-छात्रा पंजीकरण शुल्क शिक्षक/अकादमिक के लिये 1200, शोधार्थी के लिये 1000 व विद्यार्थी 500 देकर ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## रेस्टोरेंट का दरवाजा तोड़कर तीन लाख की चोरी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना-गया एन एच -22 पर मसौढी थाना क्षेत्र के मठिया पर गांव के समीप एक चिटपुट रेस्टोरेंट में बीते देर रात को चोरों ने दरवाजा तोड़कर तकरीबन तीन लाख का सामान चोरी कर ली है, जिसमें चार सिलेंडर, बैटरी, अलमारी, समेत पंखा बर्तन आदि की चोरी कर ली है। इस मामले में पीड़ित मनीष कुमार पिता शंभू सिंह तारेगना डीह ने मसौढी थाने में अज्ञान के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज की है पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हैं। पिडित मनीष कुमार ने बताया कि जैसे ही सुबह में रेस्टोरेंट खोलने आए तो पूरा सामान बिखरा हुआ था, दरवाजा टूटा हुआ था, कई सामान गायब थे जहां तुरंत स्थानीय थाने को सूचित किए हैं इसमें 3 लाख का सामान गायब है

## दरभंगा एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं का होगा विस्तार : डॉ. गोपालजी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दरभंगा।** दरभंगा एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष स्थानीय सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर की अध्यक्षता में स्थानीय परिसदन दरभंगा में हुई। बैठक में केवटी विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा, जिलाधिकारी कौशल कुमार, सहायक समाहर्ता के परीक्षित, नगर आयुक्त राकेश गुप्ता, उपनिदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद, एयरपोर्ट के डायरेक्टर नावेद नदीम सहित अन्य सभी प्रशासनिक अधिकारी, निर्माणाधीन परियोजनाओं के एजेंसी, सलाहकार समिति के सदस्यों सहित इस कमिटी के सभी सदस्य उपस्थित थे। सांसद ने कहा कि एयरपोर्ट के विकास के लिए राज्य सरकार के द्वारा 300 एकड़ जमीन दी गई है और इसके विकास के लिए 2700 करोड रुपए केंद्र सरकार के द्वारा प्रदान की गई है। एयरपोर्ट के नामकरण के लिए कवि कोकिल विद्यापति के नाम पर किए जाने का प्रस्ताव भी पहले भेजा जा चुका है तथा इसके लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय को फिर से इसके लिए आग्रह किया जाय। बैठक में सदस्यों के द्वारा दिल्ली मोड़ से एयरपोर्ट के गेट तक पैदल यात्री के लिए दोनों तरफ रोड, एयरपोर्ट के बाहर पेयजल तथा शौचालय की व्यवस्था तथा पार्किंग का मुद्दा उठाए जाने पर अध्यक्ष ने जिलाधिकारी तथा नगर आयुक्त को इसके निदान के यथाशीघ्र पहल करने का निर्देश दिया। सांसद ने कहा कि जिलाधिकारी दरभंगा काफी लगनशील, मेहनती और समदर्शी हैं। जिले के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके योगदान से ही सभी कार्यों में काफी प्रगति हो रही है। बैठक में अध्यक्ष ने एयरपोर्ट डायरेक्टर को रनवे के आगे 24 एकड़ में बन रहे कैट टू लाइट की सभी औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। रनवे पर नाइट लैंडिंग को शीघ्र शुरू करने के लिए सभी निर्माण कार्यों को पूरा कर संबंधित उपकरणों को लगाने का कार्य पूरा करें। सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ कैम्प के स्थाई व्यवस्था के बाबत पूछे गए प्रश्नों पर एयरपोर्ट डायरेक्टर ने बताया कि सीआईएसएफ की टीम के द्वारा सर्वे कार्य को पूरा कर लिया गया है तथा इसके लिए जमीन अधिग्रहण के लिए प्रस्ताव मंत्रालय को भेजा जाय। सुरक्षा कर्मियों को रहने के लिए बेहतर व्यवस्था करने का निर्देश डायरेक्टर को दिया गया। बैठक में एयरपोर्ट के भीतर मखान का काउंटर, मिथिला पेटिंग के साथ मिथिला टूरिज्म की सारी जानकारियों को प्रदर्शनी की व्यवस्था करने का निर्देश देते हुए कहा कि इसके माध्यम से एयरपोर्ट पर यात्रियों को मिथिला की सारी जानकारी एक जगह उपलब्ध हो। नए टर्मिनल भवन निर्माण कार्यों की जानकारी मांगे जाने पर संबंधित एजेंसी के अधिकारयों ने अध्यक्ष डॉ ठाकुर को बताया कि 912 करोड़ की लागत से निर्माण कार्यों का तीस प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है तथा शेष कार्यों को समय से पूरा कर लिया जाएगा। सदस्यों द्वारा दरभंगा से विभिन्न शहरों के उड़ान सेवा शुरू किए जाने के मुद्दे पर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए स्पाइसजेट के प्रतिनिधि ने बताया कि 20 सितंबर से बेंगलुरु के लिए उड़ान सेवा शुभारंभ किया जाएगा तथा छठ पूजा के बाद अहमदाबाद के लिए भी उड़ान सेवा शुरू होगी। उन्होंने निर्माणाधीन 7 एप्रन के निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया जबकि एनएचएआई के कार्यपालक अभियंता को एयरपोर्ट से पश्चिम एनएच 105 को रनवे विस्तार को देखते हुए पांच मीटर पश्चिम दिशा में आगे किए जाने के प्रस्ताव को शीघ्र अमल में लाने का निर्देश दिया। बैठक में दरभंगा एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाए जाने के लिए सभी औपचारिकताओं को पूरा किए जाने का निर्देश दिया।

## पेज 1 का शेष

### पितृपक्ष मेला क्षेत्र ...

3 करोड़ 61 लाख की लागत से इमामगंज प्रखंड अंतर्गत 12 बांध का जीर्णोद्धार समेत अन्य योजनाएं शामिल है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार, लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ सुनील कुमार समेत कई नेता मौजूद थे।

## देसी कट्टा के साथ शराब कारोबारी गिरफ्तार

### शराब कारोबार के दौरान डराने के लिए रखता था पिस्तौल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** लहसुना थाना क्षेत्र के नियामतपुर गांव मे गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान मुसहरी में एक शराब कारोबारी के घर से एक पिस्तौल के साथ शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम मंटु मांझी (उम्र 30 वर्ष), पिता-स्व0 भागीरथ मांझी, है जो अपने घर मे अवैध हथियार रखने की सूचना लहसुना पुलिस को मिली थी। जहाँ उक्त सूचना के आधार पर लहसुना पुलिस द्वारा सूचना का सत्यापन करते हुए एवं वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचना देते हुए नियामतपुर मुसहरी में छापेमारी के दौरान मंटु मांझी से पूछताछ करने एवं घर का तलाशी करने पर घर मे रखे बक्सा के पीछे काले पॉलीथीन में 01 देशी कट्टा छुपा कर रखा गया था। इस मामले में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए पूर्वी सिटीएसपी परिचय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार मंटू मांझी शराब कारोबार से जुड़ा हुआ था और शराब बेचने के लिए और अपने गैंग के लोगों से सेफ्टी के लिए 6 हजार में देसी कट्टा मंगा कर रखे हुए था, दरअसल शराब के कारोबार में कई शराब गैंग के लोगों से दुश्मनी हो जाती हैं, इस वजह से वह सेफ्टी के लिए पिस्टल रखा था, शराब कारोबार में कौन कौन जुड़े हुए हैं, इसके पूरे आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। वही लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू ने बताया कि 2 दिन पहले इसके घर पर शराब की छापेमारी किए थे जो वह फरार हो गया था लगातार सूचना मिल रही थी उसके पास अवैध हथियार भी रखता है। बहरहाल पुरी मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## पत्नी के साथ मारपीट एवं प्रताड़ित करने पर पति को 3 वर्ष कारावास की सजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** जहानाबाद व्यवहार न्यायालय में बुधवार को जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश दशम विशाल कुमार की अदालत ने विपिन कुमार दुबे को अपनी पत्नी हेमा कुमारी के साथ मारपीट करने एवं दहेज़ प्रताड़ना के आरोप में दोषसिद्ध करते हुए 3 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। दोषी व्यक्ति अमैन ग्राम परसबिगहा थाना क्षेत्र का निवासी बताया जाता है। मामले में सरकार की ओर से पैरवी कर रहे अपर लोक अभियोजक कमलेश प्रसाद ने बताया कि यह मामला परसबिगहा थाना कांड संख्या 37/06 से संबंधित है। उक्त मामले की सुचिका अभियुक्त की पत्नी हेमा कुमारी है, उसकी शादी वर्ष 1999 में विपिन कुमार दुबे के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही अभियुक्तों के द्वारा जमीन खरीदने को लेकर हेमा कुमारी के परिजनों से दो लाख रूपए की मांग लगातार करते थे और नहीं देने पर पति उसके साथ मारपीट करता था, साथ ही उसे दहेज़ के लिए प्रताड़ित भी किया जाता था। सूचिका के द्वारा बताया गया कि उसे गिलास में कुछ मिलाकर जान मारने के नियत से पति के द्वारा कुछ जबरन पिला दिया गया था, यहाँ तक कि उसे माता-पिता से भेंट मुलाकात भी करने नहीं दिया जाता था इसी को लेकर हेमा कुमारी ने अपने पति को नामजद करते हुए परसबिगहा थाने में मामला दर्ज कराया था। लिहाजा मामला न्यायालय पहुंचा, जहां अभियोजन की ओर से मामले मे कुल सात गवाहों की गवाही कराई गई। वहीं न्यायालय ने गवाहों को मद्देनजर रखते हुए अभियुक्त विपिन कुमार दुबे को भारतीय दंड विधि की धारा 498 (थ) मे दोषी करार करते हुए 3 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही दोषी पर पांच हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माने कि राशि भुगतान न करने पर दोषी को दो महीने अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

## एसयू कॉलेज हिलसा में कुलपति ने किया 'प्रज्ञा' पत्रिका का विमोचन

### टैलेंट हंट 2025 के प्रतिभागी सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दनियावां (पटना)।** दनियावां-हिलसा मार्ग स्थित एसयू कॉलेज, हिलसा के सभागार में बुधवार को वार्षिक महाविद्यालय पत्रिका 'प्रज्ञा' का भव्य विमोचन किया गया। विमोचन पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह, प्राचार्य डॉ. गजेंद्र प्रसाद गदकर एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज संस्थापक बाबा विष्णु प्रकाश उदासीन उर्फ झक्कड़ बाबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कुलपति प्रो. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि 'प्रज्ञा' पत्रिका अपने नाम के अनुरूप ज्ञान और रचनात्मकता का संगम है। इस मंच से छात्रों, शिक्षकों और कर्मियों को अपनी प्रतिभा और विचारों को अभिव्यक्त करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि लेखन से व्यक्तित्व का विकास होता है और नए विचारों का उदय होता है। प्राचार्य डॉ. गदकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों की प्रतिभा को निखारने के लिए कॉलेज में नियमित सेमिनार, क्विज, कैंपस सेलेक्शन और मल्टीडिसिप्लिनरी एकेडमिक टैलेंट हंट जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में टैलेंट हंट 2025 के सफल प्रतिभागियों को इस अवसर पर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी शरण, पूर्व प्राचार्य प्रो. प्रवीण कुमार, मैडम वीसी डॉ. मीना कुमारी, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय पटना के कुलसचिव डॉ. निरंजन प्रसाद यादव, पीपीयू छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो. राजीव रंजन सहित कई विद्वानों ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर समाजसेवी आशुतोष कुमार मानव, प्रो. मुकेश रॉय, प्रो. अनिता सागर, डॉ. राहुल अमृतराज, डॉ. पिंकी कुमारी, डॉ. संदीपा इंद्रा, डॉ. प्रभात कुमार, डॉ. हरजीत कुमार, डॉ. रविंद्र साह, डॉ. सम्राट सरकार, डॉ. अश्विनी कुमार झा, डॉ. भुवनेश्वर मंडल सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक, कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## पुनपुन स्वास्थ्य केंद्र को स्थानांतरित किए जाने के विरोध में विधायक बैठे धरना पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** पुनपुन प्रखंड के अंतर्गत स्थित पुनपुन स्वास्थ्य केंद्र को बंद कर उसे वृजू बिगहा स्थानांतरित किए जाने क के खिलाफ स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। इस स्थानांतरण का पुनपुन नगर पंचायत के स्थानीय लोगों ने पहले से ही विरोध कर रहे है। विधायक गोपाल रविदास ने जनता की मांगों को गंभीरता से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से विशेष अनुरोध कर पुनपुन स्वास्थ्य केंद्र को यथावत रखने की मांग की थी।

पिछले वर्ष पितृपक्ष मेला के उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा मंच से घोषणा की गई थी कि पुनपुन स्वास्थ्य केंद्र को यथावत रखा जाएगा और इसे और बेहतर अस्पताल में परिवर्तित किया जाएगा। बावजूद इसके, वर्तमान में स्वास्थ्य केंद्र को खाली कराए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिससे जनता स्वयं को ठगा महसूस कर रही हैं। विरोध में पुनपुन स्वास्थ्य केंद्र समिति एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया जिसमें विधायक गोपाल रविदास ने मौके पर पहुंचकर जनता की बात सुनी और तुरंत सिविल सर्जन, पटना तथा स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आश्वासन दिया गया कि पुनपुन पीएचसी को यथावत रखा जाएगा। विधायक रविदास ने अधिकारियों से लिखित आश्वासन की भी मांग की। इस अवसर पर धरना स्थल पर एसडीओ मसौढ़ी, पुनपुन बीडीओ तथा अंचलाधिकारी भी उपस्थित हुए और आंदोलनकारी जनता व विधायक को स्पष्ट आश्वासन दिया कि पुनपुन पीएचसी कहीं नहीं जा रहा है यह यहीं पर रहेगी। आंदोलन में शामिल लोगों में शामिल रहे पप्पु चंद्रवंशी (अध्यक्ष, राजद पुनपुन प्रखंड), सुनील कुमार, सतगुरु प्रसाद, मनोज पासवान, नागा राम सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुनपुन को यथावत रखने का जिलाधिकारी ने दिया आश्वासन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पुनपुन प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को बृजुबिगहा में स्थानांतरित करने की विरोध में लगातार दो दिनों से स्थानीय लोगों का विरोध प्रदर्शन हो रहा था। ऐसे में बुधवार के दिन लक्ष्मण झूला का जायजा लेने पहुंचे जिलाधिकारी से सभी स्थानीय लोगों ने इस मुद्दे पर वार्ता की जहां जिलाधिकारी में भरोसा जताया कि पुनपुन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र यही रहेगा और सभी सुविधा मिलेगी इस आश्वासन के बाद स्थानीय लोगों ने राहत के सांस ली है। दरअसल बताया जाता है की पुनपुन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को बृजुबिगहा सामुदायिक केंद्र में स्थांतरित की जा रही थी और इस बीच कई चिकित्सा सुविधा धीरे-धीरे बंद की जा रही थी, महज ओपीडी चल रही थी, ऐसे में इस बात की जानकारी मिलती ही स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया और अस्पताल परिसर में ही विरोध पर बैठ गए थे, हालांकि पिछले साल पितृपक्ष मेला के मंच से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पुनपुन स्वास्थ्य केंद्र को यथावत रहने का घोषणा भी की थी, बावजूद इस घोषणा पर अमल होते नहीं देख स्थानीय लोगों ने विरोध जताया था।

## पुलिस ने तीन युवकों को रंगे हाथ किया गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता) ।** धनरूआ थाना क्षेत्र के मझौली गांव के पास अपराध की योजना बना रहे दो युवकों को पिस्तौल के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार युवकों में रईस कुमार उम्र 19 वर्ष पिता दसई यादव डुमरा, संतोष कुमार उम्र 29 वर्ष देवशरण यादव को पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया गया है, थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया किसी की हत्या के फिराक में तीन युवक बैठे हुए थे, पुलिस को सूचना मिली तुरंत कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर पकड़ लिया गया है, वहीं एक युवक अमरेश कुमार उम्र 20 वर्ष पिता कैलू यादव का फरार हो गया है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है, इस छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष आलोक कुमार, अपर थानाध्यक्ष आलोक कुमार, नवीन, अंकित समेत कई पुलिस पदाधिकारी की टीम शामिल रहे, गिरफ्तार युवक से पूछताछ की जा रही है।

# धर्मशाला में भारत-साउथ अफ्रीका टी20 मैच की तैयारी शुरू

## आउटफील्ड में लगेगी नई राई घास, 14 दिसंबर को होगा मुकाबला



**धर्मशाला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, धर्मशाला, दिसंबर में एक और हाई-वोल्टेज मुकाबले की मेजबानी के लिए तैयार है। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच होने वाला तीसरा टी-20 मैच यहां नई राई घास पर खेला जाएगा। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) ने आउटफील्ड से पुरानी मिक्स घास हटाकर सर्दियों में पनपने वाली राई घास लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। एचपीसीए अधिकारियों के मुताबिक, अगले एक हफ्ते में पुरानी मिक्स घास पूरी तरह हटा दी जाएगी। इसके बाद राई घास का बीज डाला जाएगा, जिसे उगाने में 22 से 25 दिन लगेंगे। यह घास सर्दियों में तेजी से बढ़ती है और खेल के लिए बेहतरीन मानी जाती है, जिससे दिसंबर में होने वाले मैच के लिए एक शानदार आउटफील्ड तैयार हो जाएगी।

# भारत के प्रणव नें जीता फुजेराह ग्लोबल शतरंज चैंपियनशिप का खिताब



**फुजेराह , यूएई (एजेंसी)।** फुजेराह ग्लोबल शतरंज चैंपियनशिप के सुपर स्टार्स वर्ग का खिताब भारत के युवा शतरंज खिलाड़ी प्रणव वी नें अपने नाम कर लिया है । प्रणव नें अंतिम राउंड में पहले बोर्ड पर स्पेन के ग्रांड मास्टर एलन पीचोट को एक शानदार हाथी के एंडगेम में पराजित करते हुए 7 अंक बनाकर शानदार अंदाज में यह प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम कर लिया है । इसके साथ ही प्रणव नें अपनी लाइव रेटिंग में 28 अंक जोड़ते 2631 की अपने खेल जीवन की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग पर पहुँच गए है । साथ ही उन्होने 17.6 फीडे सर्किट अंक भी हासिल कर लिए है । पहले पुरुस्कार के तौर पर प्रणव नें 23000 डॉलर भी अपने नाम किए । शीर्ष 10 के सभी बोर्ड पर हर बाजी का अपना महत्व था क्यूंकी हर परिणाम शीर्ष 10 के खिलाड़ियों को तय करने वाला था । दूसरे बोर्ड पर ईरान के अमीन तबातबाई को जर्मनी के अलेक्ज़ेंडर डोनचेंको नें ड्रॉ पर रोका तो ब्रांडोन नें आज तीसरे बोर्ड पर शीर्ष वरीय भारत के निहाल सरीन से बाजी ड्रॉ खेली वहीं चौंथे बोर्ड पर हंगरी के सनन सुज्गिरोव को यूएसए के अभिमन्यु मिश्रा नें ड्रॉ पर रोक लिया वही इन तीनों ड्रॉ का फायदा मिला मेक्सिको के होस एडुयार्डो मार्टिनेज को जिन्होने यूएसए के सैम शंकलंद को पराजित करते हुए शीर्ष तीन में अपना स्थान पक्का कर लिया ।

# जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा नंबर-1 वनडे ऑलराउंडर

## बैटर्स की वनडे, टेस्ट और टी-20 रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं; बॉलर्स में बुमराह टॉप पर



**दुबई (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा नंबर-1 वनडे ऑलराउंडर बन गए हैं। बुधवार को जारी आईसीसी रैंकिंग में रजा ने अफगानी ऑलराउंडर अजमतुल्लाह ओमरजई को पीछे छोड़ा। रजा ने करियर की बेस्ट रेटिंग हासिल की। उनके अब 302 रेटिंग पॉइंट्स हों गए हैं। टीम रैंकिंग की बात की जाए तो भारत वनडे और टी-20 में पहले नंबर पर है। वहीं ऑस्ट्रेलिया टेस्ट में नंबर-1 पर है। बैटर्स की वनडे, टेस्ट और टी-20 के टॉप-10 रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। बॉलर्स की टेस्ट रैंकिंग में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी नंबर-3 पर आ गए हैं। वहीं जसप्रीत बुमराह पहले नंबर पर बने हुए हैं। टी-20 बॉलर्स रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। ऑलराउंडर्स टेस्ट रैंकिंग में रवींद्र जडेजा पहले स्थान पर हैं। वहीं टी-20 में हार्दिक पंड्या टॉप पर बने हुए हैं।

### निसांका ने 7 स्थान की छलांग लगाई

जिम्बाब्वे के खिलाफ हरारे स्पोर्ट्स क्लब में दोनों वनडे जीतने के बाद श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने भी रैंकिंग में छलांग लगाई है । पथुम निसांका ( 654 अंक ) बल्लेबाजी रैंकिंग में सात स्थान ऊपर 13वें पर पहुंच गए । उन्होंने सीरीज में 122 और 76 रनों की पारी खेली ।

जनिथ लियानागे 13 स्थान चढ़कर 29वें पर पहुंच गए । गेंदबाजी रैंकिंग में असिथा फर्नांडो को 6 और दिलशान मधुशंका को 8 स्थान ला फायदा मिला है ।

साउथ अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज नंबर–1 वनडे गेंदबाज हैं । उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में चार विकेट लेने के बाद 31 रेटिंग अंकों की बढ़त कुल 690 अंक बना ली । भारत के शुभमन गिल नंबर–1 वनडे बल्लेबाज हैं । उनके 784 अंक हैं ।

### रजा ने दो अफगानी प्लेयर्स को पीछे छोड़ा

रजा अफगानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी ( 292 अंक ) और अजमतुल्लाह उमरजई ( 296 अंक ) को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंचे हैं। नबी तीसरे और उमरजई दूसरे पायदान पर हैं। रजा ने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ दो वनडे मैचों की सीरीज में 92 और 59 रनों की नाबाद पारी खेली थी। इस दौरान उन्होंने एक विकेट भी चटकाया था। 39 साल के रजा बल्लेबाजी रैंकिंग में भी नौ स्थान ऊपर चढ़कर 22वें पर चले गए हैं।

# जोकोविच 14वीं बार यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

## जिमी कोनर्स के रिकॉर्ड की बराबरी की, अब अल्काराज से होगा सामना



**यूएस (एजेंसी)।** सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच यूएस ओपन 2025 के सेमीफाइनल में पहुंच गए है। उन्होंने मेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अमेरिकी खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को 6-3, 7-5, 3-6, 6-4 से हराया। यह उनका 14वां यूएस ओपन सेमीफाइनल है। उन्होंने इस जीत के साथ जिमी कोनर्स के सबसे ज्यादा 14 बार यूएस ओपन सेमीफाइनल में पहुंचने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। वहीं, स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने भी सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। जहां उनका सामना जोकोविच से होगा। जोकोविच (बाएं) ने टेलर फ्रिट्ज को 6-3, 7-5, 3-6, 6-4 से हराया।

### जोकोविच ने बेटी तारा के लिए डांस किया

जोकोविच का यह कुल 53वां ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल है। फ्रिट्ज के खिलाफ उनका अब तक का रिकॉर्ड 11-0 का हो गया है। मैच के दौरान उन्होंने दर्शकों की ओर से शोरगुल पर नाराजगी जताई, लेकिन अपनी लय बनाए रखी। जीत के बाद जोकोविच ने अपनी बेटी तारा के आठवें जन्मदिन पर खास अंदाज में डांस किया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना स्पेन के युवा स्टार अल्काराज से होगा।

### अल्काराज ने लेहेका को सीधे सेटों में हराया

अल्काराज ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में चेक खिलाड़ी जिरी लेहेका को सीधे सेटों में मात देकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने लेहेका को 6-4, 6-2, 6-4 से हराया। इस टूर्नामेंट में उन्होंने अब तक कोई सेट नहीं गंवाया है।

# ट्राई सीरीज, अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को 18 रन से हराया

## जादरान-अटल ने 113 रन की साझेदारी की, राशिद, नूर और नबी ने लिए 2-2 विकेट

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** शारजाह में खेले गए ट्राई सीरीज टी-20 मैच में अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को 18 रन से हराया। अपने देश में हाल ही में हुई त्रासदी के बीच यह जीत अफगान खिलाड़ियों के लिए बेहद खास रही। टीम की जीत में बल्लेबाज इब्राहिम जादरान और सिदीकुल्लाह अतल की 113 रन की साझेदारी और फिर स्पिन गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी ने अहम भूमिका निभाई। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। पाकिस्तानी टीम 9 विकेट के नुकसान पर 151 रन ही बना सकी।




**जादरान और अतल के बीच 113 रन की साझेदारी** - अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी और चौथे ओवर तक अफगानिस्तान का स्कोर मात्र 18 रन था, जिसमें रहमानुल्लाह गुरबाज का विकेट भी शामिल था। इसके बाद जादरान (65 रन) और अतल (64 रन) ने मोर्चा संभाला। दोनों ने धीरे-धीरे पारी को आगे बढ़ाया। 14वें ओवर में सूफियान मुकीम के खिलाफ 20 रन बटोरकर दोनों ने अपनी साझेदारी को और मजबूत किया। यह 113 रन की साझेदारी अफगानिस्तान की टी-20 इतिहास में दूसरी विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी बन गई।

# कोहली ने लंदन में पास किया फिटनेस टेस्ट

## बीसीसीआई अधिकारियों की निगरानी में हुआ; विदेश में टेस्ट पर उठ रहे हैं सवाल

**लंदन (एजेंसी)।** विराट कोहली ने लंदन में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारियों की निगरानी में फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। कोहली ने बीसीसीआई से लंदन में फिटनेस टेस्ट देने की अनुमति मांगी थी। यह टेस्ट बीसीसीआई के फिजियोथेरेपिस्ट और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच की देखरेख में हुआ। विराट से पहले 38 साल के रोहित शर्मा ने बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट पास किया था। उन्होंने यो-यो के साथ ब्रोंको टेस्ट भी पूरा किया था।



**विराट के लंदन में फिटनेस टेस्ट देने पर सवाल** - विराट कोहली के बेंगलुरु की बजाय लंदन में फिटनेस टेस्ट देने पर सवाल उठ रहे हैं। भारतीय टीम के अन्य खिलाड़ी 29 अगस्त को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई ) बेंगलुरु में अपने फिटनेस टेस्ट के लिए मौजूद थे।

- **लंदन में परिवार संग विराट** – विराट कोहली इस समय अपने परिवार के साथ इंग्लैंड में ही रह रहे हैं और वहीं प्रैक्टिस कर रहे हैं । उन्होंने तेंदुलकर–एंडरसन ट्रॉफी से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था । इससे पहले, 2024 टी–20 विश्व कप फाइनल के बाद उन्होंने रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा के साथ टी–20 फॉर्मेट से भी संन्यास ले लिया था । वर्तमान में विराट केवल वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं । वे अक्टूबर–नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा हो सकते हैं ।
- **गिल–बुमराह भी फिटनेस टेस्ट पास कर चुके हैं** – बेंगलुरु में आयोजित प्री–सीजन फिटनेस टेस्ट में भारत के एशिया कप खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया । उप–कप्तान शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, यशस्वी जायसवाल, वॉशिंगटन सुंदर और शार्दूल ठाकुर ने भी अपने फिटनेस टेस्ट पास किए ।

# इरफान पठान बोले-मेरी बॉलिंग की स्ट्रेंथ कभी कम नहीं हुई

## मुझे पुरानी बॉल मिलने लगी थी, मेरी गेंद अब भी स्विंग होती है

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने अपनी बॉलिंग की स्ट्रेंथ पर कहा कि मेरा रोल बदल दिया गया था, मेरी बॉलिंग की स्ट्रेंथ कभी कम नहीं हुई। पठान ने एशिया कप से पहले सोनी स्पोर्ट्स के मीडिया-डे दौरान मीडिया से वर्चुअल बातचीत की। इस दौरान पठान ने अपने गेंदबाजी करियर और भूमिका को लेकर उठने वाले सवालों पर खुलकर जवाब दिया। उन्होंने दैनिक भास्कर के सवाल पर कहा, मेरी स्ट्रेंथ कभी कम नहीं हुई। मेरा रोल बदल दिया गया थी, यानी मुझे पुरानी बॉल दी जाने लगी। 2003-04 से 2006 तक मैंने नई गेंद से गेंदबाजी की। उसके बाद 2007 से मुझे लगातार नई गेंद नहीं मिलती थी। उन्होंने आगे कहा, जैसे विराट कोहली तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं, अगर उन्हें सातवें नंबर पर भेज दिया जाए तो उनकी क्षमता कम नहीं होगी, बल्कि उनकी भूमिका बदल जाएगी और उसके साथ ही आंकड़े भी बदलेंगे।

# धोनी की तरह 'कैप्टन कूल' बनना चाहती हैं पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आगामी आईसीसी वनडे विश्व कप में पाकिस्तान की कप्तानी करने जा रही फातिमा सना भारत के विश्व कप विजेता कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से प्रेरणा लेती हैं और उन्हीं की तरह 'कैप्टन कूल' बनने की ख्वाहिश भी रखती हैं। अप्रैल में हुए क्वालीफायर्स में अपराजेय रहने वाली पाकिस्तानी टीम भारत और श्रीलंका में 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले वनडे विश्व कप में अपने अभियान का आगाज दो अक्टूबर को कोलंबो में बांग्लादेश के खिलाफ करेगी।

23 वर्ष की फातिमा ने लाहौर से दिए इंटरव्यू में कहा, 'विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में कप्तानी करने पर शुरू में थोड़ा नर्वस होना लाजमी है लेकिन मैं बतौर कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से प्रेरणा लेती हूं। उन्होंने कहा, 'मैने उनके भारत के कप्तान के तौर पर और आईपीएल मैच देखे हैं। वह जिस तरह मैदान पर फैसले लेते हैं, शांत रहते हैं और अपने खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं, उससे काफी कुछ सीखने को मिलता है। जब मुझे कप्तानी मिली थी तभी मैने सोचा था कि धोनी की तरह बनना है। उनके इंटरव्यू भी देखे तो काफी कुछ सीखने को मिला।

धोनी ने 15 अगस्त 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ली जबकि फातिमा ने छह मई 2019 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। महिला वनडे विश्व कप में पाकिस्तान पांच बार (1997, 2009, 2013, 2017 और 2022 में) खेला है लेकिन 1997, 2013 और 2017 में एक भी मैच नहीं जीत सकी। पिछली बार 2022 में एकमात्र जीत हैमिल्टन में वेस्टइंडीज के खिलाफ मिली लेकिन बाकी सारे मैच हारकर टीम आखिरी स्थान पर रही थी।

पाकिस्तान के लिए 34 वनडे में 397 रन बनाने और 45 विकेट लेने वाली हरफनमौला फातिमा को यकीन है कि इस बार यह मिथक टूटेगा क्योंकि युवा खिलाड़ियों को पता है कि उनके प्रदर्शन से देश में महिला क्रिकेट का मुस्तकबिल तय होगा। उन्होंने कहा, 'इस बार यकीनन यह मिथक टूटेगा क्योंकि युवा खिलाड़ियों को पता है कि पाकिस्तान महिला क्रिकेट के लिए यह टूर्नामेंट कितना अहम है। हम अतीत के बारे में नहीं सोचेंगे। मेरा लक्ष्य टीम को सेमीफाइनल तक ले जाना है।



उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान में लड़कियां अब स्कूलों में क्रिकेट खेलने लगी है और अंतरराष्ट्रीय मैच लाइव दिखाये जा रहे हैं। आईसीसी ने भी महिला विश्व कप के लिए पुरस्कार राशि बढ़ाकर बहुत अच्छी पहल की है जिससे पाकिस्तान जैसे देश में महिला क्रिकेट को फायदा मिलेगा । लेकिन अभी भी एक बैरियर है जो हमें इस टूर्नामेंट के जरिये तोड़ना है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान में महिला क्रिकेट को उस तरह कैरियर विकल्प के रूप में नहीं देखा जाता और उतना समर्थन नहीं है लेकिन अगर हम अच्छा खेलते हैं तो काफी फर्क पड़ेगा।

गेंदबाजों खासकर स्पिनरों को वह टीम की कामयाबी की कुंजी मानती हैं लेकिन उन्होंने कहा कि बल्लेबाजी पर भी पिछले एक साल में काफी काम किया गया है। उन्होंने कहा, 'हमारे पास आला दर्जे के गेंदबाज हैं और स्पिनर हमारे ट्रंपकार्ड होंगे। हम बल्लेबाजी से ज्यादा गेंदबाजी पर निर्भर करेंगे लेकिन पिछले एक साल में बल्लेबाजी पर काफी काम किया है जिसका नतीजा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि टीम का फोकस क्वालीफायर वाली लय को कायम रखने पर होगा और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टूर्नामेंट से पहले होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला से टीम संयोजन तैयार करने में मदद मिलेगी। लाहौर में शिविर में अभ्यास कर रही पाकिस्तानी टीम ने अप्रैल में क्वालीफायर्स के बाद घरेलू मैच ही खेले हैं लेकिन कप्तान तैयारियों से संतुष्ट है। उन्होंने कहा, 'हमने घरेलू क्रिकेट में आपस में मैच खेले थे।

# साउथ अफ्रीका ने 7 विकेट से जीता लीड्स वनडे

## इंग्लैंड 131 रन पर ऑलआउट, महाराज-मुल्डर ने मिलकर 7 विकेट लिए; मार्करम की फिफ्टी

**लीड्स (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड को पहले वनडे में 7 विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। लीड्स के हेडिंग्ले स्टेडियम में पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लिश टीम 131 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। साउथ अफ्रीका ने 20.5 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

**इंग्लैंड ने 80 रन तक 2 ही विकेट गंवाए थे** – हेडिंग्ले स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। इंग्लैंड ने तीसरे ओवर में ही बेन डकेट का विकेट गंवा दिया। वे 5 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें नांद्रे बर्गर ने कैच करा दिया। नंबर-3 पर उतरे जो रूट ने फिर जैमी स्मिथ के साथ टीम को 50 के करीब पहुंचा दिया। रूट 17 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें लुंगी एनगिडी ने विकेटकीपर रायन रिकेलटन के हाथों कैच करा दिया। कप्तान हैरी ब्रूक ने फिर स्मिथ के साथ टीम को 100 के करीब पहुंचा दिया। टीम ने 80 रन तक 2 ही विकेट गंवाए थे, लेकिन फिर ब्रूक 12 रन बनाकर रन आउट हो गए।



**जैमी स्मिथ के आउट होते ही बिखरी इंग्लिश टीम** – ओपनर स्मिथ ने फिफ्टी लगाई और जोस बटलर के साथ मिलकर टीम को 100 रन के पार पहुंचा दिया। स्मिथ 54 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें वियान मुल्डर ने कैच कराया। स्मिथ के आउट होते ही इंग्लिश टीम बिखर गई। 101 रन के स्कोर पर इंग्लैंड ने 3 ही विकेट गंवाए थे। यहां से टीम ने 30 रन बनाने में आखिरी 7 विकेट गंवा दिए। विकेटकीपर जोस बटलर ने 15 रन बनाए, उनके बाद बाकी 6 बैटर्स 10 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सके। इंग्लिश टीम 24.3 ओवर ही बैटिंग कर सकी।

**महाराज ने 4 विकेट लिए** – साउथ अफ्रीका के लिए लेफ्ट आर्म स्पिनर केशव महाराज ने 22 रन देकर 4 विकेट लिए। यह इंग्लैंड के खिलाफ साउथ अफ्रीका के किसी स्पिनर का बेस्ट वनडे बॉलिंग फिगर है। मीडियम पेसर वियान मुल्डर ने 33 रन देकर 3 विकेट लिए। लेफ्ट आर्म पेसर नांद्रे बर्गर और राइट आर्म पेसर लुंगी एनगिडी को 1-1 विकेट मिला। कॉर्बिन बॉश कोई विकेट नहीं ले सके। एक बैटर रन आउट भी हुआ।

**साउथ अफ्रीका की मजबूत शुरुआत** – 132 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका टीम की शुरुआत मजबूत रही। टीम ने इंग्लैंड से डेब्यू कर रहे सोनी बेकर के खिलाफ शुरुआती 3 ओवर में 44 रन बटोर लिए। हालांकि, दूसरे एंड पर जोफ्रा आर्चर ने जरूर किफायती बॉलिंग की, उन्होंने अपने 5 ओवर में महज 8 रन खर्च किए। ऐडन मार्करम ने अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। पहले पावरप्ले में साउथ अफ्रीका ने 67 रन बनाए।

# रोहित और विराट के 2027 विश्व कप में खेलने पर बोले आकाश चोपड़ा, यह भी बहुत दूर की बात है

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** विराट कोहली और रोहित शर्मा के 2027 विश्व कप को लेकर बहुत सी अटकलें लगाई जा रही हैं जिसमें उनका टीम में ना होना भी शामिल। लेकिन इन सवालिया निशानों के बीच पूर्व क्रिकेटर और मौजूदा कमेंटेटर आकाश चोपड़ा को लगता है कि दोनों के पास एक और बार खेलने के लिए कौशल और फिटनेस दोनों हैं। चोपड़ा ने कहा, दोनों विश्व कप तक खेल सकते हैं। चूंकि 2027 विश्व कप दक्षिण अफ्रीका में है, इसलिए अनुभव और कौशल की आवश्यकता होगी। फिर से, यह भी बहुत दूर की बात है, लेकिन दोनों के पास 2027 विश्व कप तक खेलने की वास्तविक संभावनाएं हैं। हालांकि, वे कम क्रिकेट खेल रहे हैं, और मुझे यह पसंद नहीं है। टेस्ट और



टी20 मैच न खेलने का मतलब है कि विराट और रोहित अब बहुत कम खेलेंगे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि उन्हें ज्यादा क्रिकेट खेलना चाहिए था। अगर वे टेस्ट खेलते रहते, तो वे काफी क्रिकेट खेलते। मुझे नहीं पता कि उन्होंने टेस्ट क्यों छोड़ दिया और वनडे क्यों खेल रहे हैं, और टी20 भी क्यों छोड़ दिया।

# किसी भी मरीज की मृत्यु होने के लिए डॉक्टर जिम्मेवार नहीं : आइएमए

## डॉक्टर पर आरोप लगाना उचित नहीं : डॉ राजीव | आइएमए ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वस्तुस्थिति से कराया अवगत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की औरंगाबाद शाखा के पदाधिकारियों ने कहा है कि किसी चिकित्सक के क्लिनिक अथवा अस्पताल में किसी इलाजरत मरीज की मृत्यु हो जाने पर संबंधित डॉक्टर या अस्पताल प्रबंधन को दोषी और जिम्मेवार ठहरना उचित नहीं है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आज यहां आइएमए हॉल में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में कहा कि किसी भी डॉक्टर के क्लिनिक अथवा अस्पताल में किसी मरीज की मृत्यु हो जाने पर लोगों द्वारा अराजक स्थिति पैदा करना पूरी तरह गलत है और ऐसी स्थिति में डॉक्टरों के लिए मरीजों की चिकित्सा सेवा सुलभ कराने में बाधक होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी मरीज के निधन हो जाने से परिजनों के साथ-साथ डॉक्टर एवं उनकी मेडिकल टीम को दुख होता है। पत्रकार सम्मेलन में सचिव डॉ राजीव कुमार ने कहा कि कोई भी डॉक्टर किसी भी परिस्थिति में नहीं चाहता है कि उसके मरीज की मौत हो। ऐसे में किसी भी डॉक्टर के अस्पताल में कोई घटना हो जाए तो केवल डॉक्टर पर आरोप नहीं लगाना चाहिए। कमियों को उजागर करें लेकिन एकतरफा कार्य न करें। परिजन के साथ-साथ डॉक्टर का भी पक्ष जरूर रखें। श्री कुमार ने कहा कि आइएमए अब एक्टिव हो गया है और आगामी समय में आइएमए हॉल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे जिसका लाभ लोगों को मिलेगा। सिविल सर्जन डॉ लालसा सिन्हा के पति डॉ विकास कुमार सिन्हा ने कहा कि 31 अगस्त को मेरे अस्पताल में जो घटना हुई उसमें डॉक्टर की कोई गलती नहीं थी। जब गर्भवती महिला मरीज अस्पताल में आई उस समय उसका पानी गिर चुका था। इसके बाद उसका ऑपरेशन से डिलीवरी कराने की तैयारी शुरू हुई। इसके लिए बॉन्ड भी भरा गया था जिसमें लिखा रहता है कि कोई घटना होने पर परिजन स्वयं जिम्मेवार होते हैं। इसके बाद ऑपरेशन के दौरान महिला का ऑक्सीजन लेवल घटना शुरू हुआ जो वापस नहीं आया। फिर परिजन को समझा कर रेफर किया गया लेकिन उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन द्वारा गाली-गलौज, तोड़ फोड़ किया गया। फिर किसी तरफ से मामले को शांत कराया गया। मौके पर अध्यक्ष डॉ आरएस गुप्ता, डॉ बी किशोर, डॉ अनिल सिन्हा, डॉ रवि रंजन, डॉ शोभा रानी, डॉ शशि कुमारी, डॉ प्रभात मिश्रा, डॉ उमेश कुमार सिंह, डॉ पीयूष रंजन, डॉ मृत्युंजय कुमार, डॉ कविता सहगल, डॉ चांदनी सिंह, डॉ ऋत्विक सिंह, डॉ पुष्पेंद्र कुमार, डॉ धनंजय कुमार, डॉ अमित कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# सजा के बाद गांजा विक्रेता पर लगाया जुर्माना

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के जिला जज प्रथम सह एनडीपीएस कोर्ट ने नगर थाना में दर्ज एक कांड में विचारण पर सुनवाई करते गांजा विक्रेता को सज़ा सुनाई है। स्पेशल पीपी परवेज अख्तर ने बताया कि विचारण के दौरान अभियुक्त मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खान कपसिया निवासी पिंटू कुमार ने अपना दोष स्वीकार किया है जिस पर विचार करते हुए न्यायाधीश ने अभियुक्त द्वारा 20 दिन कारा में बिताए अवधि को सज़ा में समाहित करते हुए पांच हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी 06.11.21 को प्रशिक्षु एसआई मनेश कुमार ने दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि सूचना के आधार पर 180 ग्राम गांजा के 45 पुड़िया के साथ अभियुक्त को सिन्हा कॉलेज मोड़ अवस्थित बीज भंडार से गिरफ्तार किया गया था।

# सुरक्षा कर्मियों के लिए आवासन स्थलों का किया भौतिक सत्यापन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने की दिशा में जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने तैयारियां तेज कर दी है। इसी कड़ी में बुधवार को खुदवां थानाध्यक्ष सुशील कुमार के नेतृत्व में पुलिस बलों के ठहराव के लिए चिन्हित स्थलों का भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान थाना क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय मेघपुर, राजकीयकृत सूर्यदेव इंटर विद्यालय, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय ग़ैनी सहित अवसान स्थलों का निरीक्षण किया। साथ ही मतदान केन्द्रों पर भवन, बिजली, पानी, रैंप, शौचालय, साफ सफाई का निरीक्षण किया। इसके साथ ही सीएपीएफ के आवासन की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर आवासन स्थलों का निरीक्षण किया गया।

# इंद्रपुरी बराज के समीप लगेगा सोलर प्लांट

- **500 एकड़ में सोलर प्लांट लगने से बिजली आपूर्ति में होगी सुधार**
- **सोलर प्लांट से 100 मेगावाट बिजली का होगा उत्पादन**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के बारून एवं रोहतास जिले के डिहरी प्रखंड की सीमा पर स्थित इंद्रपुरी बराज के समीप सोन नदी के किनारे करीब 500 एकड़ में सोलर प्लांट लगाया जाएगा। इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है। सोलर प्लांट लगाने के लिए जमीन भी चयनित कर ली गई है। अधिकारियों द्वारा कई बार जमीन का निरीक्षण भी किया जा चुका है। बता दें कि परियोजना के कार्यान्वयन से जिले के ऊर्ज़ा क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। यह सरकार का ड्रीम प्रोजक्ट है जिसके कारण डीएम इस कार्य में सक्रियता से जुटे हुए हैं। बता दें कि सोलर प्लांट से 100 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जाएगा। इससे स्थानीय क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति में काफी सुधार होगा। परियोजना ऊर्ज़ा की आवश्यकता को पूरा करने में सहायक होगी। इसके साथ ही औरंगाबाद में स्थायी रोजगार के मौका भी मिलेगा। परियोजना सिर्फ ऊर्ज़ा उत्पादन में सहायक होगी परंतु जिले के आर्थिक और औद्योगि विकास में भी काफी योगदान देगी। सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना से स्थानीय किसानों और युवाओं को रोजगार मिलेगा और पर्यावरण के अनुकूल ऊर्ज़ा का स्त्रोत सुनिश्चित होगा। जिला प्रशासन ने परियोजना के शीघ्र आरंभ होने उम्मीद जताई है। यह औरंगाबाद के लिए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। परियोजना लगाने के लिए चिंहित की गई जमीन सोलर पावर प्लांट के लिए अनुकूल है जहां सूर्य का प्रकाश अधिक मिलती है। बता दें कि परियोजना चालू होने से बारुन प्रखंड के साथ आसपास के क्षेत्रों में बिजली की कमी को कम करने में मदद मिलेगी और ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बेहतर कदम साबित होगी।

# करंट की चपेट में आने से शिक्षक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देव थाना क्षेत्र के कुम्हार बिगहा गांव में करंट की चपेट में आकर एक शिक्षक की मौत हो गई। मृतक की पहचान उक्त गांव निवासी 45 वर्षीय दिलीप पासवान के रूप में की गई है। बता दें के दिलीप देव प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय कुशहा में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। विद्यालय से घर लौटने के बाद बिजली बोर्ड में प्लग लगा रहे थे। इसी क्रम में करंट के झटका से घायल हो गए। स्वजनों ने जब उसे करंट लगते देखा तो कनेक्शन काटकर करंट से छुड़ाया और इलाज के लिए देव सीएचसी लाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना देव थाना पुलिस को दी गई। शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया। बता दें कि दिलीप अपने बेटी की शादी की तैयारी में लगे थे। अपने रिश्तेदारों व ग्रामीणों से बेटी की शादी के लिए बातचीत कर रहे थे। दिलीप अपने परिवार के कमाने वाला इकलौता सदस्य थे। उनके मौत के बाद परिवार के समक्ष समस्या उत्पन्न हो गई है। अपर थानाध्यक्ष नीतू कुमारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा स्वजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है।

# सड़क हादसे में दो की मौत, तीन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के सद्दीपुर गांव के समीप एनएच- 139 पर अज्ञात ट्रक की टक्कर से ऑटो चालक और एक अन्य सवार की मौत हो गई जबकि तीन अन्य व्यक्ति जख्मी हो गये। घायलों को गंभीर स्थित में बीएचयू वाराणसी रेफर कर दिया गया है। मृतचालक जम्होर थाना क्षेत्र के कुशडीह गांव निवासी जयकिशोर यादव के 33 वर्षीय पुत्र नागेन्द्र यादव एवं सवार वाशिफ शाउकत अली नगर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वहीं फिलहाल जख्मी व्यक्तियों की पहचान नहीं हुई है, लेकिन सभी औरंगाबाद के ही रहने वाले बातसये जाते है। जानकारी के मुताबिक ट्रक की टक्कर से जख्मी ऑटो सवार सभी व्यक्तियों को सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज़ के दौरान ऑटो चालक की मौत सदर अस्पताल में हो गई। वहीं अन्य जख्मी व्यक्तियों को गंभीर अवस्था में वाराणसी के लिए रेफर किया गया था। रास्ते में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं तीन अन्य व्यक्तियों को इलाज के लिए वाराणसी में भर्ती करवाया गया है। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। परिजनों ने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से एक ऑटो चालक और सवार की मौत हुई है जबकि तीन अन्य का इलाज बीएचयू वाराणसी में चल रहा है। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# मरीज की मौत के बाद हंगामा ब्लड बैंक कर्मी के साथ मारपीट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर अस्पताल में मंगलवार की रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब इलाज के दौरान एक मरीज की मौत हो गई। इसके बाद परिजन भड़क उठे और ब्लड बैंक कर्मियों पर ब्लड नहीं देने का आरोप लगाते हुए मारपीट शुरू कर दी। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बिजौली बसडीहा गांव निवासी 35 वर्षीय रामकरण पासवान के रूप में हुई है। गुस्साए परिजनों ने ड्यूटी पर तैनात कर्मी रवि मिश्रा की जमकर पिटाई कर दी। आक्रोशित परिजनों के डर से ब्लड बैंक कर्मी वहां से भाग खड़े हुए। सूचना मिलते ही सदर अस्पताल में तैनात सुरक्षाकर्मी, नगर थाना के एसआई गोपाल कुमार, सुनील कुमार, मो. अख्तर, सहायक अवर निरीक्षक के बी यादव और अन्य कर्मी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। हालांकि, काफी देर तक अस्पताल हंगामे का गवाह बना रहा। घटना के बाद ब्लड बैंक कर्मियों ने आरोपितों पर कार्रवाई की मांग करते हुए काम बंद कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर रेड क्रॉस के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह और सचिव दीपक कुमार अस्पताल पहुंचे और पुलिस प्रशासन से दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की। लैब टेक्नीशियन अमित कुमार सिंह ने बताया कि मरीज के परिजन सोमवार को ब्लड बैंक पहुंचे थे लेकिन डोनर अनफिट पाया गया। उनसे दूसरा डोनर लाने के लिए कहा गया, मगर वे नहीं आए। रात में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने ब्लड बैंक कर्मी की पिटाई कर दी।

# कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर एनडीए की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अंबा (औरंगाबाद)।** आगामी सात सितंबर को कुटुंबा विधानसभा में प्रस्तावित एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए एनडीए घटक दलों ने बुधवार को अंबा के एक निजी होटल में बैठक की। बैठक में भाजपा के कार्यक्रम प्रभारी जीतू तिवारी, जिला अध्यक्ष विजेंद्र सिंह चंद्रवंशी, जिला महामंत्री सतीश कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष रेखा पासवान, पूर्व विधायक ललन भुइयां मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान सम्मेलन की तैयारी, संगठनात्मक जिम्मेदारियों और कार्यकर्ताओं की भागीदारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम प्रभारी जीतू तिवारी ने सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन हमारे संगठन के शक्ति को प्रदर्शित करेगा इसलिए हम सभी कार्यकर्ताओं का फर्ज बनता है कि घर-घर जाकर लोगों को डबल इंजन की सरकार द्वारा किए गए विकासात्मक कार्यों के बारे में बताएं और पुनः बिहार में एनडीए गठबंधन की सरकार बनाने के लिए सम्मेलन में जनमत दिखाएं। बैठक में भाजपा के कुटुंबा पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार, आरएमएल प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र मेहता, भाजपा कुटुंबा विधानसभा प्रभारी अशोक पांडेय, भाजपा माली मंडल अध्यक्ष राज नारायण सिंह आदि लोग शामिल थे।

# हत्या का प्रयास सहित अन्य मामलों में 37 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में अलग-अलग मामलों में 37 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 14, शराब के शीर्ष कांडों में 3 एवं अन्य शीर्ष कांड में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 717 वाहनों की जांच की गई जिसमें 44500 रूपये का जुर्माना वसूला गया है। एक वारंट का निष्पादन किया गया है जबकि एक ट्रैक्टर एवं 100 सीएफटी बालू जब्त किया गया है। विदित हो कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक की माने तो इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी एक चेतावनी है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सूचनाओं के आदान-प्रदान में पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है।

# नाबालिग को भगा ले जाने में दोषी को सश्रम कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के विशेष पोक्सो न्यायालय ने एक अभियुक्त को पांच साल कारावास की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक शिवलाल मेहता ने बताया कि देव थाना कांड संख्या 198/23, जी.आर. 140/23 में सुनवाई के दौरान न्यायालय ने विश्रामपुर, इमामगंज, गया निवासी अभियुक्त मो. जुनैद आलम को दोषी पाया। न्यायालय ने भादंवि की धारा 366 में पांच साल कारावास और दस हजार रुपये जुर्माना लगाया। जुर्माना नहीं देने पर अभियुक्त को तीन माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इसके अलावा पोक्सो अधिनियम की धारा 12 में तीन साल कारावास और दस हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। इसमें भी जुर्माना अदा न करने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया गया। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष से सात गवाह प्रस्तुत किए गए। अभियुक्त पर आरोपपत्र 3 नवम्बर 2023 को दाखिल हुआ था और 8 दिसम्बर 2023 को न्यायालय ने संज्ञान लिया था। 2 सितम्बर 2025 को अभियुक्त को दोषी करार दिया गया। प्राथमिकी सूचक, पीड़िता के पिता ने 10 अगस्त 2023 को दर्ज कराई थी। 8 अगस्त 2023 को पीड़िता सिन्हा कॉलेज औरंगाबाद में कक्षा करने बस से गई, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। खोजबीन के दौरान जानकारी मिली कि अभियुक्त उसे लेकर गया है। इसके बाद पुलिस ने 12 अगस्त 2023 को अभियुक्त के घर छापेमारी की, जिसमें अभियुक्त के साथ पीड़िता बरामद हुई। अगले दिन 13 अगस्त 2023 को अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


# जनता दरबार लगा एसपी ने सुनी आमजनों की फरियाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर आम जनता से संबंधित मामलों में पुलिसिंग कार्यों का सख्ती के साथ निष्पादन किया जा रहा है ताकि कांडों का समय से निष्पादन किया जा सके। इसके साथ ही औरंगाबाद पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर फरियादियों की विभिन्न वादों का जांच पड़ताल कर निष्पादन के दिशा में पहल की जा रही है ताकि समय से उन्हें न्याय मिल सके और दोषियों पर कार्रवाई हो सके। इसी क्रम में बुधवार को पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाया जिसमें विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे और एक-एक कर अपनी मामले से संबंधित आवेदन देकर फरियाद की व्यथा एसपी को सुनाया जिसको गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न वादों की जांच करते हुए उनकी फरियाद सुनी और कई फरियादियों की कागजात दुरुस्त रहने एवं मामला सत्य पाए जाने पर ऑन द स्पोर्ट निस्तारण किया। साथ ही अन्य मामलों की सुनवाई एवं जांच के लिए संबंधित थानाध्यक्ष व केस के अनुसंधानकर्ता को निर्देश देते हुए जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों से कहा कि पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर है । अपनी समस्याओं को बेहिचक बताएं। पुलिस का काम सिर्फ कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं को सुलझाना भी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी मामलों में निष्पक्ष जांच होगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पशुपालकों के घर पर जाकर किया जा रहा मवेशियों का उपचार : डा. श्याम किशोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारिश के दिनों में मवेशियों में लंपी और चर्म रोग की समस्या इन दिनों काफी बढ़ रही है। छुआछुत की बीमारी एलएसडी से अबतक सैंकड़ों मवेशी प्रभावित चुके हैं। उमस भरी गर्मी और वर्षा के कारण विषाणु जनित लंपी रोग तेजी से फैल रहा है जिससे पशुपालक चिंतित हैं। पशुपालकों को यह समझ में नहीं आ रहा है कि अपने मवेशियों को संक्रमण से कैसे बचाएं। एलएसडी के फैसले की आशंका से अन्य पशुपालक भी भयभीत हैं। वातावरण के प्रतिकुल प्रभाव के कारण गाय, बछड़ा नस्ल के मवेशी में लंपी तेजी से फैल रहा है। पशु चिकित्सकों के अनुसार लंपी बीमारी के लक्षणों में बुखार, खाने में अरुचि, शरीर पर चमड़े के नीचे छोटे-बड़े गुठली जैसे उभार, जबड़े के पीछे ग्रंधि का बड़ा होना, सर्दी जुकाम और पैरों में सूजन शामिल हैं। बताया कि जिस प्रकार कोरोना से बचाव के लिए सामाजिक दूरी बनाए रखी गई थी उसी तरह लंपी से बचाव के लिए भी दूरी बनाए रखना आवश्यक है। जिला पशुपालन पदाधिकारी डा. श्याम किशोर ने बताया कि लंपी बीमारी से बचाव के लिए पशुपालन विभाग के चिकित्सक और कर्मी पूरी तरह से सतर्क हैं। बताया कि प्रखंडों में मोबाइल वेटेनरी यूनिट द्बारा एलएसडी से प्रभावित मवेशी का उपचार किया जा रहा है। पशुपालकों के बीच पंपलेट वितरण कर घरेलू और सिस्टमेटिक दवा के बारे में जानकारी दी जा रही है। बताया कि प्रभावित मवेशी का तत्काल उपचार किया जा रहा है। पशुपालक टोल फ्री नंबर 1962 पर डायल करें तो तुरंत मोबाइल पशु चिकित्सक उनके घर पहुंच जाएंगे। बताया कि प्रभावित मवेशी के खून चूसने वाली परजीवी अन्य पशुओं की संक्रमित कर सकते हैं। बीमार पशु का जूठा चारा, पानी और लार के संपर्क में आने से स्वस्थ पशु भी बीमार हो सकते हैं।

## पशुपालकों को किया जा रहा जागरूक

पशुपालन विभाग पशुपालकों को राहत देने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। संक्रमण से बचाव और उपचार के लिए मोबाइल यूनिट वेटेनरी टीम गठित की गई है। टीम में सदर प्रखंड के लिए डा. संजय कुमार और डा. दिवाकर कुमार शामिल हैं। इसी तरह ओबरा में डा. कृष्णा कुमार और डा. सुशील कुमार, दाउदनगर में डा. अखिलेश कुमार और रविशंकर, हसपुरा में डा. मोइन अंसारी और डा. आशुतोष कुमार, गोह में डा. नवल किशोर सिंह और डा. अरविंद कुमार, रफीगंज में डा. मुके श गौरव और डा. अविनाश कुमार, मदनपुर में डा. संजीव कुमार, देव में डा. रविंद्र प्रसाद और डा. दिलीप कुमार, कुटुंबा में डा. कुमुद और डा. अविनाश कुमार, नबीनगर में डा. अनिल कुमार और डा. सुशील कुमार ठाकुर, बारुण में डा. कुश कुमार की टीम गठित की गई है। ये सभी पशु चिकित्सक घर पर जाकर मवेशियों का उपचार करेंगे।

CMYK